लखनऊ, बृहस्पतिवार
19 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 207 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net



आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में सनराइजर्स की अगुआई करेंगे इशान किशन

सरकार के नौ साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री का संबोधन

# राज्य में अब बेहतर हुआ है निवेश का वातावरण : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में

- प्रदेश के पास मंशा और नीति दोनों, तेजी से बढ़े उद्योग
- यहां है सुशासन और बेहतर सुरक्षा, भय का माहौल खत्म
- यूपी में हैं असीम संभावनाएं : सीएम

भाजपासरकार के नौ वर्ष की अवधि को नवनिर्माण का शासनकाल बताया है और कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की पहचान बदलने का काम किया है और अब राज्य विकास की नई गाथा लिख रहा है। योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की सीमाओं पर बनाए गए नौ स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया और नवनिर्माण के नौ वर्ष पुस्तक का विमोचन भी किया। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के आज 9 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की जनता को बधाई दी और कहा कि यूपी असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है लेकिन यह किन कारणों से पिछड़ा और मोहताज बना रहा, ये आज सबके सामने है। सीएम योगी ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि 9 साल में यूपी की विकास यात्रा तय की है प्रदेश में पहचान का संकट था हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में इस संकट को दूर करने का लक्ष्य प्राप्त किया। साल 2017 के पहले यूपी की आधी आबादी पलायन के लिए मजबूर थी हमने प्रदेश में क़ानून व्यवस्था स्थापित किया। यही कारण है कि अब प्रदेश पूरी क्षमता के साथ विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह सेवाभाव और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था और नौकरियों में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को पुलिस भर्ती के माध्यम से रोजगार दिया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स से उत्तर प्रदेश देश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। 2017 से पहले जहां सीमित उद्योग थे, वहीं अब 30 हजार से अधिक बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं।

### शांति और उल्लास से मनाएं सभी पर्व

उन्होंने आगे कहा कि नवरात्री और रमजान का पर्व एक साथ चल रहा है, अलविदा की नमाज और ईद भी आने वाले है लेकिन यूपी में किसी भी प्रकार की कोई अशांति नहीं है। उन्होंने सभी पर्व को शांति और उल्लास से मनाये जाने की बात कही। सीएम ने कहा -सभी पर्व शालीनता से मनाए जा रहे हैं, न कोई भय है, न तनाव, न दंगे का डर और न ही कर्फ्यू का खतरा. यही सुशासन और बेहतर सुरक्षा का प्रमाण है।

### प्रदेश में अब भय का वातावरण खत्म

कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और नवरात्र तथा रमजान जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौ शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है।

### माँ शैलपुत्री



हिंदू धर्म में नवरात्रि को साधना और भक्ति के लिए काफी पवित्र माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ चैत्र नवरात्रि आरंभ हो रही है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार मां शैलपुत्री को हिमालय की पुत्री हैं, जो हिमालय पर्वतों का राजा हैं।

### रमज़ान मुबारक

**इफ्तार बृहस्पतिवार**
सुन्नी : 6:19 P.M.
शिया : 6:28 P.M.

**सहरी बृहस्पतिवार**
सुन्नी : 4:48 P.M.
शिया : 4:42 P.M.

## दिल्ली : इमारत में भीषण आग, नौ की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत

- मृतकों में तीन बच्चे भी

में भीषण आग लग गई। आग की इस घटना में से नौ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि तीन अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से दो ने आग से बचने के लिए राम चौक मार्केट, पलम मेट्रो स्टेशन के पास इमारत से कूदने का प्रयास किया। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन बच्चे मिल हैं। सचिन (29),



अनिल (32) और एक दो वर्षीय लड़की इलाज चल रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कॉस्मेटिक शॉप थी। घर के अंदर ही शोरूम बनाया हुआ था। स्थानीय लोगों का दावा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। जब आग लगी, तो घर में रहने वाले सब सो रहे थे। मौके से मिली वीडियो फुटेज में इमारत से धुएं के मोटे बादल उठते और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं, जबकि दमकलकर्मी संकरी गलियों और धुएं से भरे इंटीरियर्स में प्रवेश कर लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि आग को काबू में कर लिया गया है। क्षेत्र को घेर लिया गया है और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। आग के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है, और जांच जारी है। दिल्ली पुलिस के पालम थाने के पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दीवार तोड़ने की भी कोशिश की ताकि दीवार तोड़कर लोगों को बचाया जा सके।

### बहुत तेजी से फैली आग

आग लगने की इस घटना की शुरुआत सुबह हुई, जब ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगी। आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। आग तेजी से फैली और इमारत के अंदर धुएं का गुबार छा गया। इस कारण अंदर रह रहे लोग बाहर नहीं निकल पाए और मदद के लिए पुकारने लगे।

## इंदौर : ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, आठ मरे

**इंदौर।** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल

- डिजिलटल लॉक न खुलने से लोग बाहर नहीं निकल सके

रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए घर तक पहुंच गई और अंदर रखे गैस सिलिंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक तौर पर यह भी माना जा रहा है कि आग के कारण घर में रखे गैस सिलिंडरों में विस्फोट हुआ,



जिससे हादसा और भी भयावह हो गया। जिस मकान में आग लगी वह पुगलिया परिवार का है। इस परिवार में एक कार्यक्रम था। इसकी वजह से कई रिश्तेदार घर पर रूके हुए थे। इसी कारण जनहानि ज्यादा हुई। अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

### आग से फटने लगे सिलिंडर

आग लगने के बाद घर में रखे सिलिंडरों में धमाके शुरू हो गए। पुलिस के अनुसार एक के बाद एक चार सिलेंडर फटे, जिससे मकान का एक हिस्सा ढह गया। जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद हो जाने से ये लॉक नहीं खुल सके, जिससे अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने में काफी दिक्कत हुई। दरवाजे तोड़कर रेस्क्यू करना पड़ा।

## फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त चार्ज खत्म

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए आदेश के मुताबिक

- घरेलू उड़ानों में एक ही पीएनआर वाले यात्रियों को एक साथ सीट देनी होंगी


एयरलाइंस को हर फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के देनी होंगी। ये निर्देश घरेलू फ्लाइट्स पर लागू होंगे। इसके अलावा एक ही पीएनआर (बुकिंग रेफरेंस) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को एक साथ बिठाया जाएगा, बेहतर होगा कि उन्हें आस-पास की सीटों पर बिठाया जाए। मौजूदा नियमों में यात्रियों के लिए 20 प्रतिशत सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। ये कदम इसलिए उठाए गए हैं क्योंकि एयरलाइंस सीट चुनने समेत कई सर्विसेस के लिए बहुता ज्यादा शुल्क वसूल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी एयरलाइंस सीटें चुनने पर 500 से 1200 रुपए एक्स्ट्रा चार्ज करती हैं।

## राजनीति में कभी 'फुल स्टॉप' नहीं लगता : मोदी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा से आज कई सदस्य रिटायर हो रहे हैं। खाली होने वाली इन सीटों पर कई सदस्य

- राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर पीएम बोले- नए सांसदों को सीखना चाहिए

निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। आज राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के



संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। साथ ही विदाई सत्र में पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सदन के अंदर अनेक विषयों पर चर्चाएं होती हैं, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लेकिन, जब ऐसा अवसर आता है, तो स्वाभाविक रूप से पार्टी की भावना से ऊपर उठकर हम सबके भीतर एक जैसा भाव प्रकट होता है कि हमारे ये साथी अब किसी और विशेष काम के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो नेता अब वापस सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा।

## डिजिटल व बड़े बाजारों पर निगरानी बढ़ाए सीसीआई

**नई दिल्ली।** संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति ने कहा कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को ऐसे क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ानी चाहिए जहां दो या कुछ ही कंपनियों का दबदबा है।

- संसदीय समिति ने की सिफारिश

समिति ने कहा ऐसे क्षेत्रों में कंपनियों के पास जरूरत से ज्यादा बाजार शक्ति हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ सकता है। लोकसभा में पेश रिपोर्ट में समिति ने कहा कि सीसीआई को नियमित बाजार अध्ययन, प्रतिस्पर्धा जोखिम आकलन और क्षेत्र-विशेष हस्तक्षेप के जरिए डिजिटल और पारंपरिक दोनों तरह के बाजारों पर नजर रखनी चाहिए। कुछ क्षेत्रों जैसे विमानन उद्योग में दो कंपनियों का वर्चस्व होने की चिंता भी जताई गई है। समिति ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से डिजिटल प्रतियोगिता विधेयक को जल्द लाने और इसके लिए तय समय-सीमा तय करने की भी सिफारिश की है। यह विधघेयक बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए जरूरी माना जा रहा है। रिपोर्ट में सीसीआई में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया।

## भारत ने ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एजेंसीके मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया। दूतावास ने मेडिकल सप्लाई सौंपने का वीडियो भी शेयर किया। दूसरी ओर इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब को एयरस्ट्राइक में मार गिराया है।

## असम कांग्रेस के प्रद्युत बोरदोलोई बीजेपी में शामिल

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बुधवार को बीजेपी जॉइन कर ली। उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। वे असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मुझे घुटन महसूस हो रही थी। मेरा अपमान किया जा रहा था। बीजेपी आज कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी 126 विधानसभा सीटों में से 89 पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 37 में से असम गण परिषद (एजीपी) 26 सीटों पर, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## गुजरात विधानसभा परिसर में बम की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल को गुजराती हिंदू चरमपंथी बताया गया है। ईमेल में अहमदाबाद के तीन स्कूलों में ब्लास्ट की धमकी दी गई है।

## कम उम्र में जांच और समय पर इलाज से घटेगा दिल का खतरा

**नई दिल्ली/ वॉशिंगटन।** हृदय रोगों को होने से पहले ही रोका जा सकता है, बशर्ते कम उम्र से जांच, सही जीवनशैली, उन्नत परीक्षण और समय पर दवा का इस्तेमाल किया जाए। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) और अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (एसीसी) ने नए कोलेस्ट्रॉल (डिस्लिपिडेमिया) दिशानिर्देश-2026 में दिल की बीमारियों की रोकथाम के तरीके में बड़े बदलाव किए हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रकाशित इस अपडेट में साफ कहा गया है कि अब केवल 10 साल के जोखिम की बजाय पूरे जीवनकाल के खतरे को ध्यान में रखकर इलाज और रोकथाम की रणनीति तय की जानी चाहिए। नए दिशानिर्देश इस बात पर बल देते हैं कि लगभग 80 फीसदी हृदय रोगों को रोका जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि व्यक्ति कम उम्र से ही अपने

- बहुत अहम हैं नए कोलेस्ट्रॉल दिशानिर्देश

कोलेस्ट्रॉल स्तर को नियंत्रित रखता है, तो भविष्य में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। यही कारण है कि अब इलाज की शुरुआत बीमारी के लक्षण आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले ही करने की सलाह दी गई है। पहले जहां जोखिम आकलन के लिए पुराने समीकरणों का उपयोग किया जाता था, वहीं अब एथेरोस्क्लेरोटिक हृदय रोग (एएससीवीडी) प्रिवेंशन टूल को अपनाया गया है। यह नया टूल 10 साल के साथ-साथ 30 साल का जोखिम भी बताता है और व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अधिक सटीक आकलन करता है।

**चार श्रेणियों में बांटा जोखिम**

जोखिम को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जिससे डॉक्टर यह तय कर सकते हैं कि मरीज को दवा की जरूरत है या नहीं। नई गाइडलाइन में यह स्पष्ट किया गया है कि केवल एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। लिपोप्रोटीन (ए) यानी एलपी (ए) की जांच जीवन में कम से कम एक बार कराने की सलाह दी गई है, क्योंकि यह मुख्यतः आनुवंशिक होता है और उच्च स्तर पर जोखिम बढ़ाता है।

श्रीनगर से रिपोर्ट

फुलप्रूफ सुरक्षा इंतजामों में श्रीनगर बनेगा स्मार्ट सिटी

## कश्मीर : अब सुरक्षा के साथ विकास की भी राह

विष्णु मोहन

**स्वतंत्र भारत।** कश्मीर के हालात को संभालना ख़ासा मुश्किल है। वह भी तब जबकि विकास के कार्यों को भी बराबर से जारी रखना हो। धारा


- हालात सामान्य होने के साथ सुशासन की धमक बढ़ी
- धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा एहतियात और कड़े किए गए

370 के हटने के बाद से कश्मीर में ऊपरी तौर पर तो भले ही सब सही लगता हो लेकिन अंदर अंदर सब सही दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार भी इसे भली भांति समझ रही है। इससे निपटने के लिए हर कदम उठाने की कोशिश है। शहरों में हालात सामान्य बनाए रखने के साथ ही सुशासन बनाए रखना खासा चुनौती भरा काम है। श्रीनगर की ही बात करें तो यहां हर दर्शनीय व धार्मिक स्थल, सड़क, हर चौराहे, बाजार या भीड़ वाली जगहों पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। शहर से बाहर जाने वाली सभी सडकों पर सुरक्षा कर्मी दिख जाएंगे। सुरक्षा इंतजाम का यह नजारा पूरे कश्मीर में देखने को मिलेगा। चाहे वह गुलमर्ग हो या सोनमर्ग, बेताब वैली हो या कोई झील हो, सभी जगहें सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी पैरा मिलिटरी बल संभाल रहे हैं। ख़ास बात यह है की यह सुरक्षा बल आम जन या टूरिस्ट सभी के साथ बहुत सौहार्द्रपूर्ण तरीके से व्यवहार करते हैं। ताकि किसी तरह की असहज स्थिति न उत्पन्न हो।

अगर कोई शहर से एयरपोर्ट जा रहा है तो उसे हवाई अड्डे में तो सुरक्षा जांच करानी ही होगी, हवाई अड्डे से पहले उसे सैनिक बलों की जांच से भी गुजरना होता है। कारण यह कि किसी तरह की चूक की संभावना न रहे। यह कहना गलत नहीं होगा कि हालात सामान्य बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल हर कदम उठा रहे हैं। स्थिति यह है कि किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए शहरों में जगह जगह स्थापित सुरक्षा बलों की अस्थायी चौकियों को बाहर कंटीले तारों से घेर कर रखा जाता है। यही स्थिति धार्मिक स्थलों पर किये जाने वाले इंतजाम की भी है। इसकी वजह यह है कि रात के अंधेरे में असामाजिक तत्व कोई हरकत न कर दें। हालात को संतुलित बनाए रखने के लिए सरकार सुरक्षा इंतजाम के साथ विकास के कार्यों पर भी जोर दे रही है। अभिसूचना तंत्र को मजबूती देने की कोशिश के साथ ही श्रीनगर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से स्थानीय पुलिस व प्रशासन को भो जोड़ा गया है। शहर के आंतरिक मामलों से इन विभागों को तत्काल कार्यवाही के लिए निरंतर सम्पर्क में रखा जाता है। कश्मीर की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सुरक्षा प्रबंध वैसे भी जबरदस्त चुनौती वाला काम है। पैरा मिलिट्री फ़ोर्स के साथ ही जम्मू कश्मीर पुलिस भी लगभग सभी प्रमुख स्थलों पर मुस्तैद दिखती है। पाकिस्तान सीमा पास में ही होने की वजह से पूर्व में श्रीनगर में आतंकी गतिविधियां बनी रहती थीं। पिछले कई सालों से इन पर अंकुश लगा है। ऐसी गतिविधियां फिर न हो, इसे रोकने की पुरजोर कोशिशें चल रही हैं। लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बना रहे इसके लिए रोजगार के अवसर निकालने के साथ ही स्थानीय शिल्प को बढ़ावा दिया जा रहा है। हर संभव प्रजेक्ट लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक़ हालात को सामान्य बनाए रखने के लिए हर कदम उठाए जा रहे हैं।

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय के अनुसार इच्छुक लोग और संस्थाएं 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। सभी नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे। पद्म पुरस्कार देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री दिए जाते हैं। ये सम्मान कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, सामाजिक सेवा और उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए दिए जाते हैं।





# उत्तर प्रदेश के साथ व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहयोग बढ़ाएगा कनाडा

## रक्षा से उर्जा तक, यूपी में दीर्घकालिक संभावनाएं : कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश का पसंदीदा निवेश बनाने और .1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के विज़न को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी वैश्विक पहुँच को और विस्तार दिया है। बुधवार को भारत में कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व मुख्य मंत्री के सचिव अमित सिंह ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ स्थित 'इन्वेस्ट यूपी 'मुख्यालय का दौरा किया, जहाँ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में एक रणनीतिक बैठक संपन्न हुई। इस उच्च-स्तरीय संवाद का मुख्य उद्देश्य रक्षा,नवीकरणीय ऊर्जा और शैक्षणिक नवाचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश और कनाडा के बीच द्विपक्षीय निवेश एवं व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। इन्वेस्ट यूपी ने बैठक के दौरान प्रदेश के सुदृढ़ निवेश इकोसिस्टम, विशाल उपभोक्ता बाजार और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर यूपी एफडीआई नीति-2023 और जीसीसी नीति-2024 जैसी प्रगतिशील नीतियों की सफलता साझा की गई, जिन्होंने वैश्विक फॉर्च्यून-500 कंपनियों को राज्य की ओर आकर्षित किया है। विशेष रूप से, छह रणनीतिक नोड्स और ब्रह्मोस मिसाइल जैसी उन्नत विनिर्माण

**■ यूपी व कनाडा के बीच शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर भी हुई चर्चा**



क्षमताओं से लैस उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की प्रगति को रेखांकित किया गया जो प्रदेश को एक प्रमुख वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

इस अवसर पर उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा व्यापार संबंधों को और विस्तार देने की अपार संभावनाओं पर बल दिया, जो वर्तमान में अपेक्षाकृत कम हैं। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन, एलएनजी,एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर बल दिया, जो भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और विकसित भारत 2027 के लक्ष्य के अनुरूप हैं। साथ ही, बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने शैक्षणिक सहयोग की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि कनाडा के अग्रणी शिक्षण संस्थानों और उत्तर प्रदेश के बीच साझेदारी से कौशल विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिभा आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। उच्चायुक्त ने उत्तर प्रदेश को कनाडा के साथ साझेदारी को और गहरा करने का आमंत्रण देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि व्यापार, तकनीकी हस्तांतरण और कौशल विकास के क्षेत्र में मजबूत सहयोग से दोनों क्षेत्रों में सतत और भविष्य उन्मुख विकास को गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में कर्नल स्टीफन मरे (रक्षा सलाहकार), रोहित शुक्ला (राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकारी) और सुमेन मंडल (व्यापार आयुक्त) शामिल रहे। बैठक में निदेशक यूपीनेडा इंदरजीत सिंह, सीईओ इन्वेस्ट यूपी विजय किरण आनंद, एसीईओ शशांक चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चैत्र प्रतिपदा पर हर घर भगवा लहराने और दीप जलाने का संकल्प

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय संस्कृति के संवर्धन और विक्रम संवत 2083 के भव्य स्वागत के निमित्त, 'भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति' द्वारा संचालित जन-जागरण अभियान के तहत बुधवार को सरस्वती कुंज, निराला नगर में एक सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया गया। मुख्य संयोजक अभिषेक खरे की अगवाई में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष केवल कैलेंडर का बदलना नहीं, बल्कि हमारी ऋषि परंपरा और प्रकृति के चक्र का उत्सव है। आज जब पूरी दुनिया भारतीय मूल्यों की ओर देख रही है, तब यह आवश्यक है कि हम अपनी गौरवशाली विरासत को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा पर हर सनातनी घर की छत पर भगवा ध्वज शान से लहराए और हर आंगन दीपों की रोशनी से जगमगाए। मुख्य वक्ता और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने नववर्ष के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय कालगणना सृष्टि के आरंभ से जुड़ी है और यह पूरी तरह से खगोलीय गणनाओं पर आधारित है। उन्होंने युवाओं से अपनी परंपराओं पर गर्व करने का आह्वान किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार व मुख्य संयोजक अभिषेक खरे के सहयोग से 'मां गायत्री दीपयज्ञ' का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों दीपों की लौ ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और संयोजक अभिषेक खरे ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नई पीढ़ी के भीतर सनातन परंपराओं के प्रति गर्व का भाव जागृत करना है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि भारतीय नववर्ष हमारी अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने अपील की कि हर सनातनी इस पावन पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाए। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, मंत्री संजीव बालाजी श्याम जी अग्रवाल एवं मंत्री उषा अग्रवाल सहित शहर की अनेक गणमान्य विभूतियां शामिल रहीं। संयोजक अभिषेक खरे ने अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति का लक्ष्य हर घर में दीपावली जैसा उत्साह पैदा करना है ताकि हम अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़े रहें।

## खबर एक नजर

### कहानी के मंचन की झलक साझा की

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** मानो एक मंच सजा हो, किरदार तैयार हों और कहानी अपने सबसे संवेदनशील मोड़ पर पहुंचने वाली हो–कुछ ऐसा ही माहौल देखने को मिला,चिरैया में। अभिनेत्री दिव्या दत्ता और निर्देशक शशांत शाह ने मीडिया से संवाद करते हुए इस कहानी के मंचन की झलक साझा की। यहां की गलियां, संस्कृति और रिश्तों की बारीकियां 'चिरैया' की कथा को और गहराई देती हैं। ट्रेलर ने संकेत दिया कि यह कहानी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विवाह और रिश्तों के भीतर छिपे अनकहे सवालों को सामने लाने का प्रयास है। जैसे किसी नाटक में हर पात्र अपनी परतें खोलता है, वैसे ही 'चिरैया' के किरदार भी अपनी भावनाओं, संघर्षों और सच्चाइयों को उजागर करते नजर आएंगे।

### जेहटा व्यापार मंडल का गठन अरुण यादव बने अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल की इकाई जेहटा व्यापार मंडल का गठन अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंत्री सचिन रस्तोगी के नेतृत्व में हुआ। सर्वसम्मति से अरुण यादव को अध्यक्ष और ओम प्रकाश को वरिष्ठ महामंत्री बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक यादव, सौरभ यादव, कृष्ण कुमार यादव व सुयश अग्रवाल, जबकि महामंत्री पद पर राजेश वर्मा, राजू लोधी और दिनेश गुप्ता नियुक्त हुए। अन्य पदों पर आशीष प्रताप मौर्य (वरिष्ठ मंत्री), सतीश यादव (मंत्री), अग्रज पटेल (संगठन मंत्री), अंकुर शर्मा (प्रचार मंत्री), विकास पाण्डेय (संरक्षक) और संजय शुक्ला (सलाहकार) बनाए गए। अमरनाथ मिश्र ने कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा और एकता को मजबूत करेगा, वहीं सचिन रस्तोगी ने इसे व्यापारियों के लिए सशक्त मंच बताया। नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण यादव ने जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने और जल्द ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराने की बात कही।

### सीआईआई के अध्यक्ष बने अभिषेक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** भारतीय उद्योग परिसंघ उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2026-27 के लिए अभिषेक सर्राफ को अध्यक्ष और प्रणय एस गर्ग को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अभिषेक सर्राफ, अवध रेल इंफ्रा लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं और रेल अवसंरचना क्षेत्र में दो दशक से अधिक का अनुभव रखते हैं। उनके नेतृत्व में कंपनी ने रेल, मेट्रो और हाई-स्पीड परियोजनाओं में विस्तार किया है। प्रणय शंकर गर्ग, एडवांस वाल्व्स के प्रबंध निदेशक हैं और ऊर्जा क्षेत्र में कंपनी को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में उनकी अहम भूमिका रही है। इसके अलावा, सीआईआई उत्तर प्रदेश ने कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर के साथ एक संवाद सत्र भी आयोजित किया, जिसमें भारत-कनाडा आर्थिक सहयोग, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, एग्री-टेक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर चर्चा हुई। इस बैठक में उद्योग और सरकार के बीच समन्वय बढ़ाने और उत्तर प्रदेश को आर्थिक विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।

# एलडीबी अध्यक्ष ने मनोनीत सभासदों को फूल माला पहनाकर दी बधाई

**स्वतंत्र भारत,मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज नगर पंचायत से मनोनीत सभासद सुंदर लाल धीमान,डॉ.अरविंद विश्वास,राम लखन लोधी को उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष अशोक तिवारी ने फूल माला व पटका पहनकर बंधाई देते हुये सफल कार्यकाल की कामना की। मोहनलालगंज नगर पंचायत के मनोनीत सभासद पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ0 अरविंद विश्वास निवासी कस्बा मोहनलालगंज, सदस्य प्रांतीय परिषद सुंदरलाल धीमान निवासी गौरा तथा मंडल महामंत्री रामलखन लोधी निवासी राधा स्वामी नगर का बुद्धवार को उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक के मोहनलालगंज शाखा अध्यक्ष अशोक तिवारी व सभासद हिमांशु तिवारी ने फूलमाला व पटका पहनाकर व मिठाई खिलाकर मनोनयन की बंधाई देते हुये सफल कार्यकाल की कामना की।अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि सरकार ने वरिष्ठ व समर्पित कार्यकर्ताओं को सभासद बनाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। यह निर्णय संगठन के प्रति निष्ठा रखने वाले कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे उनका मनोबल भी मजबूत होगा। उन्होंने इस मनोनयन पर पार्टी के शिर्ष नेतृत्व को बंधाई दी। उन्होंने कहा मनोनीत सभासदों को क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, सफाई, जल निकासी और पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए विकास कार्यों को गति देनी चाहिए। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही उनके दायित्व का वास्तविक निर्वहन होगा। इस मौके पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला समेत मौजूद कार्यकर्ताओ ने भी नवनियुक्त सभासदों को बंधाई दी।

**■ मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, सफाई, जल निकासी व पेयजल व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत**

# कवि सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रभाव साहित्य और संस्कृति का संगम

**लखनऊ।** The Lilli Helping Hands Trust एवं आराधन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार सायं 6 बजे The Lilli Villas में पूज्य कालीचरण महाराज के पावन सानिध्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी ओजस्वी, राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत एवं भावपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह सहित कई सांसद एवं विधायकगण ने अपनी गरिमामयी



उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के गणमान्य व्यक्तियों की भी विशेष उपस्थिति रही, जिनमें सिंधी समाज के नानक चंद जी, सिख समाज के सरदार निर्मल सिंह जी, सरदार हरपाल सिंह जग्गी जी, सरदार परविंदर सिंह जी एवं पंजाबी समाज के अनिल वर्मानी जी प्रमुख रूप से शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार, बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य अतिथियों की सहभागिता ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। यह कवि सम्मेलन साहित्य, संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# सात दिवसीय भजन कार्यशाला का समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन भजन कार्यशाला का समापन बुधवार को नव संवत्सर के पावन अवसर पर श्रीराम भजनों की मधुर स्वर-लहरी के बीच अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

दिल्ली विश्वविद्यालय संगीत संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्मृति त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में 42 प्रतिभागियों ने सात दिनों तक भोजपुरी, मैथिली एवं बुंदेली लोक भाषाओं की पारम्परिक धुनों पर आधारित भजनों का सघन प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही संत रविदास, कबीर, गुरु नानक एवं मीराबाई की रचनाओं के माध्यम से रामभक्ति की विविध धाराओं से परिचित हुए। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन सत्र में प्रतिभागियों ने सीखे गए भजनों की सराहनीय प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों में चैती घर-घर बाजत बधईया हो रामा, अवधपुरी बाजे आज बधैया, भोजपुरी विवाह गीत सुख नाहीं कहीं जैसन ससुररिया में, मैथिली भजन भजु रघुबर श्याम युगल चरना, संत रैदास का अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी, मीराबाई का मेरो मन रामहि राम रटै, अब तुम दया करो श्रीराम जी, जनकपुर का विवाह गीत मंगल आजु जनकपुर अति मनभावन हे, गुरु नानक का अपने राम का गुन गाऊं, कबीर का मन राम सुमिर पछताएगा, गुरु कृपा जन पायो मेरे भाई तथा बुंदेली भजन मोरे जनक राज के धाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। कार्यशाला के प्रतिभागी कलाकारों में अर्चना गुप्ता, देवेश्वरी पंवार, प्रतिमा मिश्रा, वीना सक्सेना, अलका चतुर्वेदी, निधि निगम, अपर्णा सिंह, कुमकुम मिश्रा, प्रीति श्रीवास्तव, भारती श्रीवास्तव, मधु श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, आभा दीक्षित, सुषमा प्रकाश, रीता पाण्डेय, अनुज श्रीवास्तव, नीलिमा सिंह, रत्ना शुक्ला, सीमा अग्रवाल, रमा अग्निहोत्री, बबिता साहू, प्रतिमा वर्मा, प्रीति चतुर्वेदी, ज्योति श्रीवास्तव, माधुरी सिंह, नीरा मिश्रा, सोनी घिल्डियाल, रोशनी केशरी, आभा मिश्रा, संगीता दुबे, मीना मिश्रा, पूर्णिमा धर्मेश कानूनगो, अनीता कुमारी, रंजना शंकर, सरिता अग्रवाल, रंजना दुबे, मधु माथुर, प्रतिमा अग्रवाल, तृप्ति सेन, गोपाली चन्द्रा, शिखा श्रीवास्तव एवं राशि श्रीवास्तव सम्मिलित रहे।

# विश्व गौरैया सप्ताह उत्सव का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ।** विश्वविद्यालय के गेट पर विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर सप्ताह भर चलने वाले उत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती ओम सिंह व ईआईएसीपी की समन्वयक प्रो अमिता कनौजिया ने किया। इस दौरान गौरैया संरक्षण से संबंधित सामग्री जैसे गौरैया घर, पक्षी चारा, स्पैरो फीडर, पानी के बर्तन, काकून तथा जड़ वाले पौधे, छात्रों व आम नागरिकों के साथ साथ विश्वविद्यालय कर्मचारियों को वितरित किए गए, ताकि पक्षी-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी जे. पी. मौर्य व डॉ. संदीप कुमार ने गौरैया के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में इसकी भूमिका पर विशेष जोर दिया।

# सीएमएस में 'डिवाइन एजुकेशन कॉन्फ्रेंस', मेधावी छात्र सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के अलीगंज द्वितीय एवं राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कॉन्फ्रेंस' में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इन समारोहों में उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सीएमएस अलीगंज द्वितीय कैम्पस द्वारा गोमती नगर एक्सटेंशन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा दी जानी चाहिए, जिससे वे सही-गलत का निर्णय कर सकें। वहीं, संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि विद्यालय छात्रों को समाजोपयोगी शिक्षा प्रदान कर विश्व कल्याण के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं अभिभावकों, विशेषकर माताओं द्वारा समूह गान व भजन ने भी सभी का मन मोह लिया। अंत में प्रधानाचार्या संविदा अधिकारी ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में, सीएमएस राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पोस्टमास्टर जनरल सुनील राय ने किया। उन्होंने छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि सकारात्मक सोच ही छात्रों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। कार्यक्रम में छात्रों ने गीत, संगीत, नृत्य व नाटिका के माध्यम से जीवन मूल्यों का संदेश दिया। अंत में हेडमिस्ट्रेस ख्याति लांबा ने अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजधानी में सजा कवि सम्मेलन व होली मिलन समारोह

## यूपी प्रेस क्लब में जुटे कवि-साहित्यकार, अतिथियों का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** राजधानी में होली के पावन अवसर पर साहित्य और संस्कृति को समर्पित भव्य कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन शीश का दानी इंटरप्राइजेज द्वारा यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज में किया गया, जिसमें शहर और प्रदेश के कई प्रतिष्ठित कवियों, साहित्यकारों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन का संचालन एमडी आशीष कुमार दीक्षित, डायरेक्टर आशु दीक्षित, डायरेक्टर अभिषेक त्रिवेदी और मुख्य सलाहकार जेपी वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में रंग, उमंग और साहित्य का सुंदर संगम देखने को मिला, जहां कवियों ने अपनी रचनाओं से



श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में पूर्व एमएलसी अरविंद कुमार त्रिपाठी 'गुड्डू भैया', राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला, भाजपा उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी, भाजपा नेता उज्ज्वल त्रिपाठी और विवेक मिश्रा 'समर' (सीएमडी, विन्ध्येश्वरी ग्रुप) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर आयोजकों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान होली के गीतों, हास्य-व्यंग्य और काव्य पाठ ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।


# एएमसी सेंटर में सीनियर कैडर कोर्स-समापन परेड

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** आर्मी मेडिकल कोर सेंटर व कॉलेज, लखनऊ के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को सीनियर कैडर कोर्स के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के कोर्स-समापन परेड आयोजन किया गया, जिसमें 120 कोर्स एनसीओज ने भाग लिया। इस औपचारिक परेड का निरीक्षण मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर और कॉलेज ने किया। मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर के हवलदार (नर्सिंग असिस्टेंट) लीला राम साहू को कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 'नाइक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी' और 'लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

इस दौरान निरीक्षण अधिकारी ने उनकी बेहतरीन वेशभूषा और परेड के त्रुटिहीन संचालन के लिए उनकी सराहना की। जनरल अधिकारी ने इस तथ्य पर पुनः जोर दिया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा, युद्ध और शांति दोनों ही स्थितियों में हमारे सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने सैनिकों से उच्चतम स्तर की पेशेवर दक्षता बनाए रखते हुए कोर की परंपराओं को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया।

# ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर

**स्वतंत्र भारत, इटौंजा।** ग्राम पंचायतों के गरीब बेसहारा मजदूरों को रोजगार देने, पंचायत व्यवस्था को सुधारने तथा विकास का सीधा लाभ जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई मनरेगा व अन्य जन कल्याणकारी योजनाएं विकास खंड बीकेटी की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में प्रधान व सचिव के मकड़जाल में उलझकर रह गई हैं। आलम यह है कि इन योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र ग्रामीणों को मुहैया नहीं हो पा रहा है। सुल्तानपुर पंचायत, जिसमें राजापुर व बहादुरपुर राजस्व गांव शामिल हैं, की लगभग 5000 की आबादी में 35 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 50 प्रतिशत पिछड़ी जाति तथा 15 प्रतिशत सामान्य जाति के नागरिक निवास करते हैं। इस क्षेत्र का अधिकांश भूभाग तराई क्षेत्र में आता है, जहाँ 3487 एकड़ कृषि योग्य भूमि पर 40 प्रतिशत ग्रामीण खेती और 50 प्रतिशत मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। ग्रामीणों ने पंचायत के बहुमुखी विकास की आस में भारी बहुमत से प्रधान को चुना था, लेकिन विकास की सभी आशाओं पर पानी फिर गया है। गांव की हालत सुधरने के बजाय बद से बदतर होती जा रही है। पंचायत में वृद्धा पेंशन, मातृत्व लाभ योजना, गंगा-यमुना योजना, राष्ट्रीय परिवार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और महिला समृद्धि योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित तो हैं, लेकिन धरातल पर इनका लाभ शून्य है। वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र बुजुर्ग दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों की मुख्य समस्या जल निकासी की है; राजापुर गांव के पूर्व दिशा में स्थित तालाब से पानी निकलने का कोई मुकम्मल इंतजाम न होने के कारण बरसात का पानी घरों में घुसने लगता है। लाखों रुपये का बजट आने के बावजूद विकास के नाम पर ग्रामीणों को केवल धूल भरे गलियारे, बजबजाती नालियां और कूड़े के ढेर ही नसीब हुए हैं। आपसी गुटबाजी और राजनीतिक द्वेष के चलते विकास कार्य ठप पड़े हैं। जब इस संबंध में प्रधान से जानकारी चाही गई तो वे अनुपलब्ध मिले, जबकि उनका दावा है कि पंचायत का सर्वांगीण विकास हुआ है जो हकीकत से कोसों दूर है। वहीं, बीडीओ बीकेटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की बात कही है।




# चैत्र नवरात्र आज से, राजधानी में आस्था का महासंगम

## मंदिरों में सजावट और तैयारियां पूरी | बाजारों में उमड़ी भीड़, 27 वर्षों बाद बना विशेष संयोग

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चैत्र नवरात्र को लेकर भक्ति और आस्था का माहौल चरम पर पहुंच गया है। इस वर्ष नवरात्र अमावस्या तिथि में प्रारंभ हो रहे हैं, जिसके साथ ही नवसंवत्सर का भी शुभारंभ हो रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह संयोग लगभग 27 वर्षों बाद बन रहा है, जिसे बेहद शुभ और फलदायी माना जा रहा है। नवरात्र की पूर्व संध्या से ही शहर के प्रमुख देवी मंदिरों–मां चंद्रिका देवी मंदिर, बड़ी काली जी मंदिर, छोटी काली जी मंदिर, शीतला देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर और मनकामेश्वर मंदिर में देर रात तक साफ-सफाई, रंग-रोगन और भव्य सजावट का कार्य चलता रहा। मंदिरों को फूल-मालाओं, चुनरी और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालु घर-घर में कलश स्थापना की तैयारी कर रहे हैं और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए आवश्यक सामग्री जुटा रहे हैं। आज से नौ दिनों तक व्रत, भजन-कीर्तन, जागरण और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी रहेगा। बाजारों में भी नवरात्र की जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। अमीनाबाद, चौक और आलमबाग जैसे प्रमुख बाजारों में पूजा सामग्री, फल-फूल, नारियल, चुनरी और श्रृंगार की वस्तुओं की दुकानों पर सुबह से देर रात तक भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों के अनुसार इस बार बिक्री में अच्छा इजाफा हुआ है। प्रशासन ने भी भीड़ को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रमुख मंदिरों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, वहीं सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए विशेष प्लान लागू किया गया है। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंदिरों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल और मेडिकल सुविधाओं को सुनिश्चित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस पावन अवसर पर पूरा लखनऊ शहर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंग गया है और हर ओर माता रानी के





### उनाई देवी मंदिर में आज उमड़ेंगे भक्त

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर इटौंजा, कुम्हरावां और भवानीगंज के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। भक्त विशेषकर महिलाएं माता रानी के श्रृंगार, अंग वस्त्र, नारियल और सजावटी झालरों की खरीदारी में जुटी हैं, जिससे दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं, कुम्हरावां से महज 3 किमी दूर स्थित प्राचीन उनाई दुर्गा मंदिर में उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। सैकड़ों साल पुराने इस सिद्ध पीठ के बारे में मान्यता है कि यहाँ नीम के पेड़ के नीचे प्रकट हुई मां दुर्गा की प्रतिमा का आकार समय के साथ बढ़कर अब 6 फीट हो गया है। मंदिर परिसर में मुंडन और विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्ष भर चलते रहते हैं। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने सरकार व पर्यटन विभाग से इस ऐतिहासिक स्थल को विकसित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के विकास के साथ शासन को राजस्व की प्राप्ति भी हो सके।

# आतंकी साजिश में तीन यूक्रेनी सैनिक गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एनआईए ने 3 पूर्व यूक्रेनी सैनिकों को अरेस्ट किया है। तीनों ने म्यांमार में आतंकियों को ट्रेनिंग दी थी। ये सभी भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे। इनके संबंध अंतरराष्ट्रीय ड्रोन-आतंकी नेटवर्क से भी बताए जा रहे। ह्वह्व ने इस नेटवर्क से जुड़े 4 और आरोपियों को दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा है। एनआईए के सूत्रों ने बताया- लखनऊ एयरपोर्ट से 13 मार्च को 3 यूक्रेनी नागरिकों पेट्रो हुरबा (36), तारास स्लिवियाक (37) और इवान सुकमानोव्स्की (34) को गिरफ्तार किया गया। ड्रोन तकनीकी के खास जानकार ये आरोपी देश में दहशत फैलाना चाहते थे। तीनों म्यांमार से ही आतंकी नेटवर्क को मजबूत करने में जुटे थे।

एनआईए की जांच में सामने आया है कि तीनों पूर्व यूक्रेनी सैनिक 18 दिसंबर, 2025 को संयुक्त अरब अमीरात से भारत आए थे। इसके बाद ये मिजोरम के रास्ते म्यांमार के चिन राज्य में पहुंचे, जहां इन्होंने आतंकी संगठनों से संपर्क किया। नेटवर्क यूरोप से ड्रोन के बड़े कंसाइनमेंट म्यांमार तक पहुंचाने में लगा था। इन ड्रोन का इस्तेमाल के जरिए किया जाना था, जो आगे भारत के प्रतिबंधित संगठनों को हथियार, तकनीक और ट्रेनिंग देने का काम करते। जांच एजेंसी के मुताबिक, ये गतिविधि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती थी। लखनऊ पहुंचने के बाद तीनों यूक्रेनी नागरिकों ने एयरपोर्ट के पास एक होटल में कमरा लिया था। होटल स्टाफ ने आरोपियों से पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे और उनसे फॉर्म ष्ट भरवाया गया। आरोपियों की जानकारी संदिग्ध लगी, जिसके बाद इनकी डिटेल एजेंसी और एम्बेसी के साथ साझा की गई। शुरुआती जांच में तीनों युवकों की गतिविधि को लेकर अलर्ट जारी हुआ, जिसके बाद मामला इमिग्रेशन विभाग तक पहुंचा। यहीं से इन तीनों की मूवमेंट पर नजर रखी जाने लगी।

# त्योहारों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति का संकल्प

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि आगामी 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे नवरात्र, 21 मार्च को ईद और 27 मार्च को रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेश के बिजली कर्मी आंदोलनरत रहते हुए भी उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे, जिसके चलते पर्व-त्योहारों के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


### ■ निजीकरण के विरोध में आंदोलन रहेगा जारी

संघर्ष समिति ने प्रदेशभर के बिजली कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 19 मार्च से 27 मार्च तक निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के बावजूद सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु रखा जाए। समिति ने स्पष्ट किया कि इस अवधि में बिजली कर्मी अपने विरोध को जारी रखते हुए जनपदों में कार्यालय समय के उपरांत शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करेंगे। साथ ही धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए 21 मार्च (ईद) तथा 25, 26 और 27 मार्च (महाष्टमी व रामनवमी) को किसी भी प्रकार का विरोध प्रदर्शन आयोजित नहीं किया जाएगा। संघर्ष समिति ने बताया कि बिजली कर्मी लगातार उपभोक्ताओं और किसानों के बीच जाकर निजीकरण से होने वाले संभावित नुकसान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में लोकतांत्रिक तरीके से पिछले 476 दिनों से आंदोलन जारी है, जिसमें उपभोक्ताओं और किसानों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में आज राजधानी लखनऊ के सदर तहसील परिसर में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने निजीकरण के विरोध में धरना किया और सदर तहसील पर कार्यालय में एस डी एम को ज्ञापन दिया। किसानों की प्रमुख मांगों में बिजली का निजीकरण वापस लेना, किसानों को घरेलू उपयोग हेतु मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना तथा टाटा मोटर्स में ग्रेच्युटी की समस्याओं का समाधान शामिल है। एसडीएम को ज्ञापन देने का नेतृत्व एकादशी यादव, दिनेश कुमार रावत, पोकरन यादव, मुकेश कुमार यादव एवं मोहम्मद हाफिज सहित अन्य किसान नेताओं ने किया।

# पासपोर्ट ऑफिस व प्रधान डाकघर में बम की सूचना से हड़कंप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित पासपोर्ट कार्यालय और प्रयागराज के प्रधान डाकघर में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पर वीटीएस व गोमती नगर पुलिस जांच करने पहुंची। टीमों ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कैंपस में दहशत का माहौल बना रहा। वहीं दूसरी ओर प्रयागराज प्रधान डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल करने वाले ने लिखा कि दोपहर 2.10 बजे ब्लास्ट होगा। इसकी जानकारी मिलते ही डाकघर मे अफरा-तफरी मच गई लोग जान बचाकर आफिस से बाहर की ओर भागे। सूचना मिलते ही पुलिस, एलआईयू व बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड टीम समेत अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वहीं कई सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय हो गई और सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के क्षेत्र में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। मौके पर पहुंची टीमों को जांच पड़ताल के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। पोस्टमास्टर जनरल राजीव उमराव ने बताया कि आज सुबह करीब पौने आठ बजे सौरभ विश्वास नाम के एक व्यक्ति द्वारा हॉटमेल से आरपीओ को एक ईमेल भेजा गया, जिसमें बम होने की धमकी दी गई थी। वह ईमेल सर्किल ऑफिस लखनऊ पहुंचा, जहां से व्हाट्सएप के माध्यम से हमें इसकी सूचना मिली। हमने बिना देरी किए पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबी जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। यह एक अफवाह कॉल थी। उन्होंने अनुरोध किया है कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस अब उस ईमेल आईडी और भेजने वाले 'सौरभ विश्वास' की तलाश में जुट गई है ताकि इस तरह की दहशत फैलाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। मेल करने वाले ने लिखा कि आपके पासपोर्ट, डाक परिसर और वॉशरूम में 19 सायनाइड गैस से भरे बम रखे गए हैं जो कि दोपहर 2:10 बजे फटेंगे। सभी को तुरंत बाहर निकालें और नाक और मुंह ढक लें।ब्लास्ट की धमकी की बात जैसे ही फैली डाकघर मे अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोग, कर्मचारी इमारत से तेजी से निकलने लगे। मामले की सूचना आला अफसरों तक पहुंची तो सभी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। वहीं पुलिस आयुक्त ने बताया कि स्थानीय फोर्स के साथ डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ते को सूचना देकर बुलाया गया। एहतियात के तौर पर डॉकघर में मौजूद लोगों को बाहर निकाला गया और परिसर समेत प्रत्येक कोनों को गहनता से जांचा-पड़ताल करते हुए खोजी स्वान दल की दो टीमों ने पार्किंग तक में जांच की कहीं कुछ नहीं मिला।





# पंजाब से बिहार जा रही ६० लाख की शराब पकड़ी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा में आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार तड़के पंजाब से तस्करी

### -थर्माकोल की बोरियों में छिपाकर ले जा रहे थे शराब

### मेरठ की आबकारी विभाग की प्रवर्तन टीम ने की कार्रवाई

करके बिहार प्रांत में बेचने के लिए ले जाई जा रही करीब 60 लाख रुपये



कीमत की 570 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। गैंग में शामिल के लोग काफी दिनों से अवैध रूप से शराब तस्करी में संलिप्त हैं।

आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तड़के सूचना मिलने पर मेरठ की आबकारी विभाग की प्रवर्तन टीम और जनपद गौतम बुध नगर की आबकारी टीम ने एक संयुक्त अभियान के तहत लोहारली टोल के पास से एक ट्रक को रोककर तलाशी ली। इसमें थर्मोकोल की बोरियों के पीछे छुपाकर रखी गई 570 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई हैं।उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग ने जब ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि यह शराब बिहार प्रांत में बेचने के लिए पंजाब से लाई गयी है। बिहार प्रांत में सराब बिक्री पर रोक लगी है। इस बात का फायदा उठाकर शराब माफिया सस्ती दर में पंजाब से शराब खरीद कर बिहार में ऊंचे दाम पर बेचते हैं। ट्रक मालिक और ड्राइवर एक सुनियोजित तरीके से शराब तस्करी के धंधे को अंजाम दे रहे हैं। ये लोग कुछ दूर तक ट्रक चलाने के बाद उसे खड़ा कर देते हैं, फिर दूसरा ड्राइवर आता है जो उस ट्रक को लेकर आगे जाता है। इसी तरह से पंजाब से बिहार पहुंचने तक कई बार ट्रक चालक और वाहन भी बदल जाते हैं ताकि गिरफ्त में ना आए। उन्होंने बताया की जानकारी में यह भी आया है कि तस्करी के शराब को ढोरहे वाहनों के आगे पीछे लोग चलते हैं ताकि आगे हो रही चेकिंग के बारे में ड्राइवर को सूचित कर सके।

# यूपी सरकार ने डीजीपी चयन के लिए यूपीएससी को भेजा पैनल सदस्यों के नाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राज्यों में डीजीपी की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा संघ लोक सेवा

### -तीन दर्जन से अधिक अफसरों के नाम भेजे गए

आयोग को पैनल भेजे जाने को अनिवार्य करने के बाद गृह विभाग ने भी इसकी औपचारिकता पूरी करते हुए प्रदेश सरकार की ओर से आईपीएस अधिकारियों के नाम का पैनल आयोग को भेजा गया। इसमें 30 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके अधिकारियों के नाम शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो प्रदेश सरकार ने वर्ष 1990 से 1996 बैच के तीन दर्जन से अधिक अधिकारियों के नाम आयोग को भेजे हैं। हालांकि इनमें से आयोग वरिष्ठता के आधार पर तीन अधिकारियों को चिन्हित कर राज्य सरकार को उनके नाम भेजेगा। तत्पश्चात राज्य सरकार इनमें से किसी एक का चयन डीजीपी के पद के लिए करेगी।वर्तमान में आईपीएस अफसरों की वरिष्ठता सूची में वर्ष 1990 बैच की आईपीएस एवं डीजी रेणुका मिश्रा का नाम सबसे ऊपर है। इसके बाद वर्ष 1991 बैच के आलोक शर्मा (डीजी एसपीजी), पीयूष आनंद (डीजी एनडीआरएफ) के बाद वर्तमान डीजीपी राजीव कृष्ण का नाम है। माना जा रहा है कि आयोग से पैनल वापस आने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा राजीव कृष्ण के नाम पर ही मुहर लगा दी जाएगी।

# संविदा कर्मी 50 हजार रुपये की घूस लेते गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के रजिस्ट्रेशन करवाने के एवज में पचास हजार रुपये की घूस लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के एक संविदा कर्मी को गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन मीरजापुर के निरीक्षक अनिल कुमार चौरसिया ने बुधवार को बताया की बुधवार को स्वास्थ्य विभाग में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर कार्य कर रहे चंचल यादव को पचास हजार रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मीरजापुर के पीली कोठी निवासी मीरा देवी पत्नी रत्नेश कुमार शुक्ला ने लिखित तहरीर देकर बताया था कि चंचल यादव अल्ट्रासाउंड सेंटर खोलने के रजिस्ट्रेशन के लिए पचास हजार रूपए घुस मांग रहा थे। उनकी ओर से लगातार परेशान किया जा रहा था। महिला की शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन के ट्रैप टीम ने मामले को गंभीरता से लिया। बुधवार दोपहर को राबर्ट्सगंज रोडवेज परिसर में स्थित मन्दिर के पास से स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मी को पचास हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद राबर्ट्सगंज कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कर उसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मोबाइल फोन चोरी के बाद खाते से निकल गए 3.23 लाख रुपए

**स्वतंत्र भारत, आलमबाग ।** लखनऊ के आलमबाग बारावीरवा चौराहे से बीते एक माह पूर्व एक यात्री का भीड़भाड़ में मोबाइल फोन चोरी हो गया था जिसके बाद कई बार खाते से लाखों रुपए निकल गए। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत कर ऑनलाइन शिकायत के बाद मानक नगर थाने पर शिकायत की है। शहीद पथ स्थित अम्बेडकर विश्विद्यालय में रहने वाले अजय बहादुर के अनुसार बीते माह 13 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे वह मैनपुरी अपनी गांव जाने के लिए बारावीरवा चौराहा पहुंचे थे अत्यधिक भीड़ होने के कारण किसी ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया था जिसपर उन्होंने तुरंत अपने बेटे को जानकारी दे अपना सिम कार्ड बंद करवा दिया था चार बाद 17 फरवरी को वह गांव से वापस लौटे। पीड़ित के अनुसार जब वह 23 फरवरी को सीडीएस कैंटीन से सामान लेने के बाद अपने मोबाइल से भुगतान करने लगे तो पेमेंट नहीं हुआ जब उन्होंने ने अपने पीएनबी खाते की जानकारी ली तो मालूम हुआ कि खाते 3.23 लाख रुपए का ट्रांसफर करा लिया गया है। पीड़ित ने साइबर सेल, ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के बाद मानक नगर थाने पर शिकायत की है। मानक पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पूर्व मुकदमे को लेकर पत्नी से मारपीट

**स्वतंत्र भारत , कृष्णा नगर।** पूर्व में दर्ज मुकदमे में दबाव बनाने के लिए एक पति ने अपनी पत्नी को बीच सड़क पर रोक गाली गलौच कर धमकाने लगा और मारपीट की, पीड़िता की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना क्षेत्र में किराए के मकान में अकेले रह रही प्रियंका रावत पुत्री मंशा रावत के अनुसार उसके पति अनिल गुप्ता है जिसके खिलाफ उसने मुकदमा दर्ज करा रखा है।

आरोप है कि 16 मार्च को वह बारावीरवा स्थित अवध मेडिकल स्टोर से अपनी माइग्रेन की दवा लेकर बदनाम लड्डू के पास चाय पी रही थी तभी उसके पति अनिल गुप्ता ने पूर्व में दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए उसपर दबाव बनाने लगे और इस दौरान उसके साथ मारपीट कर धमकी दी ।

पीड़िता ने घटना की शिकायत कृष्णा नगर पुलिस से की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को मारपीट धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गड़ासे से काटकर भाई की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के मगोर्रा थाना क्षेत्र स्थित गांव एहमल में मंगलवार की रात बड़े भाई ने झगड़े में गड़ासे से हमला कर छोटे भाई की हत्या कर

### -आरोपित पत्नी संग फरार

दी। बीच-बचाव में मां लोंगा देवी भी घायल हो गयी। घटना के बाद आरोपित पत्नी संग फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। गोवर्धन क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार ने बुधवार को बताया कि मगोर्रा थाना क्षेत्र के गांव एहमल निवासी निरंजन सिंह और मेघश्याम दोनों सगे भाई थे। दोनों की शादी राजस्थान की रहने वाली दो सगी बहनों के साथ हुई थी। निरंजन की शराब लत से परेशान होकर पत्नी पूजा पिछले एक साल से बेटी को लेकर मायके में रह रही है। मंगलवार रात 10 बजे के आसपास मेघश्याम पत्नी दुर्गेश, बच्चों के साथ खाना खा रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में आए भाई निरंजन सिंह से उसकी कहासुनी हो गई। इस बीच मेघश्याम की पत्नी दुर्गेश ने कुछ बोल दिया तो झगड़ा और उग्र हो गया। मेघश्याम गड़ासा लाकर और भाई निरंजन पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। मां ने दोनों को शांत कराने की कोशिश की तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। निरंजन खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख पुकार सुन कर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल निरंजन को अस्पताल पहुंचाया,लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपित मेघश्याम पत्नी दुर्गेश संग घर से भाग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना
मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र 2004-2005 बी.टेक तृतीय वर्ष रोल नं.-0200113002 व नामांकन सं.-020011300086 वास्तव में खो गये हैं। अभिषेक कुमार श्रीवास्तव पुत्र कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव, नि.-65ए/165 जानकीपुरम विहार कालोनी, प्रभात चौराहा, लखनऊ।
**सी.आर.- 2855/L-28**

### सूचना
मैंने अपने पुत्र जीशान अली व बहू सना शेख को गलत आचरण की वज़ह से अपनी समस्त चलअचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है,अब से इनके किसी भी कार्य से मेरा लेना देना नहीं होगा। रेहाना खातून W/o स्व. मोहम्मद आसिफ, निवासी-3, नबीउल्ला रोड, सिटीस्टेशन वजीरगंज,लखनऊ।
**सी.आर.- 2854/L-38**

### सूचना
सूचनार्थ है कि मेरी पुत्री का नाम जन्म से मेहल शर्मा है, जो कि अब बदलकर कृतिका शर्मा रखा गया है। भविष्य में कृतिका शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये। निवासी-चन्दन शर्मा पुत्र श्री नरेन्द्र शर्मा म.नं.-40-41 द्वारिका विहार, नियर घोड़े वाला मन्दिर, मानस इन्क्लेव इन्दिरानगर, लखनऊ-226016
**सी.आर.- 2848/L-38**

### सम्बंध विच्छेद
अपने पुत्र कार्तिककश्यप पुत्रवधू रचना को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिए वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। नन्हकूकश्यप पुत्र मैकूलाल नि. दयालनगर थाना जलालाबाद, शाहजहांपुर।
**सी.आर.-2850/ D-26**

### सूचना
I, MUDAVATH LAKSHMI, WIFE OF ARMY NO JC-443269F RANK NB SUB NAME N RAJU PRESENTLY RESIDING AT VILL & PO RAIKAL, FAROOQ NAGAR-TEH, MAHBUBNAGAR -DIST, TELANGANA-STATE, PIN-509202. HAVE CHANGED MY NAME FROM N LAXMI to MUDAVATH LAKSHMI AS PER AADHAR RECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE 17.03.2026 ADVOCATE AND NOTARY KESHAV RAM TIWARI SHAHJAHANPUR (UP).
**सी.आर.-2850/ D-47**

### सूचना
मैंने शाहिदा खातून पत्नी आजिद मोहम्मद के नाम से एल0आई0सी0 की पालिसी 236788019 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम सेलून निशा पत्नी हमीद दर्ज है दोनों लोगों का दोनों नाम का एक ही व्यक्ति व महिला है। शाहिदा खातून उर्फ सेलून निशा पत्नी आजिद मोहम्मद उर्फ हमीद रामपुर ग्रिन्ट, बलरामपुर।
**सी.आर.-2849/ D-42**

### सूचना
मैं अमर पाल यादव पुत्र स्व. रामसेवक नि. गंज मजरे गंगौली, पर. सलोन तह. व थाना ऊँचाहार, रायबरेली, अपने छोटे पुत्र कुलदीप कुमार व उसकी पत्नी शिवांगी यादव को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।
**सी.आर.-2851/ D-45**

### सूचना
मैं संकठा प्रसाद पुत्र स्व. राम औतार व पत्नी चंद्रावती नि. मेहरवान खेड़ा पो. शेषपुर समोधा बछरावां, रायबरेली पुराना पता 25वाहिनी पीएसी, मालिकमऊ आईमा रायबरेली, अपने पुत्र उमेश कुमार को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।
**सी.आर.-2851/ D-46**

### अति अल्पकालीन निविदा
यजत फाउंडेशन द्वारा आईआरएफसी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट के अंतर्गत सामाजिक कार्यक्रमों हेतु हाइजीन आइटम, टेंट, टेबल-कुर्सी (किराये पर), रिफ्रेशमेंट आइटम, बैग, गाड़ी (किराये पर), प्रिंटिंग मैटेरियल तथा विद्यार्थियों के लिए गिफ्ट एवं मेडल की खरीद हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।
इच्छुक फर्म/विक्रेता निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 19.03.2022 दोपहर 2:00 बजे से प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 25.03.2022 सायं 4:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना होगा। निविदाएं दिनांक 27.03.2022 सायं 5:00 बजे खोली जाएंगी।
पताः ए-34/1, सेक्टर-बी, एल.डी.ए. कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226012
ईमेलः theyajatfoundation@gmail.com
अध्यक्ष
यजत फाउंडेशन
**सी.आर.-2853/ L**

### उत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F1-MBDP-DLI-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

906/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 10:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 11:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders : E-Auction Module of www.ireps.gov.in | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 904/2026

### उत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल/वाणिज्य-उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20964-SLR-F1-BSB-SBIB-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22688-SLR-R1-BSB-MYS-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-R1-BSB-EKNR-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-F1-BSB-EKNR-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 11:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 11:20 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

905/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा निरस्तीकरण सूचना
ई-टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 09/2026 दिनांक 03.03.2026 के अंतर्गत निविदा जो दिनांक 27.03.2026 को खोली जानी है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता हैं।
ई-निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट पर www.ireps.gov.in पर देखे।
मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी.)
मुजाधि/डब्लू-516 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.06-DYCEGA-2026
उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क.सं: 1. कार्य का विवरण:** गोरखपुर में - सनई/ उत्तर के कार्यक्षेत्र में रेलवे कालोनियों में असुरक्षित स्थानों पर अतिक्रमण से बचाव हेतु बाउण्ड्रीवाल के निर्माण का प्रस्ताव। **अनुमानित लागत (₹ में):** 4,65,04,526.43 **बयाने की राशि (₹में):** 9,30,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रू. 0.00 **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/ समय:** 12 माह। **क.सं.: 2. कार्य का विवरण:** गोरखपुर में - द्वितीय बटालियन रे.सु.वि.ब. रजही कैम्प के उन्नयन का प्रस्ताव। **अनुमानित लागत (₹में):** 2,03,11,811.74 **बयाने की राशि (₹ में):** 4,06,300.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 0.00 **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/ समय:** 8 माह। **कुल योग ₹6,68,16,338.17. 1.** ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक **08.04.2026** को **11:00** बजे। **2.** ई-निविदा की बिडिंग तिथि **25.03.2026** से **08.04.2026** समय **10:59** बजे तक। **3.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंगेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मुजाधि/ डब्ल्यू-515 उप मुख्य इंजी/ गो.क्षे.
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### पूर्वोत्तर रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रं०सं०:- 1, ई-प्रापण निविदा संख्या:-** उप मु०ई०- नि०-गोंडा-04-2026 क्लोजिंग दिनांक: 08.04.2026, **कार्य का नाम:-** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढवल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अन्तर्गत कर्नैलगंज से घाघराघाट स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन के टैक फार्मेशन के नजदीक बोरोपिट में मिट्टी भराई का कार्य एवं अन्य फार्मेशन रिपेयर का कार्य।, **अनुमानित निविदा मुल्य:-** 2,99,92,849.62, **बयाना राशि (रु०):-** 3,00,000.00, **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु०):-** 00, **कार्य पुर्ण करने की अवधि:-** 06 (छः) माह, **बिड प्रारम्भ करने की तिथि** -दिनांक 25.03.2026, • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 08.04.2026 15.00 बजे तक, • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 08.04.2026 15.30 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
सकापाइं/नि0/गोंण्डा-I, गोंण्डा
मुजाधि/डब्लू-514
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज।
अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना, दिनांक 19.03.2026
निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
1. T.No. 11/ETD-I(P)2025-2026- विद्युत प्रेषण खण्ड-प्रथम, प्रयागराज के 220 के0वी0 उपकेन्द्र झूंसी पर 250 के0वी0ए0, 33/0.4 के0वी0 स्टेशन परिवर्तक हेतु क्षतिग्रस्त 300 $mm^2$ केबिल को निकालने, 250 के0वी0ए0 33/0.4 के0वी0 स्टेशन परिवर्तक, बी0एस0आई0 एवं फ्यूज सेट स्ट्रक्चर्स को स्थानान्तरित करने एवं अन्य संबंधित कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 590/- जी0एस0टी0 सहित।
धरोहर धनराशि रू0 1000/- (रूपया एक हजार मात्र)।
**ई-निविदा की अन्तिम तिथि 27.03.2026 समय 05.00 बजे।**
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।
(इं0 राकेश कुमार)
पत्रांक-247-वि0प्रे0खं0प्र0 प्रया0 I/टेण्डर नोटिस दिनांक-18/03/2026 अधिशासी अभियन्ता

### त0पेशी 30.03.2026
हेतु संदर्शित करने का सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी महोदय ,जनपद-बलरामपुर।
वाद संख्या.......10335/ T202408100110335 ..सन् 2024 ई0
रीता सिंह...
प्रति
चारू सिंह आदि..
बनाम 1. रोमी सिंह पत्नी राहुल सिंह निवासी ग्राम गैंजहवा परगना तहसील व जिला बलरामपुर।
2. रणधीर सिंह पुत्र राहुल सिंह निवासी ग्राम गैंजहवा परगना तहसील व जिला बलरामपुर।
3. चारू सिंह पुत्री नकुल सिंह निवासी ग्राम गैंजहवा परगना तहसील व जिला बलरामपुर।
चूंकि ऊपर नामांकित ......प्रार्थिनी........ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है ...कागजात दुरुस्ती धारा 38 (1) रा0सं0उ0प्र0.....अतः एंव आपको एतद्द्वारा वेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के वियद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 30.03.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वंय और सम्यक को अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
न्यायालय
**सी.आर.-2849/ D-CN**


### पूर्वोत्तर रेलवे
खुली निविदा नोटिस का द्वितीय संशोधन
खुली निविदा सूचना सं. EPC-PSI-MUR-GKC-NER दिनांक: 30.01.2026, कार्य का नाम 'ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के मनकापुर-गोरखपुर कैंट खण्ड में 2x25 kV AT कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परिक्षण और कमीशनिंग का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये हैं:- **क्र.सं.:- 1., मापदंड:-** ईपीसी निविदा दस्तावेज में पैरा 2.7 और पैरा 6.2.1 (पृष्ठ संख्या 175,176) में परिवर्तन।, **पहले प्रकाशित:- संशोधित:-** नया दस्तावेज़ अपलोड किया गया। संबंधित परिवर्तनों के संबंध में।, अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है।
मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना)/ लखनऊ
मुजाधि/विद्युत-307
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डर ई निविदा सूचना संख्या एन-235-62 टेली टेण्डर 03-2026
मुख्य संचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना सं0:** एन-235-62 टेली टेण्डर 03-2026 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे, के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर डिवीजनों के विभिन्न स्टेशनों और मुख्यालय नियंत्रण कक्ष में एकीकृत संचार बैकबोन और वीओआईपी आधारित नियंत्रण संचार प्रणाली के लिए आईपी-एमपीएलएस आधारित नेटवर्क तथा सम्बंधित लैन अवसंरचना का प्रावधान, साथ ही डिवीजनल कण्ट्रोल टेस्ट रूम और मुख्यालय नियंत्रण कक्ष में टीसीपी-आईपी आधारित अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान। गोरखपुर मुख्यालय में मौजूदा एसआईपी आधारित आई पी एक्सचेंज के लिए एफएक्सएस मिडिया गेटवे तथा सम्बंधित लैन और ओएफसी अवसंरचना का प्रावधान। **निविदा लागतः** ₹ 71,99,98,327.89/- (इकहत्तर करोड़ निन्यानवे लाख अट्ठानवे हजार तीन सौ सताईस रूपये और नब्बासी पैसे मात्र) **बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि) :** ₹ 37,50,000/- **ऑफर की वैधता:** 90 दिन **निविदा खोलने एवं बंद होने का तिथि तथा समय :** दिनांक-06.05.2026 समय 16:00 बजे। **कार्य के पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) माह। मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। विस्तृत निविदा सूचना निविदा प्रपत्र योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट http/www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। नोटः निविदादाता /बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।
उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी/ टेली/मुख्य. गोरखपुर
मुजाधि/सिगनल-116
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### अदालती सूचना
न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर
वाद संख्या 2417 वर्ष 2024
अंजू उर्फ अंजना वर्मा उम्र 36 वर्ष पुत्री स्व० सुरेन्द्र कुमार वर्मा, पत्नी श्री गौरव रस्तोगी, निवासिनी वर्तमान पता मकान नम्बर 18/25 दि माल कानपुर नगर, स्थाई निवासी मकान नम्बर 6/466 नेहरू नगर, शुक्लागंज उन्नाव। मो.6393935900
.....प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम-गौरव रस्तोगी, उम्र 42 वर्ष बालिग पुत्र श्री हरिराम रस्तोगी, निवासी छोटा चौक, मोहल्ला घूरन तलैया निकट संकटा देवी मन्दिर, शाहजहांपुर.....विपक्षी/प्रतिवादी
प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम
हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 30.04.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर
**सी.आर.-2852/ K-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 13.04.2026 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय अपर सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 26 शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 172 वर्ष 2022 रामपाल बनाम गोविन्द आदि बनामः-1-गोविन्द 2-बबलू पुत्रगण स्व.रतीराम निवासीगण ग्राम पिपरौला अहमदपुर पर.जमौर तह.सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी संख्या-1 व 2 हरगाह रामपाल वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत स्थायी निषेधाज्ञा एवं बैनामा शून्य घोषित किए जाने हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 13 माह 04 सन 2026ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 13 माह 03 के सन 2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम/रीडर अपर सिविल जज जू.डि.कोर्ट सं. 26 शाहजहांपुर।
**सी.आर.-2850/ D-CN**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर रायबरेली**
**वाद संख्या. टी 202510580316119**
**मायावती सोनकर बनाम बजरंगी आदि**
प्रतिवादी बजरंगी पुत्र लछिमन, रामशरण , रामसेवक पुत्रगण रामदास निवासीगण ग्राम मालिकमऊ आइमा पर. तह. सदर जिला रायबरेली , रामा चौरसिया पत्नी राधेकृष्ण चौरसिया नि0 जवाहर विहार कालोनी पोस्ट दूरभाष नगर शहर रायबरेली, देवानंद पुत्र राधेरमण नि0 शक्ति नगर पोस्ट दूरभाष नगर शहर रायबरेली, श्रीमती एकता मिश्रा पत्नी राजेन्द्र कुमार मिश्रा, श्रीमती छमता मिश्रा पत्नी सुनील कुमार मिश्रा नि0गण एल आई जी 165 इंदिरा नगर पोस्ट मुख्य डाकघर शहर रायबरेली
चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 144 उ0 प्र 0 रा0स0 2006 अतऐव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ़ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति/ जवाब प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनाँक 02/04/2026 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णीत कर दिया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 16/03/2026 को जारी की गई।
न्यायालय
**सी.आर.-2851/ D-CN**





# 50 हजार के ईनामी को एसटीएफ ने दबोचा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के चन्दौली जिले से 50 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित अर्न्तजनपदीय गौ-तस्कर एजाज को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एजाज पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला कुरेशियान कस्बा व थाना गंगोह जनपद सहारनपुर का रहने वाला है। गिरफ्तार एजाज पहले ग्राम बपारसी जनपद मेरठ में प्रत्येक बुधवार को लगने वाली पशुओ की पैठ से पशुओं को लाने व ले जाने का काम करता था। वर्ष 2022 में ग्राम बपारसी मेरठ में पशुओं की पैठ में इसकी जान-पहचान खलील निवासी मुरादाबाद से हुई थी, जो ग्राम बपारसी पशुओं की पैठ के आता रहता था। खलील ने फोन कर अभियुक्त एजाज को मेरठ बुलाया और अपने साथ काम करने को कहा। उसके बाद एजाज व खलील के साथ मुरादाबाद गया और वहा से दोनों मैनपुरी चले गये। मैनपुरी में सावेज नि0 खतौली को बुलाया और फिर खलील ने मैनपुरी मे पशुओ की ठेकेदारी करने वाले अपने एक अन्य साथी से मिलवाया। उसके बाद यह अपने साथियों के साथ मिलकर गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने लगा, जिसकी एवज मे इसे 5 हजार रूपये प्रत्येक चक्कर के मिलते थे।वर्ष 2022 में एजाज तथा इसके अन्य साथी थाना चन्दौली जनपद चन्दौली में गौ-तस्करी के मामले में गिरफ्तार किये गये थे, जिसके सम्बन्ध में थाना चन्दौली जनपद चन्दौली गौवध अधिनियम और आबकारी अधि. समेत आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया और गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रूपये का पुरूस्कार घोषित चल रहा था।

# एक लाख का ईनामी शहजाद मुठभेड़ में ढेर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सहारनपुर में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी शहजाद को मार गिराया गया। आरोपी लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।पुलिस के अनुसार फतेहपुर थाना क्षेत्र के गंदेवड़ा गांव निवासी शहजाद की तलाश लंबे समय से की जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की, जिसके दौरान मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में शहजाद को गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक शहजाद हिस्ट्रीशीटर और पेशेवर गोकशी से जुड़ा आरोपी था। उसके खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज थे और उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। घटना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# चाइनीज मांझा से युवक की गर्दन कटी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को अलीगंज थाना क्षेत्र के पुरनिया पुल पर बाइक सवार युवक मांझे की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी गर्दन बुरी तरह से कट गई। कान लगभग अलग हो गया। बाइक सहित गिरने से उसका पैर भी टूट गया। उसकी पत्नी और बच्ची भी घायल हो गई।

जानकारी के मुताबिक, केशव नगर की तरफ से एक युवक पत्नी और बच्ची के साथ बाइक पर सवार होकर कॉपी-किताब लेने निकला था। खरीदारी के बाद वे घर की ओर लौट रहे थे। अलीगंज-पुरनिया पुल पर पहुंचते ही अचानक उसके गले में मांझा उलझ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मांझे की चपेट में आते ही युवक की गर्दन पर गहरा जख्म हो गया। उसका एक कान लगभग अलग हो गया। हादसे के बाद बाइक बेकाबू हो गई। सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। इससे युवक, उसकी पत्नी और बच्ची गिर गए। युवक का पैर टूट गया। पत्नी व बच्ची को भी काफी चोट आई। गनीमत रही कि पीछे से कोई अन्य वाहन नहीं आया, वरना और बड़ा हादसा हो जाता। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद पति-पत्नी और उनकी बच्ची सड़क पर ही गिरकर तड़पते रहे। इसके बाद कुछ राहगीरों ने रूककर उनकी मदद की। गमछा बांधकर गर्दन का खून रोकने की कोशिश की। ई-रिक्शा रोकर तीनों को अस्पताल भेजा। किसी राहगीर ने पुलिस को भी कॉल करके घटना की जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शी अब्दुल के मुताबिक, हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों की भरसक मदद की। बिना देर किए उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। बताया गया कि इस पुल पर पहले भी चाइनीज मांझे की चपेट में कई अन्य राहगीर आ चुके हैं।

# एसटीएफ ने मादक पदार्थों के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी एसटीएफ नें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्करो को रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र के मिलक बिचौला के पास कोयला ग्राम से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 01.36 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

पकड़े गये हातम सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम झीडियो कस्बा थाना कितौर जनपद मेरठ व शमीम पुत्र खान सीरी निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद थाना किठौर जनपद मेरठ व कन्हैया नागर पुत्र राज कुमार नागर निवासी ग्राम झीडियो कस्बा थाना किठौर जनपद मेरठ के पास से 136 किलोग्राम अफीम के साथ एक आईफोन और एक होण्डा सिटी कार और रूपये 3120 की नकदी और एक आधार कार्ड व एक डी0एल0 बरामद हुआ।एस0टी0एफ0 अपर पुलिस अधीक्षक सत्यसेन यादव नें बताया कि पकड़े गये आरोपियों का एक संगठित गिरोह है, जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता है। तस्करी में प्रयुक्त वाहन हात्तम अपने भतीजे महिपाल सिंह के नाम खरीदा है और कन्हैया नागर के साथ मिलकर यह धंधा बहुत दिनों से कर रहा है। अफीम को नेपाल राष्ट्र के महेन्द्र नगर क्षेत्र के श्याम नामक व्यक्ति से 80 हजार रूपये में खरीदे थे। जिसे मेरठ, दिल्ली व आस पास के क्षेत्रों में महगे दामों में फुटकर के रूपे में बेचते है।पकड़े गये आरोपियों को रामपुर जिले के थाना भोट में धारा 8/18/25/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत दाखिल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खबर एक नजर

### फर्नीचर दुकान से नकदी चोरी डीवीआर भी उठा ले गये चोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सैरपुर इलाके में मंगलवार रात एक फर्नीचर की दुकान में चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोर बंद पड़ी दुकान से करीब 1.50 लाख रुपये नकद और सीसीटीवी का डीवीआर लेकर फरार हो गए। यह घटना सैरपुर क्षेत्र के छठा मील चौराहे के पास स्थित सौरभ फर्नीचर की दुकान में हुई। दुकान मालिक मनोज गुप्ता ने बताया कि वे मंगलवार रात करीब 8:30 बजे दुकान बंद कर अपने घर रहीमनगर डुडौली चले गए थे। बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे जब वे दुकान पहुंचे, तो उन्हें चोरी का पता चला। पीड़ित मनोज गुप्ता की सूचना पर सैरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया है। पीड़ित दुकानदार मनोज गुप्ता ने बताया- चोर पहले से ही दुकान के अंदर पीछे के दरवाजे से आकर बैठ गए थे। जब वह मंगलवार रात लगभग 8:30 बजे दुकान बंद कर घर से निकले थे। उसके बाद ही चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।पीड़ित मनोज गुप्ता के भाई सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि सैरपुर पुलिस को सुबह 10 बजे चोरी की घटना की सूचना दी गई थी लेकिन उसके बाद भी सैरपुर पुलिस घटना की जांच करने लगभग 1:30 बजे आई।

### सात कुंतल गांजा बरामद तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे अंतरराज्यीय गिरोह के 2 तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों हरियाणा नंबर के कंटेनर से गांजा ला रहे थे। इसे यूपी और बिहार के जिलों में सप्लाई करना था। एसटीएफ की टीम ने कंटेनर को पकड़ लिया। इसमें 733 किलो गांजा मिला। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि एक गिरोह उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर यूपी-बिहार में सप्लाई कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही ने स्ञ्जस्न टीम को अलर्ट किया। टीम ने लखनऊ में मंगलवार रात 1:45 बजे घेराबंदी शुरू की। मोहनलालगंज के बिंदुआ में श्री महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज के पास बाबा ढाबा के सामने कंटेनर नंबर आता दिखा, जिसकी तलाशी ली गई। तलाशी में कंटेनर के अंदर भारी मात्रा में गांजा मिला। इस पर कंटेनर में सवार दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तस्कर आरोपियों ने बताया कि उनका गिरोह उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता का गांजा खरीदता है। उस गांजे को मध्य प्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश लाकर अलग-अलग जिलों में ऊंचे दाम पर बेचता है। दोनों तस्करों के खिलाफ थाना मोहनलालगंज में एनडीपीएस एक्ट में तहत केस दर्ज किया गया है। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार, 733 किलो गांजे की कीमत करीब 1.83 करोड़ रुपए आंकी गई है। दो तस्करों की पहचान मर्दन नाका बांदा के विनोद कुशवाहा और नेवादा विवार हमीरपुर के जितेंद्र शिवहरे के रूप में हुई है। स्ञ्जस्न ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन और टाटा कंटेनर भी जब्त किया गया।

### मासूम बच्ची के हत्यारोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गाजियाबाद जिले में नंदग्राम में बीते दिनों एक 4 साल की मासूम के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या करने वाले गौरव प्रजापति को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं पूछताछ के दौरान उसने बच्ची की हत्या और रेप करने की बात को स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक थाना नंदग्राम में दर्ज मुकदमा संख्या 129/26 के तहत आरोपी गौरव प्रजापति से इसी दौरान उसने खुलासा किया कि उसने नाबालिग बच्ची की रेप के बाद हत्या की थी और घटना के बाद अपने खून से सने हाथ को एक रुमाल से साफ कर उसे घटनास्थल के पास झाड़ियों में फेंक दिया था। आरोपी की निशानदेही पर सबूत बरामद करने के लिए पुलिस टीम उसे घटनास्थल पर लेकर पहुंची। इसी दौरान आरोपी ने पहले से छिपाए गए अवैध हथियार से पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल गाजियाबाद भेजा गया है। इस मामले में सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि आरोपित से पूछताछ जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है, जिसमें हत्या के पीछे की वजह और अन्य संभावित पहलुओं को खंगाला जा रहा है। एसीपी नंदग्राम के मुताबिक, नंदग्राम थानाक्षेत्र में सोमवार को एक चार साल की बच्ची संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच सोमवार रात को डायल 112 को सूचना मिली कि नंदग्राम थानाक्षेत्र में एक बच्ची का शव पड़ा है। पुलिस ने लापता बच्ची के परिजनों को बुलाकर पहचान कराई तो उन्होंने उसकी शिनाख्त अपनी बेटी के रूप में की। परिजनों ने बताया कि सोमवार को बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। वह एकाएक लापता हो गई। बड़े भाई ने बहन को गायब देख पिता को फोन किया। परिवार के लोग ढूंढने निकले, लेकिन पता नहीं चला। देर रात परिजनों के पास पुलिस का फोन आया कि एक बच्ची का शव पड़ा मिला है। परिजन पहुंचे तो उसकी शिनाख्त अपनी बच्ची के रूप में की थी।

# बंद मकानों को निशाना बनाने वाले दो शातिर गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में पुलिस ने चोरी की कई वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को संरक्षण में लिया है। आरोपियों के पास से करीब 31 ग्राम सोने और 2 किलो चांदी बरामद हुई है। गोमती नगर एसीपी ने बताया- पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहीद पथ अंडरपास के पास विनीतखण्ड सब्जी मंडी के नजदीक कुछ युवक खड़े हैं। दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। जांच के दौरान सामने आया कि ये आरोपी गोमतीनगर ही नहीं, बल्कि विभूतिखंड समेत शहर के कई इलाकों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ रात में पॉश कॉलोनियों में घूमते थे। जिन घरों में ताला लगा मिलता, उनमें गेट फांदकर घुस जाते और जेवर व कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, अंगूठी, झुमके, कंगन और लॉकेट सहित कई सामान बरामद किए हैं। इसके अलावा करीब 2 किलो चांदी के बर्तन, पायल, सिक्के भी मिले हैं। साथ ही 2900 रुपए नकद भी बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी संतोष कश्यप उर्फ राहुल कश्यप (19) बाराबंकी का रहने वाला है और पहले भी लखनऊ के चिनहट, गाजीपुर और इंदिरानगर थानों में कई मामलों में नामजद रहा है। इस गिरफ्तारी के साथ गोमतीनगर और विभूतिखंड थानों में दर्ज आधा दर्जन से अधिक चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस अब अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

# दीवार गिरने से मां समेत दो बच्चों की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी में बीती रात टीन शेड कच्ची दीवार और ऊपर लगी टीन शेड के गिरने से नीचे सो रही मां रूबी और दो बच्चों की मौत हो गई जबकि पिता ब्रजेश व दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैनपुरी के थानाक्षेत्र कुरावली अंतर्गत ग्राम अठ पुरा में मंगलवार को देर रात्रि करीब 12 बजे ब्रजेश (50) पुत्र लाल सिंह के घर की कच्ची दीवार व टीनशेड अचानक गिर गयी। तीन शेड के नीचे बृजेश, बृजेश की पत्नी और चार छोटे बच्चे सो रहे थे। कच्ची दीवार और तीन शेड अचानक गिरने से गहरी नींद में सो रहे परिवार को संभलने का मौका नहीं मिला और दीवार व टीनशेड के नीचे दबकर ब्रजेश की पत्नी रूबी (40), बेटा दिलीप (08) और बेटी देवी (13) की मौके पर मौत हो गई। चीख पुकार से ग्रामीण व पड़ोसी ब्रजेश के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल ब्रजेश, गुडिया (15 ) एवं पल्लवी (05 वर्ष) को पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर घायलों को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया । मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गाँव में एक ही परिवार के तीन लोगों की एक साथ मृत्यु हो जाने के बाद गांव में माहौल बहुत गमगीन है। पीड़ित परिवार के पड़ोसियों ने बताया कि बृजेश के घर में पुरानी कच्ची दीवार पर टीन शेड पड़ा हुआ था। इस दीवार को पक्की बनाने के लिए कच्ची दीवार के निकट ही नींव खोदी गई थी,जिसमें पानी भरा था। इस पानी की सीलन के चलते ही दीवार गिरने की बात कही जा रही है। इंस्पेक्टर कुरावली ललित भाटी ने बताया कि एक ही परिवार में एक महिला व उसके दो बच्चों की दीवार में दबने से मृत्यु हो गई है मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया गया है।घायलों को अस्पताल में भर्ती कर दिया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

# चलती ट्रेन में अटेंडेंट ने युवती को छेड़ा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मध्य प्रदेश की एक युवती को लखनऊ बुलाकर धर्मांतरण कराने की कोशिश पकड़ी गई है। बलरामपुर के युवक ने उससे इंस्टाग्राम पर खुद को छ्त्रक्क का कमांडेंट बताकर दोस्ती की। उसे लखनऊ में नौकरी दिलाने के नाम पर बुलाया। यहां से बलरामपुर ले जाने वाला था। उससे पहले ही युवती के साथ ट्रेन में छेड़खानी हुई तो मुस्लिम युवक पकड़ा गया। युवक की पहचान बलरामपुर के तुलसीपुर के सैय्यद सलामत हुसैन के रूप में हुई है। उसे जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। उसके छांगुर से कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं। जीआरपी इंस्पेक्टर लखनऊ ने बताया- मंगलवार को रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस में एक युवती से छेड़छाड़ हुई है। शिकायत के बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में जांच शुरू की। 19 वर्षीय युवती ने बताया कि वह मध्य प्रदेश के डिंडोरी की रहने वाली है। एक परिचित के साथ सफर कर रही थी। युवती ने आरोप लगाया कि कोच एम-1 में अटेंडेंट पवन गुप्ता (रायबरेली निवासी) ने उसके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर भाग निकला। इसी दौरान साथ सफर कर रहे सैय्यद सलामत हुसैन पर जीआरपी को शक हुआ। युवती से पूछा कि आपके साथ कौन सफर कर रहा है? इस पर उसने बताया कि यह समीर हैं और कमांडेंट हैं। उसकी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। यहीं से पुलिस का शक गहराया। कड़ाई से पूछताछ में सलामत ने स्वीकार किया कि वह में कमांडेंट नहीं है। उसने युवती को झांसे में लेकर उससे पैसे वसूलने और धर्मांतरण कराने की योजना बनाई थी। वह उसे लखनऊ से बलरामपुर ले जाने की फिराक में था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 2 साल पहले पीलीभीत में भी एक युवती को जाल में फंसा चुका है। उसका भी धर्मांतरण कराने की कोशिश की थी। उस मामले में उसके खिलाफ दर्ज हुई थी। वह जेल गया था। फिलहाल, पुलिस उसके अन्य कनेक्शन, खासकर छांगुर गिरोह और केजीएमयू से जुड़े डॉ. रमीज से संबंधों की जांच कर रही है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान अजय गौतम (उम्र 18 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र गौतम के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, अजय गौतम अपने घर में बने कमरे के अंदर कुंडे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय उजागर हुई जब परिजन किसी काम से कमरे में पहुंचे और अजय को फंदे से लटका देखा। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि अजय गुरुग्राम में गमलों से जुड़ा काम करता था। होली के बाद ही अपने गांव वापस लौटा था। परिवार को उससे किसी भी प्रकार की परेशानी या तनाव की जानकारी नहीं थी, जिससे यह घटना के कारण की जानकारी नहीं मिल पाई है। मृतक के परिवार में पिता वीरेंद्र गौतम, माता केतकी देवी के अलावा बड़ा भाई विजय (21 वर्ष) और छोटा भाई विमल गौतम (16 वर्ष) है। बेटे की अचानक मौत से मां केतकी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे की असल वजह सामने आ सके।

# मॉड गैलेक्सी सिटी के 9 अवैध रो-हाउस भवन ध्वस्त

## एलडीए के प्रवर्तन जोन-2 ने की कार्रवाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजनौर स्थित अवैध मॉड गैलेक्सी सिटी पर बुलडोजर चलाया। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान लगभग 9,500 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्मित किये गये 9 रो-हाउस भवनों को ध्वस्त किया गया। वहीं, गुड़म्बा में 19 अवैध रो-हाउस भवन व ठाकुरगंज में 3 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये गये।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि बिजनौर थानाक्षेत्र के औरंगाबाद खालसा में बिल्डर मोहम्मद इमरान द्वारा अवैध रूप से मॉड गैलेक्सी सिटी विकसित करते हुए रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना लगभग 9,500 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्मित किये जा रहे इन 09 रो-हाउस भवनों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने बुधवार को स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान 09 रो-हाउस भवनों के अवैध स्ट्रक्चर को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि ठाकुरगंज में जल निगम रोड पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि सैय्यद सिबते मोहम्मद द्वारा 150 वर्गमीटर, चन्द्र प्रकाश अवस्थी द्वारा 200 वर्गमीटर और जगदेव सिंह द्वारा लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्डों पर अवैध रूप से व्यावसायिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। उक्त तीनों अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

**गुड़म्बा में रो-हाउस भवन सील**

प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि सिद्धार्थ, एएम अंसारी, मोहम्मद जोएब व अन्य द्वारा गुड़म्बा में कंचना बिहारी मार्ग पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 10 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह जितेन्द्र जुमनानी द्वारा लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 4 रो-हाउस भवन और बिल्डर अलताब द्वारा 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 5 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे इन 19 रो-हाउस भवनों को सील कर दिया गया।

# विद्युत चोरी में संलिप्त उपभोक्ताओं पर बड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.के निर्देशन में बड़े विद्युत बकायेदारों एवं विद्युत चोरी में संलिप्त उपभोक्ताओं पर विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करते हुये प्राथमिकी भी स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई। अमौसी क्षेत्र में बुधवार को नगरीय विद्युत वितरण खण्ड, कानपुर रोड में चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 2 विद्युत उपभोक्ता के संयोजन निगेटिव बैलेंस होने पर दर्ज किये गये चेकिंग में ज्ञात हुआ कि सुरेश पाल निवासी मानस नगर एवं शारदेन्दु कुमार श्रीवास्तव निवासी खुशी विहार, कनौसी द्वारा मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी की जा रही थी, जिसकी प्राथमिकी एपीटी थाने में दर्ज करा दी गई।


इसी तरह जानकीपुरम क्षेत्र के अधिशासी अभियंता रेड एसिस्मेंट एन्ड कलेक्शन जानकीपुरम के द्वारा विद्युत चोरी रोकथाम व लाइन लॉस को कम करने हेतु न्यू कैम्पस उपकेंद्र जानकीपुरम में अलीनगर घईला एवं अल्लूनगर दिघूरिया बीकेटी में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमे कई उपभोक्ता विद्युत चोरी (धारा 135) करते पाए गये। इसमें अजय कुमार पुत्र रामसेवक भार 1.2 किलोवाट, रघुनाथ पुत्र महादेव भार 1.08 किलोवाट, गीता पत्नी सुनील भार 2.06 किलोवाट, संजीत कुमार यादव पुत्र इच्छाराम भार 3.30 किलोवाट,। रामसुरेश पुत्र गुरुचरन भार 3.56 किलोवाट, पूनम रावत पत्नी राधेलाल भार 1.11 किलोवाट,अलोक पुत्र सुरेश भार 1.2 किलोवाट । इन सभी के विरूद्ध धारा 135 में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। इसी क्रम में मंगलवार को भी विद्युत चोरी के सम्बध में प्रवर्तन दल के साथ मिलकर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें भी 03 विद्युत उपभोक्ता विद्युत चोरी करते पायें गये। मध्य क्षेत्र में बकाये बिल पर विच्छेदित संयोजनों को चेक करने हेतु सहायक अभियंता(रेड) एवं अवर अभियंता(रेड) के नेतृत्व में रेड टीम द्वारा कुल 61 संयोजन चेक किये गये, जिसमें उपभोक्ताओं को समझाकर 42 नग संयोजनों का बेलेन्स निगेटिव से पॉजिटिव में कराया गया।

लखनऊ मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत दौलतगंज क्षेत्र में सहायक अभियंता(रेड) एवं अवर अभियंता(रेड) के नेतृत्व में प्रातःकाल रेड अभियान चलाकर विद्युत चोरी रोकथाम हेतु सघन चेकिंग की गई, जिसमें 30 उपभोक्ताओं के घर चेकिंग के उपरान्त 6 व्यक्ति चोरी करते पाये गये, जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई और जो स्मार्ट मीटर वाले संयोजन बकाये (निगेटिव बैलेंस) बिल पर विच्छेदित हुए हैं। उनको चेक किया गया एवं चेकिंग में पाया गया कि 5 संयोजन बिना बिल जमा किये अवैध रूप से विद्युत उपभोग करते हुए पाये गये जिनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई। रेड टीम द्वारा धारा 135 के अन्तर्गत 6 ऐसे विद्युत उपभोक्ता जो कटिया डालकर डायरेक्ट विद्युत का उपभोग करते पाये गये के विरुद्ध कार्रवाई की गई एवं धारा 138 के अन्तर्गत भी 5 विद्युत उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई सम्पादित की गई।



### 2.1 लाख उपभोक्ताओं के बिजली चोरी में शामिल होने की आशंका

प्रदेश में निगेटिव बैलेंस रहने के कारण लगभग 5.25 लाख स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं का कनेक्शन आटोमैटिक रूप से कट गया है, लेकिन उनमें से लगभग 2.1 लाख उपभोक्ताओं द्वारा अब तक रिचार्ज कराकर अपना कनेक्शन चालू नहीं कराया गया है। ऐसे उपभोक्ताओं द्वारा अवैध ढंग से बिजली का उपयोग किए जाने की भी आशंका है। इसके दृष्टिगत सभी डिस्कॉम द्वारा विजिलेंस एवं विभागीय टीमों के माध्यम से सघन जांच अभियान आरंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत बुधवार को सायं 5 बजे तक मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल एवं केस्को-कानपुर, विद्युत वितरण निगमों के अन्तर्गत 1211 उपभोक्ता परिसरों की जांच की गई। जांच के उपरांत 18 उपभोक्ता परिसरों पर अवैध रूप से बिजली का उपभोग होता पाया गया। इन सभी उपभोक्ताओं के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करा कर नियमानुसार कार्रवाई और जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है। निगेटिव बैलेंस के कारण कनेक्शन कटने के उपरांत बगैर रिचार्ज कराए अवैध रूप से बिजली का उपभोग करना दंडनीय अपराध है। इसमें संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ता के विरुद्ध धारा 135 एवं 138-बी के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है।



# प्रशिक्षण,पारदर्शिता समन्वय से ग्रामीण विकास को नई दिशा

## भुगतान में तेजी, विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार,पीएमजीएसवाई में नई तकनीक से सड़कों की गुणवत्ता बेहतर होगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।प्रशिक्षण,पारदर्शिता,समन्वय से ग्रामीण विकास को नई दिशा देने की पहल तेज हो गयी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग व खाद्य प्रसंस्करण विभाग के उच्चाधिकारियो को निर्देश दिये है कि हैं, जिन मदो में भुगतान किया जाना अवशेष हो तत्काल संबंधित को समय से भुगतान नियमानुसार कर दिए जाएं। उपलब्ध बजट का समय से व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाय, किसी भी दशा मे कोई धनराशि लैप्स नहीं होने देना है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विकास कार्यों की गति बढ़ाई जाए।उन्होंने राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के अधिकारियो को निर्देश दिए कि वह प्रदेश स्तर व जिलों को मिलाकर कम से कम 1 लाख प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिमाह प्रशिक्षण देने कैपेसिटी (क्षमता )बनाएं व प्रशिक्षण का समयबद्ध कलेण्डर जारी करें। सभी प्रशिक्षणार्थियो की बायोमेट्रिक हाजिरी होनी चाहिए और प्रशिक्षण गुणवत्तायुक्त होना चाहिए.।कहा कि नव स्वीकृत ट्रेनिंग सेन्टर्स के भवन समय से बनवाये जांय, कही कोई समस्या आ रही हो तो सभी सम्बन्धित विभाग आपस मे समन्वय कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेउपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को अपने कैंप पर उच्च स्तरीय बैठक में खाद्य प्रसंस्करण विभाग,ग्राम्य विकास विभाग व राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नवीनतम तकनीकी का इस्तेमाल किया जाए। एफडीआर तकनीक को और बढ़ावा दिया जाए। पीएम जीएसवाई में एक नई क्रांति लाना है। गांव की रोड कनेक्टिविटी बढ़ाना है। उन्होंने कहा की पीएमजीएसवाई की सड़कों के लिए आगे की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत की जाय। अगले महीने ठेकेदारों की एक कार्यशाला आयोजित कराई जाए। हमारा लक्ष्य



कम लागत में अच्छी व गुणवत्ता पूर्ण सड़के बनाना है। बताया गया स्पर्श प्रणाली से भुगतान की शुरूआती दौर मे आयी समस्या का समाधान हो गया है।अब स्पर्श प्रणाली से आसानी से भुगतान हो रहे हैं। बताया गया कि सीसीएल का शतप्रतिशत भुगतान हो गया है। मेंटेनेंस का भी 90 फीसदी से अधिक भुगतान हो गया है। सभी योजनाओं का अधिकांश भुगतान किये जा चुके हैं।खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये कि गांवो मे और खासतौर पर समूहो की महिलाओ को खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाने के लिए प्रेरित किया जाय और उन्हे फैसिलियेट किया जाय, इससे जहां लोगो को रोजगार मिलेगा वही किसानो के उत्पादो का उचित दाम भी मिलेगा। कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे रोजगार की अपार सम्भावनाये हैं।किसानो के उत्पाद को हमे बर्बाद नही होने देना है। कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे समूहो की दीदियो को यूनिट लगाने के लिए एक एसओपी तैयार की जाय। कहा कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना मे ट्रेनिंग दी जा रही है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग , आजीविका मिशन से समन्वय कर महिलाओ की ट्रेनिग का कलेण्डर तैयार करे।ट्रेनिंग प्रोगाम मे जनप्रतिनिधियो की सहभागिता के लिए उन्हे आमत्रित किया जाय। गांवो मे महिलाओ व युवाओं को प्रेरित कर योजनाओं की विधिवत जानकारी देकर छोटी छोटी इकाइयां लगवायी जांय, इकाई लगाने मे उन्हे पूरी तरह सपोर्ट किया जाय। पहले लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, ललितपुर, देवरिया व कासगंज मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से समन्वय कर ट्रेनिग, पैकेजिग, ब्रान्डिग आदि की जानकारी देते हुयी पूरी तरह सपोर्ट करते हुये महिलाओ द्वारा यूनिटे लगवायी जांय, इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व खाद्य प्रसंस्करण विभाग अपने विभाग से एक - एक नोडल अधिकारी नामित करें।

# सनातन संस्कृति में नौ अंक दिव्यता सिद्धि,पूर्णता का प्रतीक : पंकज चौधरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बुधवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' विमोचन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को आगामी नवरात्रि पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि का पावन समय और सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने का यह संयोग अत्यंत शुभ और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में नौ अंक को दिव्यता, सिद्धि और पूर्णता का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि नौ साल पहले उत्तर प्रदेश की जनता ने 'मेवा वालों को हटाकर सेवा वालों' को मौका दिया। 'परिवारवाद वालों को हटाकर सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास वालों' को मौका दिया। 'दंगा वालों को हटाकर गंगा वालों' को मौका दिया।गुंडाराज और माफिया राज वाले नौ साल बाद भी यह समझ नहीं पा रहे कि आखिर उत्तर प्रदेश की जनता ने यह बदलाव क्यों किया था। उत्तर प्रदेश की जनता ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' को नकार कर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के मॉडल को चुना।परिवारवाद, तुष्टिकरण और दंगाराज की राजनीति को हटाकर जनता ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' की संस्कृति को समाप्त कर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसे विकासोन्मुख मॉडल को अपनाया।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में समग्र विकास और गरीब कल्याण की नई सोच को गति मिली, जिसका सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुआ। 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में वैश्विक स्तर के प्रोडक्ट्स के साथ-साथ अंतिम पंक्ति पर व्यक्ति के सशक्तिकरण के सभी प्रयास शुरु हुए हाई-वे, एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, पोर्ट के साथ-साथ गरीबों को घर बिजली स्वास्थ्य बीमा आदि की भी व्यवस्था की गई।

# युवाओं को रोजगार मिलने की राह हुई आसान

## लखनऊ जॉब फेयर में 2527 को जॉब ऑफर दिए गए,116 कंपनियां शामिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।**राजधानी में आयोजित भव्य रोजगार मेले ने युवाओं के लिए अवसरों का मंच तैयार किया, जहां देश की नामी कंपनियों ने एक ही स्थान पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की। सुबह से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उत्साह और उम्मीद लेकर पहुंचे। कई कंपनियों ने मौके पर ही इंटरव्यू लेकर योग्य उम्मीदवारी का चयन किया और उसी दिन नियुक्ति पत्र भी दिए, जिससे युवाओं को तुरंत रोजगार मिलने की राह आसान हुई। मंत्री ने किया शुभारंभ, युवाओं को दिया सफलता का मंत्र कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया। मंत्री ने कहा कि संकोच और झिझक प्रगति की सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि केवल डिग्री ही सफलता की गारंटी नहीं होती, बल्कि आत्मविश्वास, सकारात्मक



व्यवहार, स्पष्ट संवाद, सही बॉडी लैंग्वेज और प्रभावी पेजेंटेशन भी उतने ही जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पहनावा महंगा नहीं, बल्कि अवसर के अनुरुप सुसज्जित होना अधिक प्रभाव डालता है।इन सेक्टर्स की कंपनियों ने लिया हिस्साबैंकिग और सर्विस सेक्टर कॉमर्शियल ऑटो प्रोडक्ट्स, योफास्ट ग्रुप, लखनऊ ईवी वर्ल्ड, डिजी चाय अन्नपूर्णा फाइनेंस, आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज, क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण और एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज जैसी कंपनियों ने सेल्स कस्टमर सपोर्ट और फील्ड वर्क के पदों पर भर्ती की।मैन्युफैक्चरिंग और प्रोडक्शन सेक्टर पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स डायनामिक ऑयल इंडिया, मासू ब्रेक पैडल, बुचर हाइड्रोलिक्स और मानेसर स्टील प्रोसेसिंग सहित कई कंपनियों ने तकनीकी और अर्थ तकनीकी पदों पर आईटीआई, पॉलिटेक्निक और तकनीकी डिग्रीधारकों को अवसर दिए।ऑटोमोबाइल सेक्टर हीरो मोटोकॉर्प, ओमैक्स ऑटो, स्टील स्ट्रिप्स व्हील, एलजी वालकृष्णन एंड ब्रदर्स और एडको इंडिया ने उत्पादन, सर्विसिंग, मेंटेनेंस और सपोर्ट रोल्स के लिए तकनीकी युवाओं की भर्ती की। लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स सेक्टर पिअपकार्ट, पेटीएम स्विगी ब्लिंकिन्ट, जैप्टो और शिपरॉकेट जैसी बड़ी कंपनियों ने डिलीवरी, वेयरहाउसिंग ऑपरेशन और मैनेजमेंट पदों पर व्यापक भर्ती की।

# सत्ता के इशारे पर हो रहा है एक समाज विशेष का अपमान : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।**सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दरोगा भर्ती परीक्षा के बाद कक्षा सात की परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर सरकार को घेरा है। अखिलेश ने प्रश्न में पंडित के जिंक को लेकर कहा है कि उत्तर प्रदेश मैं फिर हुआ एक समाज विशेष का अपमान। इससे साबित हो गया है कि यह सब जानबूझकर सत्ता के इशारे पर हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि असली सवाल केवल प्रश्न पर नहीं बल्कि इस बात पर भी उठना चाहिए कि क्या पश्नपत्र बनाने बाले लोगों में भी सत्ता सजातीय लोगों को डाल दिया गया है। अगर जानबूझकर टारगेट किये गये



'पीडित समाज का कोई भी व्यक्ति उस कमेटी में होता तो क्या ऐसा विकल्प बनाया जाता।अखिलेश ने अपने एक्स अकाउंट में कई प्रश्न बनाकर भी सरकार को घेरने का प्रयास किया।--मामता बनजों को दी चुनाव जीतने की अग्रिम बधाईसपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एडवांस में अगला विधानसभा चुनाव जीतने की बधाई दी है। कहा कि में बंगाल की जनता से अपील करता हूं कि भाजपा साजिश कर रही है। जनता ममता बनर्जी के पक्ष में मतदान करेगी।

# यूपी से चलेंगी छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान के लिए बसें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश को जाने आने वाले रोडवेज यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से जल्द ही अन्य प्रदेशों के लिए बस संचालन शुरु किया जायेगा जहां अभी तक यूपी से रोडवेज बसें नहीं आती जाती है। अन्य राज्यों के लिए बसें चलने से जहां यात्रियों का सफर सुहाना,सुरक्षित होगा वहीं रोडवेज की आय में भी इजाफा होगा ।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम जल्द ही लखनऊ से छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब आदि जगहों के लिए बसें चलाएगा। अंतरराज्यीय बस सेवाओं को विस्तार देने के लिए परिवहन मंत्री ने इन राज्यों की सरकारों को पत्र लिखकर बस संचालन के लिए आवश्यक अनुमति और समन्वय मांगा है।निगम अधिकारियों ने बताया कि इन राज्यों में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के लोग पढ़ाई, रोजगार, व्यवसाय आदि के लिए रहते हैं और पर्यटक भी सफर करते हैं। ऐसे में लखनऊ से सीधे इन राज्यों के लिए बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को काफी राहत हो जाएगी तथा आवागमन अधिक आसान हो सकेगा। निगम की आय में भी वृद्धि होगी। अधिकारियों बताया कि संबंधित राज्यों से अनुमति मिलने के बाद बसों के रूट, समय सारिणी और किराए की घोषणा की जाएगी।

## तीन आईएएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**लखनऊ। शासन ने तीन आईएएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले हैं। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकाण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन को उप ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। उप बज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल को सहारनपुर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतोष कुमार को उप आउटसोर्स सेवा निगम का कार्यकारी निदेशक बनाया गया है।

# भारतीय किसान यूनियन ने प्रदेश के कृषि मंत्री को सौंपा 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

## किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मिला आश्वासन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।**भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह) के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन दिया गया। संगठन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए किसानों के आर्थिक अस्तित्व और उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल निर्णय लेने का अनुरोध किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संगठन की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है।किसान संगठन द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में मुख्य रूप से सी2+50 प्रतिशत एमएसपी की कानूनी गारंटी, आलू पर एमएसपी लागू करने, राष्ट्रीय



किसान आयोग के गठन और भारत-अमेरिका ट्रेड डील को खारिज करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, किसानों के संपूर्ण कर्ज माफी, मनरेगा द्वारा किसानों को श्रमिक उपलब्ध कराने, केंद्र सरकार द्वारा पेंशन योजना लागू करने तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज भाड़ा और मंडी शुल्क पर पूर्ण सब्सिडी प्रदान करने जैसे विषयों को भी प्रमुखता से उठाया गया है।ज्ञापन में शीट बिल 2025 व विद्युत संशोधन बिल को वापस लेने और किसानों व मजदूरों के लिए घरेलू बिजली मुक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। संगठन ने आलू के निर्धारित समय सीमा में भुगतान न होने पर ब्याज सहित भुगतान और दंडात्मक कार्यवाही के प्रावधान की भी मांग की है। कृषि मंत्री के निर्देश पर यह ज्ञापन उनके विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) द्वारा प्राप्त किया गया।


# कार्यालय, नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, जनपद-प्रतापगढ़।

पत्रांक 1116 /क०गु०सिं०/प्रता०/2025–26 दिनांक 17 मार्च, 2026

## ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पचांयत कटरा गुलाब सिंह, जनपद प्रतापगढ़ में 'वंदन योजना' के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृति कार्यों को सक्षम अधिकारी के स्वीकृतोपरान्त नीचे लिखे विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अग्रिम धरोहर राशि 10 प्रतिशत | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 18% सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में विश्रामलय/हॉल का निर्माण कार्य | 791000.00 | 79100.00 | 944.00 | 30 दिवस |
| 2. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मदिर परिसर में सम्पर्क मार्ग हेतु सी0सी0 राडे का निर्माण कार्य | 1694000.00 | 169400.00 | 2006.00 | 30 दिवस |
| 3. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में घाट का निर्माण कार्य | 4821000.00 | 482100.00 | 5782.00 | 60 दिवस |
| 4. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में शडे का निर्माण कार्य | 2258000.00 | 225800.00 | 2714.00 | 60 दिवस |
| 5. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में इण्टरलाकिंग एवं अन्य सौन्दर्यीकरण का कार्य | 2911000.00 | 291100.00 | 3540.00 | 60 दिस |

नियम एव शर्तें:–

20- सशर्त ई–निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।

21- नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई–निविदा/समस्त ई–निविदाओं को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

22- ई–निविदा शुल्क व अग्रिम धनराशि नगद/आर.टी.जी.एस. के माध्यम से खाता संख्या 53730100025352, IFSC Code-BARB0BUPGBX बड़ौदा यू0पी0 बैंक शाखा कटरा गुलाब सिहं , प्रतापगढ़ अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ के पक्ष में बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा, बिना धरोहर धनराशि के ई–निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

23- ई–निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 48 घंटे के अन्दर निविदा धनराशि का स्टाम्प पर ही अनुबन्ध किया जायेगा ससमय अनुबन्ध न होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

24- ई–निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महादे य द्वारा जारी अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र T4, T5 संलग्न करना अनिवार्य होगा।

25- चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी। अन्यथा निविदा न्यूनतम दरें प्राप्त होने पर निरस्त कर दी जायेगी।

26- शासनादेश संख्या–नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ई–निविदा स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार द्वारा नगर पचांयत कटरा गुलाब सिंह जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकरण कराना अनिवार्य हागो।

27- निर्माण कार्यों में परफार्मेस सिक्योरिटी के सम्बन्ध में पत्र संख्या–11593/नौ–5–2021–142सा/2021 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनाकं 07 जनवरी 2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार निविदा में निम्न दरें प्राप्त होने पर अनुपालन किया जायेगा। परफार्मेस गारन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समय सीमा के अन्दर परफार्मेस गारन्टी की धनराशि जमा नहीं की जाती है तब जमानत की धनराशि जमा कर ली जायेगी तथा फर्म व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।

28- ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार विलम्ब पर नियमानुसार अर्थदण्ड देय होगा एवं जमानत पनराशि जमा कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

29- कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पचं ायत कटरा गलुाब सिंह, कायार्लय से प्राप्त की जा सकती है।

30- कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उनके सहयोगी द्वारा ई–निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपार्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।

31- ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटोग्राफ्स कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

32- जिन ठेकेदार/फार्मों द्वारा नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़ में पूर्व में दिये गये कार्यों को समय से पूर्ण नहीं कराया गया है वे ई–निविदा में भाग नहीं ले सकते है।

33- उक्त योजना के अर्न्तगत समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन ई–निविदादाता/ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।

34- किसी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।

35- नगर पंचायत में विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाना अनिवार्य होगा।

36- अपठनीय/अस्पष्ट स्कैन कॉपी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

37- ई–निविदादाता द्वारा किये गये निर्माण कार्य का अनुरक्षण एवं रखरखाव का कार्य 01 वर्ष तक जिम्मेदारी कान्ट्रेक्टर / फर्म की होगी तथा 10 प्रतिशत धनराशि गारन्टी के रूप में रोकने के उपरान्त कार्य संतोष जनक होने पर भुगतान किया जायेगा। निर्माण के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय–समय पर प्राप्त होने वाले अन्य आदेशों का पालन फर्म/कान्ट्रेक्टर को करना होगा।

38- ई–निविदा की अंतिम तिथि से पूर्व समस्त अभिलेखों की सत्यापित प्रति कार्यालय नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह, प्रतापगढ़ में उपलब्ध कराना होगा, न उपलब्ध कराने की दशा में ई–निविदा अमान्य मानी जायेगी।

20 ई–निविदा में प्रतिभाग करने वाले समस्त ई–निविदादाताओं का सम्पर्क कार्यालय प्रतापगढ़ शहर के अन्तर्गत होना अनिवार्य है।

21. 50 प्रतिशत धनराशि शासन से अवमुक्त होने पर भुगतान किया जायेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह**
**जनपद–प्रतापगढ़।**

# विकास कार्यों में तेजी और समय से भुगतान सुनिश्चित करें, धनराशि लैप्स न होने पाए: केशव



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री, ने ग्राम्य विकास एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन मदों में भुगतान लंबित है, उन्हें नियमानुसार तत्काल किया जाए और उपलब्ध बजट का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में धनराशि लैप्स नहीं होनी चाहिए।उपमुख्यमंत्री ने अपने कैंप कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य ग्राम्य विकास संस्थान को प्रदेश व जिलों में मिलाकर प्रतिमाह कम से कम एक लाख प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता विकसित करने तथा प्रशिक्षण का समयबद्ध कैलेंडर जारी करने को कहा। सभी प्रशिक्षणार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया।उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नवीन तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने और एफडीआर तकनीक को विस्तार देने के निर्देश दिए। साथ ही कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों के निर्माण के लिए ठेकेदारों की कार्यशाला आयोजित करने को कहा।खाद्य प्रसंस्करण विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में विशेषकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे रोजगार सृजन के साथ किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके। इसके लिए एसओपी तैयार कर प्रशिक्षण, पैकेजिंग और ब्रांडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे हैं और विभाग को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ समन्वय कर प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करना चाहिए। प्रारंभिक चरण में लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, ललितपुर, देवरिया और कासगंज में विशेष पहल करते हुए महिलाओं को इकाइयां स्थापित कराने के निर्देश दिए गए।उपमुख्यमंत्री ने मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं में भुगतान प्रक्रिया को और तेज करने तथा संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मियों के मानदेय का समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक निधि के कार्यों को प्रस्ताव मिलने के बाद निर्धारित समय में शुरू कराने और 'विकसित भारत' कार्यक्रम के तहत जनजागरूकता के लिए जिलों में विशेष चौपाल आयोजित करने पर भी जोर दिया।राष्ट्रीय एकीकरण विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने हरियाणा में चल रहे कार्यों का अध्ययन कर प्रदेश में बेहतर कार्ययोजना तैयार करने को कहा, जिससे राष्ट्रीय एकता को और मजबूत किया जा सके।बैठक में विजयलक्ष्मी गौतम, एल वेंकटेश्वर लू, बी एल मीणा, एस वी एस रंगाराव, हीरालाल, गौरी शंकर प्रियदर्शी, दीपा रंजन, अंकुर कौशिक, राजकमल यादव सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।लखनऊः 18 मार्च, 2026 प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित 'वृहद रोजगार मेला-2026' का भव्य शुभारंभ किया।

# गौ आश्रय स्थलों में भूसे की उपलब्धता 25 मार्च तक सुनिश्चित करें

## लापरवाही पर होगी कार्रवाई: धर्मपाल सिंह



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** धर्मपाल सिंह, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री, ने विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रबी फसल की कटाई को देखते हुए सभी जनपदों में 25 मार्च 2026 तक भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।मंत्री ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों में स्वच्छ पेयजल, चारा, छाया के लिए त्रिपाल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं, ताकि पशुओं को गर्मी और लू से बचाया जा सके।बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट आवंटन और वित्तीय स्वीकृतियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के निकट है, इसलिए आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्थिति में बजट सरेंडर न होने पाए। उन्होंने चेतावनी दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।धर्मपाल सिंह ने प्रदेश में नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम और बकरी पालन जैसी योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। साथ ही पशु चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य, उपचार और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जहां कहीं भी अव्यवस्था या लापरवाही की शिकायत मिले, वहां तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, इसलिए गौ संरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।बैठक में अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि मंत्री के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 469 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 30 केंद्रों का लोकार्पण प्रस्तावित है। साथ ही 130 निर्माणाधीन केंद्रों को 15 मई 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।इस अवसर पर वैभव श्रीवास्तव, डॉ. मेमपाल सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. पी.के. सिंह सहित पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं योजनाधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्ञानेंद्र दत्त की घर की कुर्की के आदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के जनपद आगरा के रहने वाले और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के नाम से एक संस्था बनाने वाले ज्ञानेंद्र दत्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई बार उनके घर पहुंची लेकिन वह नहीं मिले। इसके बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा ने उनके घर की कुर्की के आदेश जारी कर दिए हैं। अन्य संबंधित लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। आपको बता दें कि आगरा के रहने वाले जीडी शर्मा ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के नाम से संस्था बनाई थी... जिसको लेकर उन्होंने कई दावे भी किए लेकिन वो सभी दावे पूरी तरह फुस्स निकले जिसके बाद उनके खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ और फिर उनकी गिरफ्तारी का आदेश हुआ फिर अब कुर्की का आदेश हुआ ह। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने यूपीसीए के लोगों पर भी दावा किया था। जिसके बाद एक के बाद एक इनकी पोल खुलती गई। अब इनके साथी भी भागते बच रहे हैं।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का अयोध्या आगमन आज, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आगमन कल अयोध्या में हो रहा है, जिसके चलते अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गयी है, यहां तक कि छोटे व बड़े वाहनों का प्रवेश भी बंद कर दिया गया है। अयोध्या में हिन्दी नववर्ष के पहले दिन भव्य आयोजन होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करेंगी, उसके बाद राम मंदिर निर्माण से जुड़े दो हजार श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगी। जिला प्रशासन ने बताया कि इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। सुरक्षा के तहत फ्लीट रिहर्सल भी किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सुबह दस बजे तक ही प्रवेश करेंगी। उसके बाद दोपहर एक बजकर पैंतालिस मिनट के बाद मेहमानों के रामलला का दर्शन शुरू होगा। इसको देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रपति 19 मार्च को अयोध्या में आगमन होगा, जिसके तहत जनपद अयोध्या की तरफ मालवाहक वाहन, ट्रक, ट्रैक्टर, डीसीएम आदि भारी वाहन का डायवर्जन किया गया है।

उन्होंने बताया कि सुलतानपुर से आने वाले वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से गंतव्य हेतु डायवर्जन किया गया है। रायबरेली से आने वाले वाहनों को हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से डायवर्जन किया गया है। इसी तरह आजमगढ़, अम्बेडकरनगर से आने वाले वाहनों को गौहना मोड़ अम्बेडकरनगर से दोषपुर होकर तथा बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को भिटरिया, रामसनेही घाट से हैदरगंज, बस्ती की ओर जाने वाले वाहनों को नवाबगंज गोण्डा की ओर से नवाबगंज जाने वाले वाहनों को लकड़मण्डी से बस्ती की ओर, गोरखपुर से वाहन को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बलरामपुर, बइराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों को टोकरामऊ से डायर्जन किया गया है। उन्होंने बताया कि कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर की रोड पर भी डायवर्जन किया गया है।

# दबंग के आतंक से दहशत में मोहल्लेवासी, सीएम से लेकर पुलिस कमिश्नर तक लगाई गुहार



**स्वतंत्र भारत, काकोरी/ लखनऊ।**
दुबग्गा थाना क्षेत्र के बसंत कुंज कॉलोनी में एक दबंग व्यक्ति के आतंक से स्थानीय निवासी परेशान हैं। आरोप है कि लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय उक्त व्यक्ति खुलेआम आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है, लेकिन क्षेत्रीय पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे नाराज मोहल्ले के लोगों ने मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस कमिश्नर व अन्य उच्च अधिकारियों तक प्रार्थना-पत्र देकर सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है।

मोहल्ले की महिलाओं का आरोप है कि दबंग आए दिन उन्हें परेशान करता है और गंदी-गंदी गालियां देता है, जिससे उनका घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी लोगों से जबरन फिरौती मांगता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। इससे पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। निवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार थाना स्तर पर शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस किसी दबाव में काम कर रही है या दबंग के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रही है। जबकि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार सख्त कदम उठाने की बात करती रही है। क्षेत्र के निवासी दीपू, श्रीकृष्ण, कुसुमलता, चंपा देवी, जयसवाल, सुधीर, भीखम, राहुल, विनोद, दीपक सिंह और नितिन कुमार बरनवाल समेत कई लोगों ने सामूहिक रूप से 'टिंकू उर्फ टाइगर' के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और मोहल्ले में सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि लोग भयमुक्त वातावरण में रह सकें।

# ईद पर लागू रहेगा यातायात डायवर्जन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** चांद दर्शन के अनुसार 20/21 मार्च को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जायेगा।इसको लेकर शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाती रही है।जिसको लेकर यातायात पुलिस नें मार्गो पर डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। डायवर्जन व्यवस्था प्रातः 06.00 बजे से नमाज की समाप्ति तक रहेगी।

**यातायात पुलिस के मुताबिक**

## यातायात पुलिस ने की निर्धारित मार्गों पर यात्रा करने की अपील

सीतापुर रोड की तरफ से डालीगंज रेलवे क्रासिग तिराहे की तरफ कोई भी यातायात पक्के पुल की ओर नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज से बांये मुड़कर चौराहा नं0 8 निरालानगर से आईटी की ओर होकर जा सकेंगे।पक्का पुल खदरा साईड तिराहा से सामान्य यातायात पक्कापुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात पक्का पुल से पहले तिराहे से बन्धा रोड या नया पक्कापुल होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।हरदोई रोड/बालागंज की तरफ से आने वाले बड़े वाहन/रोडवेज सिटी बसें बड़ा इमामबाड़ा या टीले वाली मस्जिद के तरफ नही जा सकेगा, बल्कि यह वाहन कोनेश्वर चौराहे से दाहिने चौक चौराहा, मेडिकल कालेज चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।कोनेश्वर चौराहे से घण्टाघर होकर बडा इमामबाडा की तरफ सामान्य यातायात नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात कोनेश्वर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा, शाहमीना तिराहा या नीबू पार्क (रूमीगेट पुलिस चौकी), नया पुल होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे ।नीबू पार्क (रूमीगेट पुलिस चौकी) चौराहा की तरफ से बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की ओर यातायात नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे ।नीबू पार्क ओवरब्रिज से उतरने वाला यातायात रूमी गेट की तरफ नही जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर अथवा चरक चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।चौक चौराहे की तरफ से नीबू पार्क चौराहे की तरफ सामान्य यातायात नही जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहे की तरफ से फूलमण्डी, खुन-खुन जी गर्ल्स कालेज होकर नीबू पार्क चौराहे की ओर से यातायात नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात मेडिकल कालेज चौराहा, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे ।शाहमीना तिराहे से पक्कापुल टीले वाली मस्जिद की ओर सामान्य यातायात नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात मेडिकल कालेज, डालीगंज पुल, आई0टी0 होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। डालीगंज पुल से सीतापुर रोड की ओर जाने वाले रोडवेज बस, जीप, कार, स्कूटर, मोटर साईकिल पक्का पुल की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि यह वाहन आई0टी0 चौराहा, कपूरथला, पुरनिया होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे ।शाहमीना तिराहे से कैसरबाग की ओर से हरदोई रोड की ओर जाने वाले रोडवेज, सिटी बस पक्का पुल की तरफ नही जा सकेंग, बल्कि यह वाहन शाहमीना तिराहे से बांये मेडिकल कालेज चौराहा, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। एवरेडी तिराहे से मिल एरिया की ओर कोई भी बड़े वाहन/कार्मिशियल वाहन नही जा सकेंगे, बल्कि यह वाहन मवैया ओवरब्रिज/ लगडा फाटक ओवरब्रिज, राजाजीपुरम् होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। 13. मिल एरिया से बुलाकी अड्डा की तरफ तुलसीदास मार्ग पर नमाज में सम्मिलित होने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य के वाहन नही जा सकेंगे।बुलाकी अड्डा तिराहे से लाल माधव (हैदरगंज) की ओर यातायात (नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अतिरिक्त) कोई भी वाहन नही जाने दिया जायेगा।लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से ईदगाह की तरफ (नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अतिरिक्त) कोई भी वाहन नही जाने दिया जायेगा। नाका से ऐशबाग की ओर (नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अतिरिक्त) कोई भी वाहन नही जाने दिया जायेगा, बल्कि यह वाहन रकाबगंज पुल/नत्था तिराहा, मवैया होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।यहियागंज से ईदगाह ऐशबाग की तरफ (नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अतिरिक्त) कोई भी वाहन नही जाने दिया जायेगा।यहियागंज वाटर वर्क्स रोड की ओर से ऐशबाग ईदगाह की ओर आने वाला सामान्य यातायात (नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अतिरिक्त) नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात यहियागंज तिराहा से नक्खास तिराहा होकर अपने गन्तव्य जा सकेंगे।

## नवरोज पर भी लागू रहेगा यातायात डायवर्जन

लखनऊ। बीते वर्षो की भांति इस वर्ष भी शिया समुदाय द्वारा नवरोज का त्यौहार 21 मार्च को मनाया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रातःकाल से लगभग ढाई बजे तक चलता है।जिसको लेकर मार्गो पर यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी। यातायात पुलिस के मुताबिक, मेडिकल क्रास (चरक) चौराहा से सामान्य यातायात अकबरीगेट (मेफेयर) तिराहा, नक्खास तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात मेडिकल कालेज चौराहा या चौक, कोनेश्वर चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।नक्खास तिराहा से अकबरी गेट (मेफेयर), मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात नादान महल रोड, रकाबगंज पुल होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा) तिराहा से सामान्य यातायात नक्खास तिराहा या गिरधारी सिंह इण्टर कालेज की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात हैदरगंज (लालमाधव) होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। हैदरगंज (लालमाधव) से सामान्य यातायात टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा)/नक्खास की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात ऐशबाग, नाका, बुलाकी अड्डा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

## अज्ञात लोगों ने की युवक की पिटाई , तोड़ा गाड़ी और मोबाइल

**स्वतंत्र भारत गोसाईगंज।** सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में स्थित जेप्टो कंपनी के स्टोर में काम करने वाले कैफ को अज्ञात लोगों ने रास्ते में रोक कर उसकी पिटाई कर दी। उन्होंने मारपीट के दौरान उसका मोबाइल फोन और गाड़ी तोड दी। पीड़ित के अनुसार इस झगड़े के दौरान उसकी जेब मे रखे उठे दस हजार रुपए गिर गए। पीड़ित के अनुसार 16 मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद अपने घर गोसाईगंज जा रहा था। उसी समय कुछ लोगो ने उसे रोक कर गाली गलौज और मारपीट करने लगे। इस झगड़े के दौरान उसके पास रखे हुए दस हजार रुपए कही गिर गए।

## चोर शटर का ताला तोड़कर उठा ले गए मशीनें व साउंड सिस्टम

**स्वतंत्र भारत ,गोसाईगंज लखनऊ।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित गांव कबीरपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने बैंड बाजा की तीन की दुकानों के शटर का ताला तोड़ कर चोरी की ।वे दुकानों से साउंड - सिस्टम और मशीनें उठा ले गए। दुकानदार जब सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। दुकानों में हुई चोरी के मामले में पीड़ित जमील ने बताया कि वह कई वर्षो से कबीरपुर में शादी विवाह आदि कार्यक्रमो में बैंड बजाने का काम करते चले आ रहे है। उन्होंने इसी गांव में एक दुकान मे शमा बैंड के नाम से अपना ऑफिस बना रखा है। सामान रखने के लिये उन्होंने दुकान भी ले रखी है। उन्ही की दुकान के पास रहीम की साहिल बैंड के नाम से दुकान है उसी से आफिस भी बना हुआ। तीसरे दुकानदार हुकुमचंद ने भी सोनी बैंड ने नाम से दुकान और ऑफिस बना रखा है। इन तीनो दुकानों में अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर चोरी की है। तीनों पीड़ितों के अनुसार उन्होंने 112 नंबर पर सूचना देने के बाद गोसाईगंज पुलिस से लिखित में कंप्लेन भी की है। पुलिस के अनुसार कबीरपुर गांव हुई चोरी की तीनों घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद, अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।


**कार्यालय-अधीक्षक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी।**

संख्या—497 /अधी0गंज0कलिंग पत्रा0/ दिनांक—16—03—2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया, स्थित निबलेट बाराबंकी जहाँगीराबाद रोड़ पर प्रक्षेत्र के लिये अनुपयोगी कल्ड बटेर पैरेन्ट नर 526 मादा 501 पक्षियों की नीलामी की जानी है। नीलामी खुली बोली व कोटेशन द्वारा प्रक्षेत्र कार्यालय पर मण्डलीय क्रय—विक्रय समिति के समक्ष दिनांक 28—03—2026 को समय अपरान्ह 12.30 बजे की जायेगी। नीलामी से सम्बन्धित विस्तृत शर्तो का विवरण किसी भी कार्य दिवस में प्रक्षेत्र से ज्ञात किया जा सकता है, और पक्षियों को देखा जा सकता है। पक्षियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

(डा0 राकेश कुमार)
अधीक्षक

उ0प्र0 248508 दिनांक- 18.03.2026
Website: www.upgov.nic.in



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता अयोध्या-अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या**

पत्रांक : /1काम (बारा0)ई—टेण्डरिंग/2026 दिनॉक :

**अल्पकालीन निविदा सूचना**
**(स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधीक्षण अभियन्ता अयोध्या/अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या लोक निर्माण विभाग में 'भवन वर्ग' में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।
2.

| क्रम सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लागत(लाख रू0 में) जी0एस0टी0 को छोड़कर | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बाराबंकी | जनपद बाराबंकी में जिलाधिकारी आवास के निकट रिक्त राजस्व भूमि पर टाइप—4 के 6 नग आवासों व बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 380.00 | 21.00 | 2714.00 | 12 माह | ए | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड नं0-3, लो0नि0वि0, बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता, अयो0/अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या |

3. निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20—03—2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 27—03—2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक आनलाइन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 27—03—2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।

(राजीव कुमार राय)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड—3, लो0नि0वि0, बाराबंकी

(ओम प्रकाश वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
अयो0अ0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या

उ0प्र0 248398 दिनांक- 17.03.2026 Website: www.upgov.nic.in



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा**

पत्रांकः— /2 काम (बी)—गो0वृ0/25—26 दिनांक .03.2026

**ई—निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ०प्र० की ओर से लोक निर्माण विभाग उ०प्र० में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई—टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड का नाम/विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बलरामपुर/निर्माण खण्ड/बलरामपुर | जनपद बलरामपुर में कुआनों रेंज से बालपुर तिलकपुर मार्ग का चौड़ीकरण एंव सुद्धीकरण कार्य (5 वार्षिय अनुरक्षण सहित) | 1625.00 | 30.00 | 11800 | 12 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट – http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.03.2026 से 04.04.2026 तक दोपहर 12. 00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 04.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोडध्अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 04.04.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई—टेण्डरिंग, एन०आई०सी० की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफटवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 04.04.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई—पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षय अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 248454 दिनांक- 17.03.2026 Website: www.upgov.nic.in

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नए मुहाने

पश्चिम एशिया में धधक रहे युद्ध के ज्वालामुखी के नित नए खुलते मुहानों से अब चिंता यह खड़ी हो गई है कि यह आग बुझेगी भी या इस क्षेत्र के साथ पूरी दुनिया के सामने भी भीषण संकट खड़ा कर देगी। इस युद्ध में आम लोगों की जानें तो जा ही रही हैं, उससे भी नाजुक पक्ष परमाणु ठिकाने और तेल कुएं-रिफाइनरियां है जिन्हें निशाना बनाने की धमकियों का दौर तेज होता गया है। अगर ये हकीकत में बदल गई तो तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट में पड़ेंगी ही, परमाणु प्रकोप से मानवता और पर्यावरण भी खतरे में आ जाएगा। इस समय भी दोनों पक्षों की ओर से चल रही मिसाइलें बड़े पैमाने पर जानमाल को नुकसान पहुंचा रही हैं। विडंबना यह है कि युद्ध खत्म करने की आवाज़ें बारूद की धमक में ऐसे दब गई हैं जैसे उनका कोई मतलब ही नहीं। एक और डरावना पहलू यह भी है कि युद्ध में अंतरराष्ट्रीय नियम कानूनों की जमकर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मानवीयता का तो इसमें कोई मुद्दा ही नहीं रह गया है। इसे लेकर दुनिया भर में जताई जा रही चिंताएं किसी भी मायने की नहीं रह गई हैं। दूसरी ओर तेल ठिकानों पर दोनों पक्षों की ओर से हमले बढ़ गए हैं। इस पूरी विभीषिका को अमल में लाने के लिए अजीबोगरीब कुतर्कों का सहारा लेकर खुद को सही ठहराया जा रहा है। गाजा,ऊ लेबनान, ईरान और बीच-बीच में यूएई जैसे कुछ खाड़ी के देश- तबाही का यह सिलसिला जिस ढंग से पूरे क्षेत्र को अपनी जकड़न में ले रहा है, उसके बाद कोई उम्मीद बचती दिखाई नहीं देती। उस पर अमेरिका-इजरायल द्वारा आए दिन जताए जा रहे अपने विनाशकारी मंसूबे और उसी तेवर में ईरान के जवाब क्या किसी बातचीत की गुंजाइश बचाते हैं? इस युद्ध की यही सबसे बड़ी त्रासदी है कि जिस मानवता को बचाने की दुहाई देकर इसे शुरू किया गया, उसी मानवता की मानवता के वर्तमान और भविष्य को लेकर बेहद खतरनाक दांव लग रहे हैं। उन्नीस दिनों की विभीषिका के असर से दुनिया तो सहमी हुई है ही, अगर और लंबा खिंचा तो हालात की भयावहता शायद कल्पना से परे होकर सामने आएगी। अपना तब दबदबा कायम करने की या जंग वास्तव में सदियों पहले की कबायली संस्कृति का ही परिवर्धित स्वरूप है। तब भी ताकतवर सबको पस्त करता था और आज भी सारी जद्दोजेहद उसी जिद को लेकर है। देखना यह है कि आज की सबसे बड़ी महाशक्ति का अहम दुनिया को किस ओर धकेलता है और उसके बाद कोई रास्ता बचता भी है या नहीं?

## अस्पतालों में आग

मानव जीवन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अस्पताल जितनी संवेदनशील जगह हैं, उनके रखरखाव में उतनी ही गंभीर लापरवाहियां बरती जाती हैं। इसका ताजा उदाहरण ओडिशा में कटक के सरकारी अस्पताल में आग लगने से बारह मरीजों की मृत्यु है। लेकिन यूपी की राजधानी लखनऊ में भी अस्पताल उतने ही असुरक्षित हैं। इनमें भी सुरक्षा संबंधी सभी नियम ताक पर रखे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ के नौ सौ से अधिक निजी अस्पतालों में से छह सौ नवाबी अस्पताल बिना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए चलाए जा रहे हैं। इनमें भी कई अस्पताल तो संकरी गलियों, दुकानों और किन शेड वाले काम्प्लेक्स में चल रहे हैं जहां प्रवेश और निकास का रास्ता एक ही है। ऐसी स्थिति में आग लगने पर जान बचाना लगभग असम्भव होगा। मजाक तो यह है कि सुरक्षा के नियम बेहद कड़े होने के बावजूद उनका पालन करने के नाम पर केवल खेल होता है। ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि नियमों का पालन न करने पर किसी अस्पताल पर प्रभावी रोक लगाई गई या उसका संचालन रोका गया हो। अगर कोई मामला सामने आया तो नोटिस जारी करने की खानापूर्ति कर बड़े-बड़े जिम्मेदार किनारे हो जाते हैं। अगर बात बढ़ी तो 'जांच की जा रही है' का जुमला दोहरा कर चैन से बैठ जाते हैं। हर घटना के बाद यही प्रहसन होता है। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यह सब संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और सांठगांठ के बिना संभव है। यही यह बात फिर साबित होती है कि चिकित्सा अब विशुद्ध व्यवसाय-कारोबार है और इसमें सबसे महत्वपूर्ण मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा है। नतीजा यह है कि अस्पतालों में आग के हादसे लखनऊ ही नहीं बल्कि झांसी, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और जयपुर आदि जगहों पर हो चुके हैं लेकिन अग्नि सुरक्षा मानक आज तक सुनिश्चित नहीं कराए जा सकें। इस ओर सरकारों को भी ध्यान देना चाहिए कि जन सुरक्षा को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए ताकि सार्वजनिक सेवाओं में आम लोगों का भरोसा बना रह सके तथा अकारण कोई जनहानि न होने पाए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अर्थव्यवस्था को भी गति देती है आस्था-योगी**
राजनीति तो एक कदम न चले आस्था के बिना!

**इजरायली हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख की मृत्यु**
हम ईरान से तेल लेकर इजरायल के साथ हैं !

**बिल्कुल घबरायें नहीं,घर पर ही मिलेगा सिलेंडर**
जैसे कोरोना में सबको आक्सीजन मिली थी!

**केसी त्यागी का जनता दल युनाइटेड से इस्तीफा**
समझदार लोग डूबती नाव की सवारी नहीं करते!

**पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हवाई हमला**
पाक को इस्लाम का किला बनाने चले थे जिन्ना!

**महापुरुषों को भुनाने में जुटी हैं सपा और बसपा**
भुने हुए महापुरुष नेताओं को स्वादिष्ट लगते हैं!

♦♦♦

# नव संवत्सर : समन्वय का पर्व

हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को



-डा. मनमोहन प्रकाश

अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।

भारतीय चिंतन की सबसे बड़ी विशेषता समय को रेखीय न मानकर चक्रीय मानना है। यहाँ हर अंत, एक नए आरंभ का सूत्रपात है। नव संवत्सर इसी शाश्वत चक्र की याद दिलाता है। यह संदेश है कि जीवन में परिवर्तन और नवीनीकरण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। अतः यह दिवस उत्सव मनाने के साथ-साथ, अपने विचारों और कर्मों को नए सिरे से परिभाषित और परिष्कृत करने का अवसर है।

सनातन परंपरा के अनुसार, इसी पावन तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था। प्रकृति की दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। चैत्र मास में वसंत ऋतु अपने चरमोत्कर्ष पर होती है; वृक्षों में नई कोपलें फूटती हैं और खेतों में फसलें लहलहाती हैं। प्रकृति के इस परिवर्तन को भारतीय संस्कृति ने केवल एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि जीवन के 'पुनर्जागरण' के रूप में स्वीकार करने का संदेश दिया है। यह पर्व प्रकृति और मनुष्य के बीच उस गहरे भावनात्मक संबंध यानी 'संवेदना' को पुनर्जीवित करता है। धार्मिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसी तिथि से 'वासंतिक नवरात्रि' का शुभारंभ होता है। नौ दिनों की यह शक्ति-उपासना प्रत्येक मानव को साधना, संयम और आत्म-अनुशासन का मार्ग दिखाती है। यह समय बाहरी


> **हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।**




कोलाहल के बीच आंतरिक जागरण और सकारात्मक ऊर्जा के संचय का है, जिससे हम एक अनुशासित जीवन जीने का संकल्प ले सकें।

भारत की विशाल सांस्कृतिक विविधता में यह नववर्ष का प्रथम दिवस अलग-अलग नामों और रूपों में रचा-बसा है। महाराष्ट्र में इसे 'गुड़ी पड़वा', आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि', कश्मीर में 'नवरेह' और सिंधी समाज में 'चेटी चंड' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। संकेत स्पष्ट है कि विशाल भारत में भले ही नाम और रीतियाँ भिन्न हों, लेकिन समय के स्वागत और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना सर्वत्र एक समान है। आज के तकनीकी और भौतिकवादी युग में इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह नव संवत्सर हमें याद दिलाता है कि वास्तविक प्रगति केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से मापी जाती है। इस पवित्र पर्व के दिन यदि हम प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व, समाज में सह-अस्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लें, तो यह पर्व एक परंपरा से आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य की नींव बन सकता है। नव संवत्सर हमें यह स्मरण भी कराता है कि प्रत्येक नया वर्ष केवल तारीखों का बदलना नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का एक ईश्वरीय आमंत्रण है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सब भारतीय समय और सृष्टि के साथ कदम मिलाते हुए एक श्रेष्ठ समाज एवं आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेते हैं। मेरा ऐसा मानना है कि विश्व के लोग यदि इस पर्व के मर्म को समझ पाते, तो आज जो वैश्विक अशांति और युद्ध का वातावरण व्याप्त है, उससे मुक्ति मिल जाती और 'विश्व बंधुत्व' की भावना को बल मिलता।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे

लोग मुझे साधारण व्यक्ति समझकर नहीं भजते; क्योंकि मैं योग-प्रक्रिया द्वारा ढँका हुआ हैं। अनुष्ठान करते-करते योगमाया का आवरण पार करने वाले ही मुझ शरीरधारी को भी अव्यक्त रूप में जानते हैं, अन्य स्थितियों में नहीं। मेरे भक्त चार प्रकार के हैं- अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञास और ज्ञानी। चिन्तन करते-करते अनेक जन्मों के अन्तिम जन्म में प्राप्तिवाला ज्ञानी मेरा ही स्वरूप है अर्थात् अनेक जन्मों से चिन्तन करके उस भगवत्स्वरूप को प्राप्त किया जाता है। राग-द्वेष के मोह से आक्रान्त मनुष्य मुझे कदापि नहीं जान सकते- किन्तु राग-द्वेष के मोह से रहित होकर जो नियतकर्म (जिसे संक्षेप में आराधना कह सकते हैं) का चिन्तन करते हुए जरा-मरण से छूटने के लिये प्रयत्नशील हैं, वे पुरुष सम्पूर्ण रूप से मुझे जान लेते हैं। वे सम्पूर्ण ब्रह्म को, सम्पूर्ण अध्यात्म को, सम्पूर्ण अधिभूत को, सम्पूर्ण अधिदैव को, सम्पूर्ण कर्म को और सम्पूर्ण यज्ञ के सहित मुझे जानते हैं। वे मुझमें प्रवेश करते हैं और अन्तकाल में भी मुझको ही जानते हैं अर्थात् फिर कभी वे विस्मृत नहीं होते। इस अध्याय में परमात्मा की समग्र जानकारी का विवेचन है, अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद् गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है। इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थगीता' भाष्ये 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।।**

इस संसार-सागर में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए ब्राह्मणों के सामने विनम्र तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं गर्वित रहते हैं , उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# रसोई गैस संकट : इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये?

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ़ नज़र



-निर्मल रानी

आने लगा। अमेरिका,इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ में शिपिंग रुक गई है ।ग़ौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90त्न तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुये कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गयी है। इस दौरान रसोई गैस के लिये जगह जगह लोगों की क़तारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की ख़बरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की क़िल्लत की शंका से दहशत फैल गयी। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90 प्रति. होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रुपये टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को ख़तरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुये रोटी, डोसा, पूरी, फ़्राई सामग्री, चाय-कॉफ़ी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाये केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हज़ारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से



बंद हो गये । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज़्यादा मार भोपाल में पड़ी जहाँ 40प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुये। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ़ स्टॉक होने की ख़बरें आई हैं।

इस संकट का सामना करने के लिये सरकार द्वारा रिफ़ाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थायी अनुमति भी दी गयी है । यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोज़गारी का ख़तरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिये गये उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का ज़िक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि - एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के ज़रिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फ़ार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुये अनेक लोगों की वीडिओ भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाक़ायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के ज्ञान से प्रभावित व प्रेरित तमाम लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में 'अनपढ़ राजा' कहकर मोदी का मज़ाक़ उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी 'दिव्य ज्ञान ' के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुये उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद व पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नाले की गैस से चाय बनाने' वाले पुराने बयान का व्यंग्यात्मक उल्लेख करते हुए सरकार पर तीखा तंज़ किया और गैस संकट पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर प्रधानमंत्री की इस 'गटर गैस' वाली सोच को गंभीरता से लेकर उस पर शोध किया होता, तो आज देश में एलपीजी की ऐसी कमी और सिलेंडर के दामों में यह भारी बढ़ोतरी नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि कोई बड़ा संकट नहीं है, तो फिर एलपीजी सिलेंडर के दाम क्यों बढ़ाए गए हैं और ग़रीब व मध्यम वर्ग पर इतना बोझ क्यों डाला जा रहा है।

## प्रेरक प्रसंग

### अमर फल

एक धार्मिक व्यक्ति था। एक दिन उसने अपने लड़के को कुछ पैसे दिये और कहा, जा, बाजार से कुछ फल ले आ।

लड़का पैसे लेकर चला। वह सोचता जा रहा था कि क्या-क्या फल खरीदेगा, तभी देखता क्या है कि रास्ते के एक तरफ को एक आदमी बैठा है। उसके तन पर चिथड़े लिपटे हुए हैं और वह भूख से छटपटा रहा है।

बालक का हृदय द्रवित हो गया। वह दौड़ा हुआ बाजार गया और उसकी जेब में जो पैसे थे, उनसे खाने की चीजें लाकर उस भूखे को दे दीं। खाना पाकर उस आदमी की हैरानी दूर हो गई।

यह देखकर बालक को बड़ी खुशी हुई। उसके पैरों में जैसे पंख लग गये। वह कूदता हुआ घर आया और सीधे अपने पिता के पास पहुंचा।

उसे खाली हाथ आया देखकर पिता ने कहा, अरे तू फल नहीं लाया ?

लड़का बोला, पिताजी, मैं लाया हूं, किन्तु फल नहीं, अमर फल लाया हूं।

थोड़ा रुककर लड़के ने सारा हाल कह सुनाया, फिर बोला, पिताजी, मैं फल ले आता और हमलोग उन्हें खा लेते तो उससे हमें किमना लाभ होता ? लेकिन उस आदमी को खाना मिल जाने से उसके पेट की ज्वाला शान्त हो गई। इससे बढ़कर आनंद की बात हमारे लिए क्या हो सकती है। पिता ने गद्गद् होकर बेटे को सीने से लगा लिया। ऐसी संतान पर किसी भी पिता को गर्व हो सकता था।

## आपका पत्र मिला

### रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे।

एक नागरिक
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# नवरात्र पूजा के लिए ऐसे तैयार हों सुहागिनें

## मेकअप और स्टाइलिंग के आसान तरीके

कोई नवरात्रि में देवी मां की कृपा प्राप्त करना चाहता है। नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को नए कपड़े पहनना, सजना-संवरना बेहद जरूरी माना जाता है। जो लोग नए वस्त्र और श्रृंगार करती हैं, उनसे मां दुर्गा काफी प्रसन्न रहती है। इसलिए आपको नवरात्रि के नौ दिनों तक सजना-संवरना चाहिए। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे नवरात्रि पूजा के लिए तैयार हो।

अगर आप मंदिर जा रहे हैं, तो कैसे रेडी हो। चलिए आपको कुछ फैशन और मेकअप टिप्स बताते हैं जिन्हें आप फॉलो कर सकते हैं।

**ट्रेडिशनल आउटफिट पहनें**

नवरात्र में पूजा-पाठ के लिए पारंपरिक कपड़े पहनना बेहद जरुरी है।

सुहागिन महिलाएं साड़ी पहनकर सबसे सुंदर दिख सकती है। आप चाहे तो सूट भी पहन सकती है। रेड, नारंगी, ग्रीन, येलो हर जैसे शिड्स के साड़ी या फिर सूट पहन सकती है, क्योंकि इन शेड्स के कपड़े काफी सुंदर और वाइब्रेंट नजर आते हैं। अब दिन के हिसाब से भी कपड़ों के रंगों का चयन कर सकते हैं।

**मिनिमल ज्वैलरी पहनें**

हैवी ज्वैलरी आपके लुक को खराब कर सकते है।

इसलिए आप मिनिमल ज्वैलरी पहन सकती हैं। इससे आपका लुक बेहद ही प्यारा आएगा और आप स्टाइलिश नजर आएंगी।

नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को ज्वैलरी वियर करनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर मंगलसूत्र, अंगूठी, चूड़ियां, पायल, बिछिया, झुमके आदि। यह आपके लुक को बेहतरीन बना देंगे।

**लाइट मेकअप करें**

आपका आउटफिट का लुक मेकअप पर डिपेंड होता है। इसलिए ज्यादा मेकअप करने से बचें। ग्लोइंग और लाइट मेकअप ही करें। फाउंडेशन का यूज न करें, इसके जगह आप टिंटेड मॉइश्चराइजर या बीबी क्रीम लगा सकते हैं। इसके साथ ही लिपस्टिक, लाइट काजल, लाइट आईशैडो और हल्का ब्लश लगा सकते हैं। आप चाहे तो हाईलाइटर का यूज कर सकते हैं। बिंदी और सिंदूर आपका लुक पूरा कंप्लीट कर देगा।

**बनाएं सुंदर-सा हेयरस्टाइल**

पूजा के लिए परफेक्ट लुक क्रिएट करने के लिए हेयर स्टाइल का रॉल बेहद काम साबित हो सकता है। आप सिंपल ब्रेड या मेसी बन साड़ी-सूट पर शानदार लुक प्रदान करेगा। आप चाहे तो गजरा लगा सकते हैं।

ताजे फूलों को भी बन में लगा सकते हैं, जिससे आपको लुक खिलकर आएगा। आप चाहे तो गजरा लगाकर चोटी भी बना सकती हैं। अगर आपके हेयर एक्सेसरीज हैं, तो इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# नव दुर्गा की ध्यान मुद्राए



- रघोत्तम शुक्ल

**1-शैलपुत्री-** भाल बाल शशि,कमल वाम कर,शोभित दाएं हाथ त्रिशूल।
वृषभ सवार करूँ वंदन मैं,पाने हित फल शुभ अनुकूल।।

**2-ब्रह्मचारिणी-** लिये दाहिने कर जप माला,तथा कमण्डलु है कर वाम।
परम तपस्विनि,ब्रह्मचारिणी माता शोभित ललित ललाम।।

**3-चंद्रघण्टा-** घण्टा सदृश अर्द्ध शशि शिर पर,काया सुन्दर स्वर्ण समान।
शस्त्र धरे दश भुजा रणोद्यत,वीर केसरी जिनके यान।।

**4-कूष्माण्डा-** अमृत कलश लिये कर रवि सी देवि लिये आभा भरपूर।
नमन मातु हे कूष्माण्डा अब,करिये सब बाधाएं दूर।।

**5- स्कंदमाता-** सिंह पीठ असवार बिठाये कार्तिकेय को अपनी गोद।
दो हाथों में कमल शुभंकर,बसिये मॉ! मम हृदय समोद।।

**6-कात्यायनी-** चंद्रहास तलवार लिये कर,श्रेष्ठ सिंह पर जो असवार।
कात्यायनी मातु को नत हूँ,करतीं असुर वृंद संहार।।




**7-कालरात्रि-** श्याम मेघवर्णी अति दिव्या,खुले केश दाढ़ें विकराल।
गर्दभ यान,पयोधर उन्नत,विद्युत्कांति अधर हैं लाल।।
मले तेल तन पर,कर धारे कमल,अमोघ कठिन करवाल।
सकल सिद्धिदायिनि कृपालु मॉ कालरात्रि को हूँ नतभाल।।

**8-महागौरी-** श्वेत वृषभ आसीन परम शुचि,पहने श्वेत वस्त्र सु-पुनीत।
शुभकारिणि जन हेतु;सदा जो महादेव के मन की मीत।।

**9-सिद्धिदात्री-** सेवक जिनके अमर असुर,गंधर्व यक्षगण सिद्ध महान।
वे मॉ नवम् सिद्धिदा सारी करें सिद्धियॉ हमें प्रदान।।

**नोट-**आप चाहें तो नवरात्र में प्रतिदिन एक माता की फोटो सहित एक पद्य डाल सकते हैं।ये पद्य शास्त्रोक्त ध्यान मंत्रों के हिंदी रूपांतर हैं।

# प्रकृति की नन्ही दूत है चिड़िया

## 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस पर विशेष

विश्व गौरैया दिवस नन्ही घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित

– रमेश सर्राफ धमोरा

पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और ध्यान की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है।



जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है।

आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है। जानकारो का कहना हैं कि यह चिड़िया शांति और सदभावना का संदेश लेकर आती है।

# ईद से पहले चेहरे पर लाना है निखार, तो अपनाएं ये टिप्स

ईद का दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। रमजान का महीना बीतने के बाद आखिरी दिन ये त्योहार मनाया जाता है। इस दिन के लिए काफी-काफी दिन पहले से तैयारी शुरू हो जाती है। घरों में लोग पकवान बनाते हैं, और अपने घर को भी खासतौर पर सजाते हैं। ईद के दिन हर कोई नए कपड़े पहनता है, जिसके लिए पहले से शॉपिंग शुरू कर दी जाती है। अगर महिलाओं और लड़कियों की बात करें तो हर त्योहार में उनका उत्साह देखने को मिलता है। ऐसे में अगर आप चाहती हैं, कि ईद के दिन आपका चेहरा खिला-खिला दिखे तो आज के इस लेख में हम आपको कुछ स्किन केयर टिप्स बताने जा रहे हैं। इन टिप्स को अपनाकर आपका चेहरा भी खिल उठेगा। इन टिप्स को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। तो आइए देर न करते हुए आपको भी इन टिप्स के बारे में बताते हैं।



**फेशियल-** ईद के पहले चेहरे का ग्लो बरकरार रखने के लिए आप फेशियल करा सकती है। अगर पार्लर जाने का समय नहीं है तो घरेलू चीजों के इस्तेमाल से आप घर पर ही फेशियल कर सकती हैं। फेशियल से आपकी त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिस वजह से त्वचा भी खिली-खिली रहेगी।

**चेहरे को दिन में दो बार धोएं**

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए त्वचा को दिन में दो बार सही तरह से साफ जरूर करे। इसके लिए किसी अच्छे फेसवॉश का इस्तेमाल करें। ताकि इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे की त्वचा सही तरह से साफ हो जाए।

**स्क्रब है जरूरी**

चेहरे की डेड स्किन निकालने के लिए स्क्रब बहद जरूरी है। इसके लिए आपको स्क्रब के होममेड पैक आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। अगर आप बाजार वाले स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करना चाहतीं, तो इसके लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लगाएं फेस पैक**

अगर आपको घरेलू चीजों के इस्तेमाल पर ज्यादा भरोसा है, तो घर पर ही फैस पैक तैयार करके आप इसका इस्तेमाल कर सकती है। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

# धूप से झुलस गई है त्वचा, तो इस तरह करें देखभाल

आमतौर पर गर्मियों में सनबर्न की समस्या ज्यादा होती है, क्योंकि सूर्य की तेज किरणें त्वचा को झुलसा देती हैं। इससे आपकी स्किव खराब हो जाती है। सनबर्न को रिमूव करना आसान नहीं होता। हम आपको इस लेख में 10 आसान घरेलू नुस्खे बताएंगे, जो आपकी सनबर्न की समस्या में राहत देंगी। सबसे पहले आप गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें, इससे आपकी त्वचा



हाइड्रेटेड रहे और उसमें रुखापन न आए। आप पानी के साथ-साथ, जलजीरा, आमपना, शिकंजी आदि का सेवन करें। त्वचा को अंदरुनी और बाहर दोनों ही तरफ से आपको हाइड्रेटेड रखना चाहिए। इसके लिए आप एलोवेरा जेल, कोकोनट वॉटर, गुलाब जल आदि को टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्किन हाइड्रेटेड और मॉइश्चराइज्ड रहती है। त्वचा पर मुल्तानी मिट्टी और चंदन का लेप भी लगा सकते हैं। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो इस लेप में शहद भी मिक्स कर सकते हैं। ऑयली त्वचा वालों को मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल मिक्स करना चाहिए। गर्मियों में आप दही और बेसन का स्क्रब भी चेहरे पर लगा सकते हैं। दोनों ही बहुत अच्छे एक्सफोलिएटर हैं और त्वचा की डेड स्किन को रिमूव करने की क्षमता को रखता है। आप चेहरे पर खीरे का रस भी लगा सकते हैं। इससे विटामिन-सी होते है, जो त्वचा के दाग-धब्बों को कम करता है और स्किन को गहराई तक साफ करता है। खीरे का रस लगाने से त्वचा को ठंडक और ताजगी भी आती है।

# इस तरह खुद से करें नेल आर्ट

आजकल नेल आर्ट का हर लड़की को बेहद शौंक है। नेल आर्ट की मदद से ना सिर्फ आपके हाथ खूबसूरत लगते हैं बल्कि आपकी पुरी लूक इससे बदल जाती है। लेकिन हमेशा पार्लर जाकर नेल आर्ट करवाना काफी महंगा पड़ता है ऐसे में हम आपको आज घर पर ही बेहद आसान तरीके से नेल आर्ट करने के कुछ खास तरीके बताएंगे जिससे आप भी घर पर अपनी पसंद की नेल आर्ट कर सकती हैं। **नेलपेंट रिमूवर :** नये नेल आर्ट को बनाने के लिए पुराने वाले को हटाना भी जरूरी होता है। इसलिए इसके लिए अच्छी क्वालिटी का नेलपेंट रिमूवर रखें। जो नाखूनों की सेहत को नुकसान ना पहुंचाता हो। उम्मीद है कि नेल आर्ट के लिए ये टिप्स आपके काफी काम आएंगे। **डॉटिंग टूल :** नेल पॉलिश मोटा होने के कारण आप उससे कोई छोटी डिजाईन नहीं बना सकते।

# गुड़ी पड़वा : जहां परंपरा प्रेरणा बनती है और संस्कृति जीवित होती है

जब नई शुरुआत की पहली आहट समय के द्वार पर दस्तक देती है और



– कृति आरके जैन

प्रकृति मुस्कुराकर नवजीवन का स्वागत करती है, तब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का पावन प्रभात एक अलौकिक आभा लेकर अवतरित होता है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में नए सृजन, नई आशा और नए उत्साह का उज्ज्वल आरंभ है–जिसे हम गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। स्वर्णिम किरणों के साथ जब यह दिन धरती को आलोकित करता है, तब हर आंगन में आशा की ध्वजा फहराती है और हर हृदय में नववर्ष का उत्साह उमड़ पड़ता है। यह उत्सव समय के चक्र में वह पवित्र बिंदु है, जहां अतीत का अनुभव और भविष्य की संभावनाएं एक साथ मुस्कुराती हैं।

जब इतिहास, आस्था और सृष्टि की स्मृतियां एक साथ जाग उठती हैं, तब गुड़ी पड़वा का असली महत्व सामने आता है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि उस दिव्य क्षण की याद है जब ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की। यह दिन धर्म की विजय का प्रतीक है, जहां सत्य ने असत्य पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। श्रीराम का अयोध्या आगमन हो या छत्रपति शिवाजी महाराज का स्वराज्य–हर गाथा इस दिन जीवंत हो उठती है। शालिवाहन की विजय इसे नवसंवत्सर का आधार बनाती है और यह संदेश देती है कि हर संघर्ष का अंत विजय में ही होता है। यह संगम गुड़ी पड़वा को अमर परंपरा और साहस, विश्वास की ज्योति बनाता है।

जब प्रकृति स्वयं नवजीवन के उत्सव में डूब जाती है, तब इस दिन का खगोलीय और प्राकृतिक महत्व और भी स्पष्ट हो जाता है। वसंत का पूर्ण जागरण, सूर्य की कोमल ऊष्मा और खेतों में लहराती सुनहरी फसलें इस बात की साक्षी हैं कि धरती नई ऊर्जा से भर उठी है। रबी फसलों की कटाई और नई बुआई की तैयारी इस पर्व को किसान के जीवन से गहराई से जोड़ती है। यह दिन सहज ही यह संदेश देता है कि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है, और हर अंत अपने भीतर एक नए आरंभ की संभावना संजोए होता है। इसी कारण गुड़ी पड़वा केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहता, बल्कि यह प्रकृति, विज्ञान और जीवनदर्शन का अद्भुत संगम बन जाता है।

गुड़ी पड़वा का सबसे जीवंत रूप गुड़ी की स्थापना में दिखाई देता है, जो विजय और समृद्धि का प्रतीक है। ऊंचे बांस पर सजे रेशमी वस्त्र, कड़ुनिंब की पत्तियां, आम के तोरण, पुष्पमालाएं और शीर्ष पर तांबे का कलश–सब मिलकर एक दिव्य ध्वज बनाते हैं। यह सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि आशा, एकता और अडिग विश्वास का संकल्प है। जब यह ध्वज पूर्व दिशा में लहराता है, तो ऐसा लगता है मानो सूर्य स्वयं इसकी आभा को नमन कर रहा हो। हर झोंका इसमें संदेश भर देता है–ऊपर उठो, आगे बढ़ो और हर परिस्थिति में विजय पाओ।

जब श्रद्धा और उत्साह घर की चौखट पर उतरते हैं, तब गुड़ी पड़वा के अनुष्ठान पूर्ण रूप में जीवंत हो उठते हैं। प्रातः स्नान के बाद परिवार मिलकर गुड़ी की स्थापना करता है, जो केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और आनंद का उत्सव बन जाती है। रंगोली, तोरण और नए वस्त्रों में सजे चेहरे घर को दिव्य आभा से भर देते हैं। मंत्रों की गूंज, दीपशिखा की उज्ज्वल लौ और धूप की सुगंध इस अनुष्ठान को सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन में मंगल की कामना का शक्तिशाली माध्यम बना देती हैं।

जब स्वाद में भी परंपरा की आत्मा बसती है, तब यह उत्सव और भी पूर्ण हो उठता है। गुड़ी पड़वा के पारंपरिक व्यंजन केवल भोजन नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का संदेश हैं। कड़ुनिंब की कड़वाहट और मिठास का संगम यह सिखाता है कि जीवन के हर अनुभव का अपना महत्व है। पूरनपोली, श्रीखंड और अन्य पकवानों की सुगंध घर-आंगन में आनंद घोल देती है। यह पाक परंपरा केवल स्वाद की तृप्ति नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है, जो हमें ऋतु के अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

जब समाज एक साथ उल्लास में खिल उठता है, तब गुड़ी पड़वा अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। यह पर्व केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि गलियों, बाजारों और समुदायों में जीवंत हो उठता है। नृत्य, गीत, जुलूस और पारंपरिक वेशभूषा इस दिन को रंग और उत्साह से भर देते हैं। नई शुरुआत की हलचल और सपनों की तैयारी हर ओर दिखाई देती है। आधुनिक युग में भी यह पर्व अपनी जड़ों को संजोकर नई पीढ़ी को सिखाता है कि परंपरा ही भविष्य की ऊंचाइयों की नींव है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक चेतना का प्रखर प्रतीक बनकर उभरता है।



–ज्योतिषाचार्य–पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते वसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अमावस्या तिथौ गुरु वासरे 06/54/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 28/05/ शुक्ल योग 25/17/ नाग करणे 06/54/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** विक्रंम संवत (सिद्धार्थ) प्रारम्भ। चैत्र वसंतिक नवरात्रारम्भ। कलश स्थापना। गुड़ी पडवा। गुरू अमरदास गुरुयाई दिवस। आर्य समाज स्थापना दिवस। चांद संवत्सर 2082(काल) विक्रमीय समाप्त।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव व रोग से बचें। यात्रा की सम्भावनाएं बनेंगी।

**वृष :** रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। यात्रा का योग है। स्वस्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** परिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहें प्रयास फलीभूत होगें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा ना करे। सम्बन्धों मे विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुलन पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। सम्बन्धो में निकटता आयेगी।

# बीडीओ ने समीक्षा कर विकास योजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

## गौशाला संचालन में शिथिलता पाए जाने पर दी कार्रवाई की चेतावनी



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी रामनगर जितेंद्र कुमार ने पंचायत सचिवों तकनीकी सहायकों रोजगार सेवको के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की समीक्षा की। मनरेगा योजना के द्वारा कराए जा रहे कार्यों में तेजी लाने गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य कराने तथा गौशाला संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।बुधवार को ब्लॉक सभागार में बैठक करते हुए खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत वार विकास योजनाओं की प्रगति जानी बीडीओ ने सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि कि एसएफसी पुलिंग की धनराशि संबंधित गौशालाओं में तत्काल भेजी जाए, हरे चारे की बुवाई का कार्य समयानुसार सुनिश्चित कर लिया गया जाए,। गौशाला में संरक्षित पशुओं को सुबह 8 से 9 बजे व संयम 4 से 5बजे के मध्य भूसा, सैलेज, दाना एवं हरा चारा पर्याप्त मात्रा में दिया जाए, सभी पंचायत सचिव और सेक्टर प्रभारी नियमित रूप से गौशालाओं का भ्रमण करें, पशुओं को स्वच्छ पेयजल धूप से बचाव हेतु टाट लगाए, फुहारेदार पानी का छिड़काव कराया जाए तथा साफ सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए । इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही नहीं होनी चाहिए।खंड विकास अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि शेष फैमिली आईडी बनाने का कार्य अभियान चलाकर किया जाए अधूरी आवास पूरे कराई जाए जाए, जॉब कार्ड धारकों का शत प्रतिशत तीन दिवस के अंदर ई के वाई सी कराने तथा अपूर्ण मनरेगा कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण किए जाने के सख्त निर्देश दिये बी डी ओ जितेंद्र कुमार ने विद्यालयों में तथा गांवों में खराब हैंडपंपों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीओ पंचायत अभय शुक्ला, ए डी ओ आईएसबी जयराम वाल्मीकि, एडीओ कृषि डॉक्टर दलबीर सिंह यादव, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मिथिलेश कुमार यादव सचिव दयानंद, रवि प्रकाश अवस्थी विनीत राय, अमित मौर्य, बीना चतुर्वेदी, अंकित, श्यामली जायसवाल, रत्नेश, कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह, लेखा सहायक अशोक कुमार, तकनीकी सहायक अमर सिंह, प्रमोद कुमार, राजेंद्र प्रसाद, आफताब, आलम अपराजिता पाल, प्रभात वर्मा, ललित, कुमार अखिलेश शर्मा सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

# घटिया सामग्री से बनवाए जा रहे वन विभाग की ओर से ट्री गार्ड

## वन दरोगा पर ठेकेदार को संरक्षण देने का आरोप



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** वन विभाग की ओर से लोधेश्वर महादेवा से केसरीपुर गांव तक हरित पट्टी विकसित करने के नाम पर ट्री गार्ड निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें बड़े पैमाने पर घटिया सामग्री इस्तेमाल कर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है।सड़क के दोनों किनारे पर लगाए जा रहे ट्री गार्ड घटिया सामग्री के चलते एक तरफ ट्री गार्ड बन रहे हैं दूसरी तरफ अपने आप टूट रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देने के बजाय कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं।जानकारी के अनुसार, इस मार्ग पर करीब 500 पौधों का रोपण किया जाना है, जिनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड बनाए जा रहे हैं। लेकिन निर्माण कार्य में मानकों को दरकिनार कर पीली ईंट और अत्यधिक बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालत यह है कि ईंटें ट्रॉली से उतरते ही टूट जा रही हैं, जबकि तैयार हो रहे ट्री गार्ड कुछ ही समय में ढहने लगे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा लागत बचाने के लिए निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। एक ओर ट्री गार्ड बनाए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर वे भर भरा कर गिर रहे हैं। इससे साफ संकेत मिलता है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही के साथ-साथ भ्रष्टाचार भी किया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार हरित पट्टी और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर जिम्मेदार लोग इस मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने में जुटे हैं। यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो पौधारोपण अभियान भी विफल हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी धन की बर्बादी रोकी जा सके और पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। विभागीय सूत्र बताते हैं की वन दरोगा सचिन पटेल की देखरेख में ट्री गार्ड का निर्माण कराया जा रहा है हालांकि संबंध में पूछे जाने पर वन दरोगा ने बताया विभाग के द्वारा ठेका दिया गया है शुक्ला ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा उसमें मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

# जनपद को विकास की बड़ी सौगात : 2180.98 लाख के 7 लघु सेतु स्वीकृत

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी के समग्र विकास को नई गति प्रदान करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं से न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नया विस्तार मिलेगा।केंद्र सरकार द्वारा बाराबंकी से बहराइच के मध्य 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे निर्माण परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है। लगभग 6,969 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली यह परियोजना पूर्वांचल एवं तराई क्षेत्र के बीच आवागमन को तेज, सुरक्षित एवं सुगम बनाएगी। इससे व्यापार, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ जनपद बाराबंकी की रणनीतिक महत्ता भी बढ़ेगी।इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा जनपद में विभिन्न विकास खंडों के अंतर्गत 7 लघु सेतु (आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट सहित) निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लागत 2180.98 लाख रुपये है। इन कार्यों के अन्तर्गत 975.59 लाख की लागत से ब्लाक बनीकोडर में बाजपुर -पाराहाजी सम्पर्क मार्ग पर 3×18.75 मी0 लघु सेतु का निर्माण, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति का कार्य, विकास खंड सूरतगंज में 487.13 लाख की लागत से जलालपुर से सरदार बगला वाया धनवालिया मार्ग पर लघु सेतु सहित पहुंच मार्ग का निर्माण,313 लाख की लागत से मरकामऊ चौकाघाट मार्ग के किमी 2 में स्थित क्षतिग्रत लघु सेतु स्थान पर आरसीसी बॉक्स कलवर्ट का निर्माण,169.81 लाख की लागत से विकास खण्ड बंकी में ज्योली शाहबपुर जहाँगीराबाद मार्ग से बाराबंकी देवा फतेहपुर मार्ग वाया कनौजिया मार्ग के किमी 04 में आर0सी0सी0 बॉक्स कल्वर्ट एवम पहुँच मार्ग का निर्माण,92.65 लाख की लागत से विकास खण्ड हरख के अंतर्गत सराय सिकंदरपुर संपर्क मार्ग के बरसाती नाला पर स्पान के आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण,107.44 लाख की लागत से विकास खण्ड सिद्धौर के अंतर्गत पूरब बेलाव मार्ग से मसारा मार्ग के मध्य नाले पर आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण तथा 35.36 लाख की लागत से लक्ष्यबर बजहा करपिया नेवला मार्ग के किमी 01 पर क्षतिग्रस्त पुलिया के बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण शामिल है।इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मध्य संपर्क सुदृढ़ होगा, आवागमन की बाधाएं दूर होंगी तथा स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सहूलियत के साथ-साथ समय एवं लागत की बचत भी होगी।

# दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन कैम्प आयोजित



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** विकास खंड मसौली बुधवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को आसरा सेन्टर के तत्वाधान मे शिवशरण भगौती प्रसाद सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय वायो श्री योजना एव एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांग एव वृद्धजनों के लिए निशुल्क रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम दिन एक सैकड़ा से अधिक लोगो का पंजीकरण किया गया। कैम्प व्यवस्थापक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़ागांव के एक सैकड़ा से अधिक दिव्यांग एव वृद्धजन का रजिस्ट्रेशन किया गया एक माह के भीतर सभी पंजीकृत लोगो की जाँच की जायेगी जांच के बाद जरूरत के अनुसार कृत्रिम अंगों का निशुल्क वितरण किया जायेगा। जिसमे लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, छड़ी, कान की मशीन, बैसाखी, घुटने की बेल्ट जैसी सहायक सामग्री दी जायेगी।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने संस्थान के अधिकारियो एव कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि दिव्यांग एव वृद्धजनों की सेवा करना बहुत ही सराहनीय कार्य है छूटे हुए दिव्यांग एव वृद्धजन 25 मार्च तक पंचायत भवन बड़ागांव मे सम्पर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते है 25 मार्च को पंचायत भवन बड़ागांव मे पुनः कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

# समस्याओं के निस्तारण के लिए एडीएम ने दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आज अपरान्ह 12:00 बजे से लोक सभागार में अपर जिलाधिकारी, न्यायिक की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्रगतिशील कृषक विक्रान्त सैनी, लालजी यादव, देवेन्द्र सिंह, मो0 तुफैल, विरेन्द्र कुमार व शिवमोहन वर्मा सहित अपर जिलाधिकारी, प्रभारी मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत, रामसनेहीघाट, मण्डी सचिव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई के साथ ही कृषि एवं सम्वर्गीय विभागों के जनपदस्तरीय अधिकारीगण एवं विभिन्न विकास खण्डों के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा विगत किसान दिवस में कृषकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी, न्यायिक द्वारा प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा की गई। इसके उपरान्त किसान भाइयों द्वारा विभिन्न विषयों पर अपनी शिकायतें प्रस्तुत की गई। विक्रान्त सैनी द्वारा अनुरोध किया गया कि मंत्री के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में आलू भण्डारण शुल्क की पुनः समीक्षा करने हेतु कोल्ड स्टोर मालिकों एवं किसान प्रतिनिधियों की बैठक आहूत कराकर उचित कार्यवाही कराई जाये। विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के कृषक शिवमोहन वर्मा द्वारा बताया गया कि जलजीवन मिशन के अन्तर्गत अभी तक ग्राम पैकौली, रौनी, त्रिवेदीगंज, बुढ़नापुर, ककरी एवं तेजवापुर आदि में पानी नहीं पहुंच रहा है।विकास खण्ड देवा के कृषक श्री राघवेन्द्र सिंह द्वारा अनुरोध किया गया कि ग्राम उसरहा में कमलेश के खेत गाटा संख्या 101 तक चकमार्ग की पटाई पूर्ण कराई जाये। देवेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम ढेढिया में अभी तक न टंकी रखी गई है और न ही टोटी लगाई गई है जिससे आमजन को समस्या हो रही है। श्री विक्रान्त सैनी द्वारा अवगत कराया गया कि दुन्दपुरवा पावर हाउस के बरेठी गांव में मुर्गा वाली गली में विजली का खम्भा लगना है। कई बार शिकायत के बाद भी अभी तक नहीं लगा है। यह भी अनुरोध किया गया कि आगामी किसान दिवसों में जनपद के अलग-अलग विकास खण्डों में विभिन्न फसलों की अग्रणी खेती कर रहे किसान भाइयों को सम्मानित किराया जाये ताकि उनका उत्साहवर्धन हो और अन्य किसान भाई भी अच्छी खेती हेतु प्रेरित हो सकें। श्री सैनी द्वारा यह भी बताया गया कि ग्राम पंचायत बहुत, विकास खंड त्रिवेदीगंज में कृषक के मन करने के बावजूद जबरन स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है7 लालजी यादव द्वारा बताया गया की देवा ब्रांच में नहर आधी क्षमता से ही चल रही है। यह भी अनुरोध किया गया कि जायद में मेंथा हेतु नहरों में पानी बढ़ाया जाये ताकि किसान भाइयों को समस्या न हो।

# बड़े हादसे का कारण बन सकता है पकरिया का पेड़



**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** नहर पटरी पर स्थित विशाल पकरिया का पेड़ विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हर समय खतरे का कारण बना हुआ है।विद्यालय के रसोईघर पर टिका यह पेड़ कभी भी धराशायी होकर बड़े हादसे का कारण बन सकता है।शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमिलहरा के निकट से नहर गुजरी हुई है । नहर की पटरी पर लगा पकरिया का पेड़ रसोई घर की दीवाल पर लटका हुआ है। इसी रसोईघर में मध्यान्ह भोजन बनता है और बच्चे भी भोजन के लिए यही पर आते हैं। निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य बद्री साहू ने भवन व बच्चों के लिए खतरा बने इस पेड़ को हटवाने की गुहार जिलाधिकारी से लगायी है।

# होली मिलन समारोह एवं जिला सम्मेलन का आयोजन



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** सेवानिवृत माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन उप्र के तत्वावधान में शहर के डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली मिलन समारोह एवं जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र तथा अति विशिष्ट अतिथि कार्यकारी महामंत्री रमेश चंद्र सिंह, प्रचार मंत्री एमडी मिश्रा एवं लखनऊ के जिला अध्यक्ष के के मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला अध्यक्ष सुरेश चन्द्र बैसवार ने की। समारोह का प्रारम्भ प्रदेश अध्यक्ष एवं का. महामंत्री द्वारा सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके हुआ। जिला के कोने कोने से आए सेनि शिक्षक एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। सभी ने आपस में गले मिलकर होली मिली, जिला मंत्री ने सभी के माथे पर अबीर लगाया।इस अवसर पर नींबू लाल गुप्ता, कृष्ण वर्मा तथा अन्य शिक्षकों ने होली गीत/कविताएं प्रस्तुत किये । इस अवसर पर एक कवि समारोह भी आयोजित हुआ जिसमें अनिल श्रीवास्तव लल्लू व्यंग्यकार , गीतकार साहब नारायण शर्मा,ओज कवि दीपक दिवाकर, गीतकार सोहन आजाद, गीतकारसुखद तथा एम डी मिश्रा आदि कवियों ने सरस्वती वंदना श्रृंगार,ओज, हास्य-व्यंग्य की रचनाएं तथा होली गीत गाकर समां बांधा तथा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य समारोह का संचालन व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू द्वारा किया गया। जिला सम्मेलन में जिला मंत्री केके शर्मा ने अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि संगठन के प्रयास से संगठन से जुड़े लगभग सभी शिक्षकों को नोशनल वेतन-वृद्धि तथा उसके कारण देर ग्रेच्युटी का भुगतान हो चुका है। दिवंगत हुए सेवा निवृत्त शिक्षकों की पत्नियों को पारिवारिक पेंशन दिलाने का कार्य किया जा चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र ने प्रदेश स्तर पर नेशनल वेतन-वृद्धि के कार्य की प्रगति पर प्रकाश डाला तथा पेंशन राशिकरण की वापसी के बारे में उच्च न्यायालय के निर्णय तथा सरकार द्वारा गठित समिति के निर्णयों पर प्रकाश डाला। कार्यकारी महामंत्री रमेश चंद्र सिंह ने सभी जनपदों में संगठन की क्रिया शीलता का को बताया। कहा कि बैसवार ज़ी के नेतृत्व में संगठन मजबूत है और प्रदेश संगठन को भी उनके सुझाव व मार्गदर्शन मिलता है। जिला अध्यक्ष सुरेश चन्द्र बैसवार ने अपने गिरते स्वास्थ्य के कारण जिला की अध्यक्षता किसी अन्य से नि शिक्षक को देने का अनुरोध किया परन्तु उपस्थित सदस्यों ने इसे स्वीकार नहीं किया और उन्हें अधिकार दिया कि वे कार्य कारिणी का गठन करे उसमे कार्यकारी अध्यक्ष व मंत्री नियुक्त कर लें जो आपका सहयोग करें।अंत में दिवंगत पदाधिकारियों व शिक्षकों कौशल प्रसाद शुक्ल,रामदेव सिंह, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा व के डी पांडेय की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# क्षेत्र पंचायत बनीकोडर की बैठक बाबा रामसनेही सभागार में आयोजित

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** पूर्व जारी एजेण्डा के अनुसार क्षेत्र पंचायत बनीकोडर की बैठक बाबा रामसनेही सभागार में आयोजित हुयी। बैठक में प्रमुख श्रीमती उर्मिला देवी, पूर्व प्रमुख चन्द्रशेखर, सांसद अयोध्या के प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, लगभग 100 क्षेत्र पंचायत सदस्य / ग्राम प्रधान सहित विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।बैठक निर्धारित एजेण्डा के अनुसार संचालित की गयी, जिसमें सर्वप्रथम गत कार्यवाही सदन में पढकर सुनाई गयी। जिसकी उपस्थित सदस्यों द्वारा हाथ उठाकर सर्व सम्मति से पुष्टि की गयी। इसके पश्चात् एजेण्डा के अनुसार स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, के अधिकारियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संचालित योजना/कार्यकमों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से सदन में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराते हुये लाभार्थीपरक योजनाओं का पात्रों को लाभ पहुँचाने का अनुरोध किया गया।सहायक विकास अधिकारी (स0क0) द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुये वि0ख0 के अन्तर्गत 9561 वृद्धा पेंशन, 5609 निराश्रित महिला पेंशन, व 1588 दिव्यांग पेंशन स्वीकृत / प्राप्त होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इसी प्रकार स0वि0अ0 (50), सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0), सहायक विकास अधिकारी (कृषि) एवं अवर अभियन्ता (ल0सिं0) द्वारा अपने-अपने विभाग से संचालित योजना / कार्यक्रम की प्रगति सूचना प्रस्तुत की गयी।डा0 विनय कुमार मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमन्त्री / मुख्यमन्त्री आवास योजना (ग्रा0) के अन्तर्गत विकास खण्ड बनीकोडर में वर्ष 2016-17 से अब तक 6081 प्रधानमन्त्री आवास एवं वर्ष 2019-20 से अब तक 1082 मुख्यमन्त्री आवास का आबंटन किये जाने एवं 11 प्रधानमन्त्री आवास एवं 65 मुख्यमन्त्री आवास अभी तक अपूर्ण होने के सम्बन्ध में अवगत कराये ।

# प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्यमंत्री ने गिनाई उपलब्धियां



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्यमंत्री खाद्य रशद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सतीश चन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, जिलाध्यक्ष भाजपा एवं एवं जनप्रतिनिधिगणों, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी की गरिमामई उपस्थिति में डीआरडीए गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कलेक्ट्रेट परिसर पर प्रदर्शनी/स्टॉलों का जनप्रतिनिधिगणों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की गई। इस मौके पर कलेक्ट्रेट सभागार में, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया तथा उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन को कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित जन प्रतिनिधिगणों तथा अधिकारयों/कर्मचारियों एवं लाभार्थियों ने देखा तथा सुना।कार्यक्रम के पश्चात जनपद में राज्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्षा और जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने प्रेस वार्ता कर जनपद नव निर्माण कार्यों एवं संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।इस अवसर पर राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज पूरा उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति, विकास और उन्नति की ओर अग्रसर है। सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से प्रदेश में एक नए युग का निर्माण हो रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करते हुए यह नव वर्ष प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रतीक बन रहे हैं।

# दादी भक्तों ने किया भण्डारे का आयोजन



**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** श्री नारायणी नमो नमो हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या तिथि पर बुधवार को दादी को तहरी का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। श्री दादी जी की आरती के बाद सियाराम अग्रवाल के कस्बा स्थित प्रतिष्ठान पर हुआ। इस अवसर राजकुमार झुनझुनवाला,राजेंद्र झुनझुनवाला, शिव ओम अग्रवाल, रविंद्र झुनझुनवाला,उदय नारायण अग्रवाल, हैप्पी अग्रवाल,शिव नारायण अग्रवाल,शैलेंद्र सिंघल, अनुज अग्रवाल,संजीव गोयल,अनुजा गर्ग,रामकुमार मिश्रा,शिवकुमार चतुर्वेदी, शांतम अग्रवाल, जितेंद्र सिंघल, शिव बहादुर सिंह, अंशुमान झुनझुनवाला,अंकित अग्रवाल, संतोष झुनझुनवाला,रमेश अग्रवाल, रमेश शुक्ला,राम प्रकाश वैश्य, दिलीप झुनझुनवाला,सौरभ मिश्रा,वेद प्रकाश बाजपेयी,आशुतोष गर्ग एवं अन्य दादी भक्त उपस्थित थे।

# कृष्ण के जन्म कथा सुनकर झूम उठे भक्तजन



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।**विकास खंड मसौली की ग्राम पंचायत अकबरपुर धनेठी के मजरे मोहद्दीनपुर में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद भगवतकथा कथा पांचवे दिन श्री कृष्ण जन्म उत्सव की कथा सुनाई गई। भक्तजन कृष्ण के जन्म को सुनकर हरे कृष्णा के स्वरों के साथ झूम उठे। कथावाचक रामहेत रसिया ने कहा कि द्वापर युग में जब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया, ठीक उनके पहले मां दुर्गा ने योग माया के रूप में जन्म लिया था। मां दुर्गा का यह दिव्य अवतार कुछ समय के लिए था।गर्गपुराण के अनुसार भगवान कृष्ण की मां देवकी के सातवें गर्भ को योगमाया ने ही बदलकर कर रोहिणी के गर्भ में पहुंचाया था, जिससे बलराम का जन्म हुआ। योगमाया ने यशोदा के गर्भ से जन्म लिया था। इनके जन्म के समय यशोदा गहरी नींद में थीं और उन्होंने बालिका को देखा नहीं था। तथा कंस के कारागार में देवकी के आठवें पुत्र के जन्म लेने के बाद वसुदेव उस बालक को नंद के यहां यशोदा के पास लिटा दिया, जिससे बाद में आंख खुलने पर यशोदा ने बालिका के स्थान पर पुत्र को पाया। वासुदेव यशोदा के यहां जन्मी बालिका( योगमाया) को मथुरा वापस आ गये और जब कंस ने उस बालिका को मारना चाहा तो वह हाथ से छूट कर आकाशवाणी करती हुई चली गई। देवी योगमाया के बारे में कहा जाता है कि वे भगवान श्रीकृष्ण की बहन थी, जो उनसे बड़ी थीं। कथावाचक रामहेत रसिया ने छप्पन भोग की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार कृष्ण के प्रेम में डूबी गोपिकाओं ने मास पर्यन्त यमुना में ब्रम्ह मुहूर्त में स्नान किया. इस स्नान के पीछे जो वजह थी वह यह कि सभी गोपियां श्री कृष्ण को अपने वर के रूप में देखना चाहती हैं. इस स्नान के बाद सभी गोपियों ने मां कात्यायनी से वर चाहा कि उन्हें श्री कृष्ण ही पति के रूप में मिलें. अपने इस वर के बदले उन्होंने मां कात्यायनी को उद्यापन में छप्पन तरह के आहार देने की मन्नत मांगी थी. बस इसी के बाद से छप्पन भोग आस्तित्व में आया ।इस मौक़े पर सफदरगंज चौराहा निवासी सपा यूवा नेता ज्ञान सिंह यादव,रामापति यादव मामा, आयोजक अमित सक्सेना, शेषराम, सर्वेश कुमार, रामरूप,पवन कुमार, अशोक, आनंद, भोला, दिलीप कुमार समस्त ग्राम वासी मित्र सहित सैकड़ो भक्त कथा सुन भाव विभोर हो गये।

# इस नवरात्र विंध्याचल दर्शन होगा आसान

## आठ दिन में कई शहरों से 65 अतिरिक्त बसें चलाएगा रोडवेज



**वाराणसी।** नवरात्र में मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने सोच रहे हैं तो राहत भरी खबर है। रोडवेज विंध्याचल धाम जाने के लिए कई शहरों से आठ दिन में 65 अतिरिक्त बसें चलाएगा। चैत्र नवरात्र में विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत होगी। परिवहन निगम की ओर से नवरात्र में 18/19 मार्च से 27 मार्च तक के लिए 86 बसों को संचालन होगा। यह बसें वाराणसी, काशी के साथ ही गाजीपुर, जौनपुर आदि जगहों से चलाई जाएंगी। अब तक इस रूट पर केवल 21 बसों का संचालन होता था। 65 अतिरिक्त बसों के संचालन से अब हर आधे घंटे पर विंध्याचल के लिए बसें मिल जाएंगी। नवरात्र पर पहले दिन से लेकर नवमी तक बड़ी संख्या में लोग मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने जाते हैं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसको लेकर परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों को चलाने का निर्णय लिया गया है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र से तीन गुना पूजा स्पेशल बसें बढ़ाई गई हैं। यात्रा को लेकर किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए हेल्पडेस्क नंबर 8726005897 भी जारी किया गया है। समस्या पर कोई भी यात्री इस नंबर पर फोन कर सकता है। क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि परिवहन निगम वाराणसी परिक्षेत्र के आठों डिपो से बसों का संचालन होगा। इसमें जौनपुर डिपो से सबसे अधिक 20 अतिरिक्त बसें लगाई गई हैं। कैंट और काशी डिपो से 10-10 अतिरिक्त बसें, जबकि गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र और विंध्यनगर से भी अतिरिक्त बसों का संचालन होगा।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दो श्रद्धालुओं की मौत

## मासूम समेत सात गंभीर रूप से घायल

**पीलीभीत।** पीलीभीत के दियोरिया कलां क्षेत्र में वीर सिंहपुर मोड़ पर बुधवार दोपहर कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार दो श्रद्धालुओ की की मौत हो गई। सात श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना बिलसंडा क्षेत्र के गांव बबूरा के नौ श्रद्धालु ई-रिक्शा में सवार सवार होकर दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव इलाहाबांस के देवी मेला में जा रहे थे। रास्ते में बीसलपुर-दियोरिया मार्ग के वीर सिंहपुर मोड़ पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से ई-रिक्शा से टकरा गई।

कार की टक्कर लगने से ई-रिक्शा सवार सभी नौ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां दो श्रद्धालुओं को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में 15 वर्षीय राहुल पुत्र श्रीपाल और 60 वर्षीय जसोदा पत्नी राम मूर्ति शामिल है। दियोरिया कोतवाली पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर रूप से घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हादसे में 12 वर्षीय अमन कुमार पुत्र श्रीपाल, 30 वर्षीय राजेश्वरी देवी पत्नी राजू , 10 वर्षीय सुधा कुमारी पुत्री श्रीपाल, चार वर्षीय शोभा पुत्री संजय कुमार, 15 वर्षीय काजल पुत्री रामदुलारे, पांच वर्षीय मुनेंद्र सिंह पुत्र मनीष सिंह और 40 वर्षीय अन्नपूर्णा पत्नी श्रीपाल घायल हुई हैं। इन सभी का उपचार चल रहा है।

# हारिश के संपर्क में थे पश्चिम यूपी के कई छात्र

## होश उड़ाने वाले कारनामे सुन हर कोई हैरान

**मुरादाबाद।** आतंकी संगठन अपने साथ डॉक्टर, इंजीनियर, मदरसे के छात्र और शिक्षकों को जोड़ने की मुहिम चला रहे हैं। इसके लिए हारिश को तैयार किया गया ताकि इसके जरिए अधिक से अधिक अन्य लोगों को जोड़ा जाए। हारिश के मोबाइल, लैपटॉप और डायरी से जो सुराग हाथ लगे हैं उसके मुताबिक वह पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिलों के 50 से ज्यादा छात्रों को अपने साथ जोड़ चुका था और उनसे ग्रुप पर बात करता था। सहारनपुर निवासी हारिश दो साल से मुरादाबाद में रह रहा था। आईएस के संपर्क में आया हारिश पांच बार जम्मू कश्मीर घूमने गया था लेकिन उसने हर बार अपने रूम पार्टनर से ही बताया था कि वह अपने घर सहारनपुर जा रहा है। जम्मू कश्मीर से लौटने के बाद ही उसने ऑन लाइन मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, अमरोहा और रामपुर के अलावा सहारनपुर, शामली, मेरठ और अन्य जिलों के डॉक्टर, मेडिकल छात्र, इंजीनियर छात्र, मदरसा छात्र और टीचर भी अपने साथ जोड़ लिए थे। एटीएस और अन्य एजेंसियों की पूछताछ में उसने कबूला है कि वह सोशल मीडिया पर ऐसे लोगों को फॉलो करता था जो देश या सरकार के खिलाफ कमेंट्स और पोस्ट करते हैं। इनमें खासकर डॉक्टर, इंजीनियर या फिर अन्य अच्छे पढ़े लिखे छात्र थे। यह काम वह अपने आकाओं के इशारे पर कर रहा था। उसे निर्देश मिलते थे कि संगठन में अब ज्यादा से ज्यादा पढ़े लिखे और तकनीकी तौर पर मजबूत लोगों की जरूरत है। इस लाइन पर हारिश काम कर रहा था। माना जा रहा है कि एटीएस अभी कुछ और लोगों को उठाकर पूछताछ कर सकती है।

कुख्यात आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट(आईएस) के लिए ऑनलाइन भर्तियां करने वाला बीडीएस का छात्र कॉलेज के हॉस्टल में शामली के रूम पार्टनर के साथ रहता था। छुट्टी वाले दिन भी वह शहर में किसी के साथ घूमने नहीं गया। ज्यादा समय अपने कमरे में रहता था। पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने कॉलेज पहुंच कर रूम पार्टनर से पूछताछ की तो कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। उसके कारनामे सुनकर हर कोई हैरान है।

सहारनपुर के मोहल्ला मानक मऊ निवासी रियासत हुसैन ने दो साल पहले अपने बेटे हारिश का मुरादाबाद के एक कॉलेज में बीडीएस में दाखिला कराया था। उसी दौरान शामली के एक छात्र ने भी कॉलेज में बीडीएस में दाखिला लिया था। शामली और सहारनपुर आस पास होने के कारण हारिश और दूसरे छात्र के बीच बातचीत हुई तो दोनों एक ही रूम में रहने को तैयार हो गए थे।

### रूम पार्टनर को कभी नहीं होने दिया अहसास

दो साल तक साथ रहने के बाद भी हारिश ने अपने रूम पार्टनर को कभी एहसास तक नहीं होने दिया कि वह किसी आतंकी संगठन से जुड़ा है और वह इतनी बड़ी साजिश रच रहा है। सोमवार को हारिश की गिरफ्तारी के बाद रूम पार्टनर भी हैरान रह गया।

## एक नजर

### मेरठ : स्पोर्ट्स फैक्टरी में भीषण आग, लाखों की क्षति

**मेरठ।** मेरठ शहर में मंगतपुरम क्षेत्र की हाईटेक स्पोर्ट्स फैक्टरी में मंगलवार को आग लग गई। आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजकर 18 मिनट पर हाईटेक स्पोर्ट्स फैक्टरी में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। वे दमकल कर्मियों के साथ तुरंत मौके पर रवाना हो गए। पांच दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। गनीमत रही कि आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है। ब्रह्मपुरी थाना प्रभारी राजेश कंबोज के अनुसार, आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग से किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि, फैक्टरी के अंदर रखा लाखों रुपये का कीमती सामान जलकर खाक हो गया। आग की वजह से फैक्टरी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### देवर से नहीं किया निकाह तो पति ने तीन तलाक देकर निकाला

**प्रयागराज।** मंसूराबाद इलाके की एक विवाहिता को उसके पति ने तीन तलाक देकर इसलिए ससुराल से निकाल दिया कि उसने देवर के साथ निकाह करने से इन्कार कर दिया था। शिकायत पर एयरपोर्ट पुलिस ने आरोपी पति और देवर समेत ससुराल के चार अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एयरपोर्ट कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने बताया कि उसका निकाह सउदी अरब में नौकरी करने वाले मंसूराबाद निवासी एक युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी में कम दहेज मिलने को लेकर पति ने उससे दूरी बना ली और ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। शिकायत करने पर ससुराल के लोग देवर के साथ निकाह करने का दबाव बनाने लगे। इसका विरोध करने पर पीड़िता को तेजाब डाल कर जान से मारने की धमकी दी गई। उसने पति से शिकायत की तो उसने भी देवर के साथ निकाह करने की बात कहते हुए तीन तलाक देकर ससुराल से निकाल दिया। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से फरियाद लगाई। पुलिस आयुक्त के आदेश पर एयरपोर्ट पुलिस ने पति, देवर सहित सास, ससुर और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### पूर्व सहपाठी ने ही किया छात्रा का शारीरिक व मानसिक शोषण

**पहले हड़पे 50 लाख के जेवर और नकदी, फिर कर दिया बदनाम**

आगरा। आगरा के जगदीशपुरा क्षेत्र की रहने वाली छात्रा का पूर्व सहपाठी ने ही शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया। फेसबुक आईडी हैक कर फोटोशॉप से फोटो बदलकर ब्लैकमेल कर दिया। 50 लाख तक के जेवरात हड़प लिए। बेटी की तबियत खराब होने पर परिजन को पता चला। आरोपी ने पुलिस से शिकायत करने पर झूठे आरोप लगाए। बदनामी के डर की वजह से परिवार आगरा से बाहर जाकर रहने लगा है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी। थाना जगदीशपुरा क्षेत्र निवासी पीड़ित छात्रा के पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बेटी जब 12वीं की पढ़ाई कर रही थी, तब उस पर स्कूल में पढ़ने वाला कृषि गुप्ता गलत नजर रखने लगा। उसकी फेसबुक आईडी हैक कर ली। फोटो को साफ्टवेयर की मदद से बदलकर बेटी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वह बेटी पर दबाव बनाकर घर से गहने और रुपये मंगाने लगा। धीरे-धीरे करके गहने और रुपये जाने की वजह से किसी को पता नहीं चला। घर से तकरीबन 3 लाख रुपये और 50 लाख के गहने ले लिए।

# एडेड जूनियर हाईस्कूलों में अध्यापकों की कमी

**प्रयागराज।** प्रदेश के सहायता प्राप्त (एडेड) जूनियर हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापकों की भारी कमी से शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2019 के बाद से नई भर्तियां नहीं होने से प्रदेश के हजारों विद्यालय शिक्षक संकट से जूझ

- प्रभावित हो रहा पठन-पाठन



रहे हैं, जिससे पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। प्रदेश में 3049 सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल हैं। नियमानुसार इनमें 1438 प्रधानाध्यापक और 8656 सहायक अध्यापकों के पद होने चाहिए, लेकिन काफी संख्या में पद खाली पड़े हैं। मार्च 2026 में भी काफी प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इससे यह संकट और गहरा सकता है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 तक भर्तियां हुई थीं, लेकिन 31 अक्तूबर 2019 को भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई। दिसंबर 2019 में लिपिक और परिचायक की भर्तियों के लिए नई नियमावली बनाई गई। साथ ही जिन विद्यालयों में छात्रों की संख्या 100 से कम है, वहां प्रधानाध्यापक का पद समाप्त कर केवल तीन अध्यापकों की तैनाती का प्रावधान कर दिया गया। ऐसे विद्यालयों में न तो परिचायक और न ही लिपिक की नियुक्ति का नियम रखा गया है। मार्च 2020 में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापकों की भर्ती के लिए अधियाचन भेजे जाने के बाद वर्ष 2021 में प्रधानाध्यापक के 390 और सहायक अध्यापकों के 1507 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। निदेशालय के अनुसार, सहायक अध्यापक के 1504 और प्रधानाध्यापक के 390 पदों पर आवेदन मांगे गए थे। हालांकि पिछले वर्ष सत्यापन के दौरान सहायक अध्यापकों के 1262 और प्रधानाध्यापकों के 253 कर दिए गए। रामकुमार भारद्वाज बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मामले में 19 फरवरी को उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उच्चीकृत विद्यालयों का सत्यापन कराया गया। इसके बाद रिक्त पदों की संख्या और घटा दी गई। सूत्रों के अनुसार, अब भर्ती करीब 635 सहायक अध्यापक और लगभग 200 प्रधानाध्यापक पदों तक सीमित हो सकती है। उधर, अपर शिक्षा निदेशक कामता प्रसाद पाल का कहना है कि वर्तमान में भर्तियों पर रोक लगी हुई है, जबकि हर वर्ष बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ऐसे में विद्यालयों में शिक्षकों की कमी स्वाभाविक रूप से बढ़ती जा रही है।

# सांसद अफजाल की बेटी हाईकोर्ट पहुंची

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी की बेटी नुसरत अंसारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य


- राज्य से तीन हफ्ते में जवाब तलब
- गैंगस्टर में कुर्क संपत्ति का मामला

सरकार से तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सीडी सिंह और न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह की खंडपीठ ने दिया है। याचिका में मांग की गई है कि गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई गाजीपुर के मोहम्मदाबाद के शकूरपुर मौजा स्थित संपत्ति को मुक्त करने के लिए जिलाधिकारी गाजीपुर को निर्देश दिया जाए। याची का कहना है कि संबंधित संपत्ति को विशेष अदालत एमपी/एमएलए की ओर से 17 सितंबर 2025 को जारी आदेश से कुर्क किया गया था। इसके खिलाफ 12 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी के समक्ष संपत्ति रिलीज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन अब तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ आपराधिक अपील पहले से लंबित है, जिसकी अगली सुनवाई 10 अप्रैल 2026 को निर्धारित है। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने समय देते हुए तीन हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

# महाराष्ट्र का पुलिस अधिकारी बन किया डिजिटल अरेस्ट

**वाराणसी।** वाराणसी जिले में लंका थाना क्षेत्र के बालाजी नगर कॉलोनी निवासी रिटायर्ड प्रधानाचार्य शंकर सिंह यादव को साइबर ठगों ने महाराष्ट्र पुलिस का अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बनाया। ठगों ने डर और दबाव बनाकर तीन लाख रुपये

- डर और दबाव बनाकर तीन लाख रुपये ठगे



ट्रांसफर करा लिए। हालांकि बैंककर्मी की सतर्कता से आगे की बड़ी रकम ठगी होने से बच गई। पीड़ित शंकर सिंह यादव के मोबाइल पर सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को महाराष्ट्र पुलिस का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी बैंक खाता खोला गया है। जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध गतिविधियां की जा रही हैं। इसके बाद ठगों ने वीडियो कॉल किया, जिसमें एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में दिखाई दिया और खुद को अधिकारी बताते हुए मामले को गंभीर बताया। ठगों ने शंकर सिंह यादव को 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाते हुए कहा कि अगर मामले को दबाना है तो उन्हें 50 लाख रुपये देने होंगे। डर और घबराहट में आकर पीड़ित ने तीन लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पैसे मिलने के बाद भी ठग लगातार दबाव बनाते रहे और और अधिक रकम की मांग करते हुए उन्हें बैंक से लोन लेने को कहा। ठगों के दबाव में आकर शंकर सिंह यादव लंका के पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे और 10 लाख रुपये का पर्सनल लोन भी पास करा लिया। इसी दौरान उनकी घबराहट और जल्दबाजी को देखकर बैंक के डिप्टी मैनेजर आनंद प्रकाश सिंह को संदेह हुआ। उन्होंने तत्काल भुगतान रोक दिया और शंकर सिंह यादव को समझाया कि यह साइबर ठगी का मामला हो सकता है। इसके बाद उन्होंने पीड़ित के परिजनों से संपर्क कर पूरी जानकारी दी। बैंक कर्मी की सतर्कता के कारण 10 लाख की ठगी होने से बच गई। बाद में पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जानकारी जुटाई जा रही है।

# मेरठ के लाल सिलिंडर दिल्ली में हो रहे ब्लैक

## 62 सिलिंडरों के साथ तीसरी कक्षा पास शाहनवाज गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ से घरेलू सिलिंडर (लाला) लाकर दिल्ली में महंगे दामों में बेचने के आरोप में पुलिस ने शाहनवाज (28) नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी 3000 रुपये में सिलिंडर बेच रहा था। पुलिस ने जब वाहन समेत उसे पकड़ा तो उसके पास से 62 सिलिंडर बरामद हुए। इनमें 48 भरे जबकि 14 इस्तेमाल किए हुए थे। पूछताछ में उसने बताया कि मेरठ से 2000 रुपये में खरीदता था और इन्हें यहां हजार रुपये मुनाफा लेकर बेच रहा था।



इस कालाबाजारी में मुकेश नाम का युवक भी शामिल है जो मेरठ में सिलिंडर जमा करता है। मुकेश को पकड़ने के लिए दिल्ली-एनसीआर में दबिश दी जा रही हैं। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डा. हेमंत तिवारी ने बताया कि जामिया नगर थाने की पुलिस टीम यमुना के किनारे एक युवक को सिलिंडर बेचते देखा। उसके पास टाटा एसी टेंपो खड़ा था, जिसमें घरेलू रसोई गैस सिलिंडर रखे थे। पूछताछ करने पर वह वैलिड लाइसेंस या ऑथराइजेशन नहीं दिखा सका। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और सभी सिलिंडर जब्त कर लिए।

शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए बिना रसीद दिए आस-पास के लोगों को एलपीजी सिलिंडर बेच रहा था।

एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के संबंधित नियमों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूछताछ में शाहनवाज ने पुलिस को बताया कि सिलिंडर उसके साथी के जरिये मेरठ के गांव ललियानी में एक इंडेन गैस एजेंसी के पास से मंगाए गए थे। सिलिंडर सुनसान जगह पर टेंपो में लोड किए गए फिर उन्हें गैर-कानूनी तरीके से बेचने के लिए दिल्ली लाया गया। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने रविवार को 600 से ज्यादा सिलिंडर जब्त किए थे।

# सर्राफा व्यापारी पर जानलेवा हमला, लाखों रूपये जेवर लूटकर फरार हुए बदमाश

**श्रावस्ती।** भिनगा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां अज्ञात बदमाशों ने एक सर्राफा व्यापारी पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर जेवरात लूट लिए और मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला टड़वा निवासी अंकित सोनी पुत्र कैलाश सोनी बनघुसरा मोड़ पर सर्राफा की दुकान संचालित करते हैं। मंगलवार को भी वह रोज की तरह देर शाम अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि जैसे ही वह सिसवा गद्दीपुरवा के पास पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हमले के बाद बदमाश उनके पास मौजूद जेवरात लूटकर फरार हो गए। आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही हमलावर मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यापारी को तत्काल जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली भिनगा में अज्ञात बदमाशों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि देर शाम क्षेत्र में पुलिस गश्त की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। व्यापारियों ने सुरक्षा बढ़ाने, नियमित गश्त सुनिश्चित करने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ उनका लाभ दिलाना ही मेले का मुख्य उद्देश्य : डीएम

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में 09 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष डा0 मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसका जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने भ्रमण कर अवलोकन भी किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 7 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं निक्षयमित्र पहल अभियान के तहत 5 मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। इसके अलावा कार्यक्रम में जनपद के स्थानीय कलाकार राजकुमार एवं अपर जिलाधिकारी के आशुलिपिक के0के0 वैश्य द्वारा भक्तिगीत प्रस्तुत किये गये, जिस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के विगत 9 वर्षो के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनमानस द्वारा देखा व सुना गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षो में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूती प्रदान की जा रही है। यही प्रदेश है जहां किसान पहले आत्महत्या करता था, युवा के सामने पहचान का संकट था, इसी प्रदेश में दंगे अराजकता था..। प्रदेश वही है, लेकिन मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली इस सरकार में बदलाव को महसूस किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' पूर्ण होने के अवसर पर 09 वर्षो के दौरान जनपद की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

जिसमें विगत नौ वर्षो में जनपद की जो उपलब्धियां रही है, उनकी प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगाये गये है, जिसमें सम्बन्धित विभागों के द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ ले सकते है।

# सांड़ की टक्कर से किसान की मौत

**बागपत।** बालैनी स्थित नवादा गांव के जंगल में बृहस्पतिवार को सांड़ के हमले से घायल किसान विजय सिंह (70) की मेरठ के निजी

- अफसर बने लापरवाह

अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। उधर, अभी तक किसान को टक्कर मारने वाला सांड़ पकड़ा नहीं गया, जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है। लोगों ने अफसरों से सांड़ को पकड़वाने की मांग की है। नवादा गांव निवासी ललित कुमार ने बताया कि उनके बुजुर्ग चाचा विजय सिंह बृहस्पतिवार को खेत में काम करने गए थे। इस दौरान एक सांड़ खेत में आ गया और चाचा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही विजय सिंह दूर जाकर गिरे। इसके बाद भी सांड़ ने उनको कई बार उठाकर पटका। उनके शोर मचाने पर आसपास के खेत में काम करने वाले किसान दौड़कर आए और सांड़ को भगाया। इसके बाद घायल किसान विजय सिंह का मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। किसान की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। किसान के परिवार में बेटा सिद्धार्थ है, जो डेयरी संचालित करते हैं।

### सड़क से लेकर खेतों तक गोवंशों का आतंक, लोगों की जान ले रहे

बागपत जिले में दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे से लेकर अन्य सड़कों पर जगह-जगह गोवंश बैठे रहते हैं, जो कई लोगों की जान ले चुके हैं। इसके अलावा खेतों में काम करते हुए लोगों को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार चुके हैं। किसान लगातार गोवंशों को पकड़वाने की मांग उठा रहे हैं, लेकिन अभी तक पकड़े नहीं गए।

# सेंसेक्स में 633 अंक चढ़कर 76,704 पर बंद : निफ्टी में भी 197 अंक की तेजी, 23,778 पर आया

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आज यानी 18 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स करीब 633 अंक (0.83त्न) चढ़कर 76,704 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 197 अंक (0.83%) की तेजी रही, यह 23,778 के स्तर पर पहुंच गया है। आज IT और रियल्टी शेयरों में खरीदारी दिखी।

**SBI की खरीदारी से अर्बन कंपनी का शेयर 10% चढ़ा**

SBI म्यूचुअल फंड ने अर्बन कंपनी में एडिशनल हिस्सेदारी खरीदी है। इसके बाद आज कंपनी के शेयर में 10त्न की तेजी रही। ये 122 रुपए के करीब बंद हुआ।

SBI म्यूचुअल फंड ने कंपनी में 632 करोड़ में अतिरिक्त 4% हिस्सेदारी खरीदी है।

NSE पर 109.85 के औसत भाव से अर्बन कंपनी के 3,50,63,090 शेयर खरीदे।

BSE पर SBI म्यूचुअल फंड ने 109.83 के भाव से 2,24,93,959 शेयर खरीदे हैं।

**एशियाई बाजार में तेजी रही**



साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 5.04% चढ़कर 5,925 पर बंद हुआ।

जापान का निक्केई इंडेक्स 2.87%चढ़कर 55,239 पर बंद हुआ।

हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.61% चढ़कर 26,025 पर बंद हुआ।

चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.32त्न ऊपर 4,062 पर बंद हुआ।

अमेरिकी बाजार में 17 मार्च को गिरावट रही। डाउ जोन्स 46 अंक (0.10%) बढ़कर 46,993 के स्तर पर बंद हुआ।

टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.47% बढ़कर 22,47 पर बंद हुआ।

S&P 500 इंडेक्स 16 अंक (0.25%) गिरकर 6,716 पर बंद हुआ।

**GSP क्रॉप साइंस का IPO 1.61 गुना सब्सक्राइब हुआ**

एग्रोकेमिकल कंपनी GSP क्रॉप साइंस के IPO को निवेशकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। बिडिंग के आखिरी दिन यानी 18 मार्च तक यह इश्यू कुल 1.61 गुना सब्सक्राइब होकर बंद हुआ। कंपनी इस आईपीओ के जरिए ?400 करोड़ जुटाना चाहती है, जिसका इस्तेमाल कर्ज चुकाने और वर्किंग कैपिटल की जरूरतों के लिए किया जाएगा।

**इसुजू मोटर्स इंडिया -** इसुजू मोटर्स इंडिया आगामी 28 मार्च तक लखनऊ सहित देश भर के सभी अधिकृत सर्विस सेंटर्स पर 'आई-केअर प्री-समर कैंप' आयोजित करने जा रही है। इस छह दिवसीय कैंप का उद्देश्य भीषण गर्मी से पहले डी मैक्स पिक-अप और एसयूवी रेंज के वाहनों की प्रिवेंटिव चेकिंग सुनिश्चित करना है।

**व्यापार विस्तार-** एआई+ स्मार्टफोन ने भारत में मात्र 5,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पल्स 2 लॉन्च किया है, जिसमें 6000एमएएच की दमदार बैटरी और 120 रिफ्रेश रेट वाला 6.745 इंच का एचडी+ डिस्प्ले दिया गया है। 50एमपी कैमरे और भारत के अपने एंड्रायड 16 से लैस यह बजट फोन अपनी श्रेणी का सबसे पतला हैंडसेट होने का दावा करता है।

# चांदी 6000 रुपये और सोना 1000 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को चांदी की कीमतों में 6,000 रुपये प्रति किलोग्राम की भारी गिरावट दर्ज की गई, जबकि सोना भी 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, यह गिरावट मुनाफावसूली और कमजोर घरेलू धारणा के कारण हुई है। सफेद धातु चांदी 2.28 फीसदी की गिरावट के साथ 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। मंगलवार को यह 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 0.62 फीसदी गिरकर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने बताया कि व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली और भौतिक मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 0.79 फीसदी बढ़कर 79.92 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। वहीं, सोना



0.32 फीसदी गिरकर 4,989.65 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

**वैश्विक बाजार का क्या रुख?**

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि सर्राफा बाजार में हालिया उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत निर्णय से पहले निवेशकों की धारणा के कारण है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव से जुड़ी ऊंची तेल कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच यह एक सतर्क माहौल बना रहा है। निवेशक ब्याज दर के प्रक्षेपवक्र पर संकेतों के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के परिणाम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। इससे नीतिगत दृष्टिकोण और सोने-चांदी की कीमतों पर असर पड़ने की उम्मीद है।

**घरेलू बाजार में गिरावट क्यों आई?**

घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली करना रहा। इसके साथ ही, भौतिक मांग में भी कमी देखी गई, जिससे कीमतों पर दबाव पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, बाजार में मंदी की घरेलू धारणा ने भी कीमतों को नीचे लाने में भूमिका निभाई। चांदी की कीमतों में भी इसी तरह की मुनाफावसूली और कमजोर मांग का असर देखा गया।

# कम नहीं हो पा रही पाकिस्तान की तंगहाली : गरीबी और बढ़ी, कमजोर सिस्टम ने किया आग में घी का काम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान एक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है, जहां सरकारी आंकड़ों के अनुसार गरीबी की समस्या लगातार गहराती जा रही है। नवीनतम रिपोर्टों से यह स्पष्ट होता है कि देश केवल मौद्रिक गरीबी का सामना नहीं कर रहा है, बल्कि %संस्थागत गरीबी% की गिरफ्त में भी आ गया है। यह एक ऐसी स्थिति है जहां मजबूत, अनुमानित और लचीले संस्थानों का अभाव है, जो आय की सुरक्षा कर सकें, अवसरों को सक्षम बना सकें और झटकों को अवशोषित कर सकें। मौद्रिक गरीबी में वृद्धि

पाकिस्तान के योजना आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, मौद्रिक गरीबी का प्रतिशत 2018-19 में 21.9 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 28.9 प्रतिशत हो गया है। इसका अर्थ है कि देश की एक बड़ी आबादी जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए



संघर्ष कर रही है। मौद्रिक गरीबी आय या व्यय की उस कमी को कहते हैं, जहां कोई व्यक्ति या परिवार जीवन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक न्यूनतम आय स्तर (गरीबी रेखा) से नीचे रहता है।

**ग्रामीण और शहरी गरीबी का विभाजन**

गरीबी का यह संकट देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी 36 प्रतिशत से अधिक है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 17 प्रतिशत को पार कर गई है। राष्ट्रीय गिनी सूचकांक, जो आय असमानता को मापता है, 28.4 से बढ़कर 32.7 हो गया है, जो विशेष रूप से सिंध जैसे कुछ प्रांतों में स्थिति के और बिगड़ने का संकेत देता है।

**आय असमानता और आर्थिक अस्थिरता**

योजना आयोग की रिपोर्टों से पता चलता है कि हालांकि नाममात्र की आय में वृद्धि हुई है, लेकिन मुद्रास्फीति के आय से अधिक होने के कारण वास्तविक आय में गिरावट आई है। इससे प्रांतों के बीच असमानता बढ़ी है और देश व्यापक आर्थिक अस्थिरता व जलवायु झटकों के प्रति अधिक संवेदनशील हो गया है। यह कमजोर नीति-कल्याण संचरण तंत्र का संकेत देता है।

**संस्थागत गरीबी के आयाम**

संस्थागत गरीबी कई रूपों में प्रकट होती है, जिनमें शामिल हैं-

**नीति अस्थिरता-** बार-बार नीतियों में बदलाव से अनिश्चितता का माहौल बनता है।

**कमजोर श्रम औपचारिकता-** अधिकांश श्रमिक अनौपचारिक क्षेत्र में हैं, बिना अनुबंध, बीमा या उत्पादकता वृद्धि के अवसरों के।

**नाजुक स्थानीय शासन-** जिला-स्तरीय संस्थान, जहां सेवाएं प्रदान की जाती हैं, प्रशासनिक रूप से कमजोर और वित्तीय रूप से निर्भर हैं।

**सामाजिक सुरक्षा में स्वचालित स्थिरीकरण का अभाव-** संकट के समय में लोगों को सहारा देने वाली प्रणालियाँ प्रभावी नहीं हैं।

जवाबदेही के बिना योजना- योजनाओं का निर्माण तो होता है, लेकिन उनके कार्यान्वयन और परिणामों के लिए कोई जवाबदेही तय नहीं की जाती।

**सुधार के लिए सुझाव-** रिपोर्टों में संस्थागत गरीबी से निपटने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं-

**ऊर्जा टैरिफ सुधार-** निम्न आय वर्ग के लिए पूर्व-निर्धारित क्षतिपूर्ति तंत्र शामिल किया जाना चाहिए।

कृषि बीमा का संस्थागतकरण- यह दाता-निर्भरता के बजाय एक स्थायी प्रणाली के रूप में स्थापित होना चाहिए।

# वेतन आयोग : प्रश्नावली का जवाब देने की समयसीमा 31 मार्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्तों और पेंशन में संशोधन के लिए गठित आठवें वेतन आयोग ने अपनी 18-सूत्रीय प्रश्नावली पर सुझाव और प्रतिक्रियाएं जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। जहां एक ओर आयोग ने विभिन्न हितधारकों को अपनी राय रखने के लिए अतिरिक्त समय दिया है, वहीं दूसरी ओर भारतीय रेलवे तकनीकी पर्यवेक्षक संघ (आईआरटीएसए) ने आयोग को पत्र लिखकर प्रश्नावली में कई महत्वपूर्ण बदलावों और भत्तों व पेंशन से जुड़े नए विषयों को शामिल करने की पुरजोर मांग की है।

आठवें वेतन आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी प्रश्नावली का उत्तर देने की समय सीमा 16 मार्च 2026 से बढ़ाकर 31 मार्च 2026 कर दी है। आयोग की अध्यक्षता जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कर रही हैं। इस प्रश्नावली में वेतन, पेंशन, भत्तों में संशोधन और रोजगार की शर्तों से जुड़े 18 सवाल शामिल हैं, जिन पर मंत्रालयों, विभागों, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों से फीडबैक मांगा गया है। आयोग को अपनी सिफारिशों की अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है।

**आईआरटीएसए की प्रमुख मांगें क्या हैं?**

डेडलाइन बढ़ने के बीच, आईआरटीएसए के महासचिव केवी रमेश ने आठवें वेतन आयोग की अध्यक्ष रंजना देसाई को लिखे पत्र में प्रश्नावली के वर्तमान स्वरूप को अपर्याप्त बताया है। रेलवे यूनियन की प्रमुख मांगों में निम्नलिखित बिंदु शामिल हैं-

भत्तों के दायरे का विस्तार- यूनियन का तर्क है कि सातवें वेतन आयोग ने 196 प्रकार के भत्तों पर विचार किया था, लेकिन आठवें आयोग की प्रश्नावली की थीम में केवल 12 समूहों का जिक्र है। इसे विस्तारित रूप दिए जाने की जरूरत है।

पेंशन से जुड़े मुद्दे- यूनियन ने ध्यान दिलाया है कि वर्तमान प्रश्नावली में पेंशन और पारिवारिक पेंशन के बारे में कोई विशेष उल्लेख नहीं है, जिसे तुरंत शामिल किया जाना चाहिए।

कर्मचारियों का नया वर्गीकरण- समय के साथ आई तकनीकी और प्रशासनिक जरूरतों को देखते हुए ग्रुप ए, बी और सी कर्मचारियों की मौजूदा वर्गीकरण संरचना की व्यापक समीक्षा की मांग की गई है।

आईआरटीएसए ने कैरियर प्रोग्रेसन के मुद्दे पर भी विशेष ध्यान आकर्षित किया है। यूनियन का कहना है कि प्रश्नावली में केवल मोडिफाइड एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेसन स्कीम का जिक्र है, जबकि मुख्य फोकस कार्यात्मक पदोन्नति पर होना चाहिए।

## प्रदूषण मुक्त सफर की ओर बढ़ते कदम

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के परिवहन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव और ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ब्रांड 'योद्धा' ने अपना अत्याधुनिक थ्री-व्हीलर 'योद्धा ईपॉड'बाजार में उतारा है। राज्य में बढ़ती ईंधन की कीमतों और किफायती यातायात की मांग के बीच लॉन्च किया गया यह रु श्रेणी का वाहन खास तौर पर चालकों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। योद्धा ईपॉड की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 227 किमी की प्रमाणित ड्राइविंग रेंज है, जो इसे वर्तमान में उपलब्ध सबसे कुशल इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की कतार में खड़ा करती है। 11.8 द्मङ्ख्द्ध की शक्तिशाली लिथियम-आयन स्नक्क बैटरी और 6 द्मङ्ख क्करूमोटर से लैस यह वाहन शहरी व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में यात्री परिवहन के लिए एक मजबूत विकल्प साबित होगा। वाहन की आधुनिक तकनीक पर गौर करें तो इसमें 7-इंच का डिजिटल LED क्लस्टर और स्मार्ट CAN तकनीक दी गई है, जो ड्राइवर को रियल-टाइम जानकारी साझा करती है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें हाइड्रोलिक ब्रेक्स के साथ रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम लगाया गया है, जो ब्रेक लगाने पर ऊर्जा को वापस बैटरी में संग्रहित कर उसकी दक्षता बढ़ाता है। उत्तराखंड के काशीपुर स्थित अत्याधुनिक प्लांट में निर्मित यह वाहन न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है, बल्कि ड्राइवरों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का जरिया भी बनेगा। लॉन्च के अवसर पर योद्धा के सीईओ आयुष लोहिया ने बताया कि योद्धा ईपॉड के माध्यम से कंपनी का लक्ष्य भारतीय ड्राइवरों की जरूरतों को पूरा करते हुए उन्हें एक मजबूत और आधुनिक पहचान दिलाना है। यह वाहन न केवल परिचालन लागत को कम करेगा बल्कि शून्य उत्सर्जन के साथ प्रदेश की हवा को भी स्वच्छ रखने में मददगार साबित होगा।

## सर्विस नेटवर्क एक साल में बढ़कर दोगुना हुआ

**नई दिल्ली।** नेटवर्क का विस्तार करने के अलावा, एथर द्वारा लगातार सर्विस क्वालिटी, एफिशियंसी और ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने में निवेश किया जा रहा है। एथर के गोल्ड सर्विस सेंटर्स में आधुनिक कस्टमर लाउंज, एडवांस्ड सर्विस ईक्विपमेंट और व्यवस्थित प्रक्रियाएं हैं, जो पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाती हैं। स्टैंडर्ड सर्विस के अलावा, एथर की एक्सप्रेस केयर सर्विस 60 मिनट में पीरियडिक मेंटेनेंस सर्विस प्रदान करती है। यह सर्विस 82 सेंटर्स पर उपलब्ध है, जिससे ग्राहकों को क्वालिटी से समझौता किए बिना रूटीन मेंटेनेंस बहुत तेजी और सुविधाजनक तरीके से प्राप्त होती है। वित्तवर्ष 2026 में एथर एनर्जी का सर्विस नेटवर्क बढ़कर लगभग दोगुना हो गया है। एथर ने अपने सर्विस फुटप्रिंट बढ़ाते हुए अपने सर्विस सेंटर्स की संख्या को 277 से बढ़ाकर 500 तक पहुँचा दिया है।

# चीन जा रहे रूसी तेल टैंकर का यू-टर्न, अब भारत आ रहा

## भारतीय रिफाइनरियों ने खरीदे तीन करोड़ बैरल क्रूड

**नई दिल्ली।** ईरान में युद्ध के कारण मध्य पूर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक बड़ा भू-राजनीतिक और व्यापारिक बदलाव देखने को मिल रहा है। अमेरिका की भारत को रूसी तेल की खरीद बढ़ाने की अस्थायी छूट दिए जाने के बाद, चीन की ओर जा रहे कई एक रूसी तेल टैंकर बीच रास्ते में ही अपना मार्ग बदलकर भारत का रुख कर लिया है। यह घटनाक्रम भारत की ऊर्जा सुरक्षा और बदलती वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिहाज से एक बेहद अहम और कूटनीतिक कदम है।

**रूसी जहाज के 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने की उम्मीद**

शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, एक्वा टाइटन नामक एक अफ्रामैक्स रूसी टैंकर, जो मूल रूप से चीन के रिझाओ बंदरगाह की ओर जा रहा था, उसने मध्य मार्च में दक्षिण पूर्व एशियाई



जलक्षेत्र (दक्षिण चीन सागर) से यू-टर्न ले लिया है। यह टैंकर जनवरी के अंत में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से उरल्स कच्चा तेल लेकर चला था और अब इसके 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने की उम्मीद है।

**कम से कम सात रूसी टैंकरों के दिशा बदलने की खबर**

वोर्टेक्सा लिमिटेड के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कम से कम सात ऐसे टैंकर हैं जो रूसी तेल ले जा रहे थे और उन्होंने अपनी यात्रा के बीच में ही चीन से भारत की ओर अपनी दिशा बदल ली है। यह रणनीतिक बदलाव मुख्य रूप से तब आया जब अमेरिका ने भारत को ईरान युद्ध के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए अस्थायी रूप से रूसी तेल की खरीद बढ़ाने की हरी झंडी दे दी। इस महत्वपूर्ण रियायत के मिलने के बाद वाले सप्ताह में ही, भारतीय रिफाइनरियों ने तेजी दिखाते हुए तीन करोड़ (30 मिलियन) बैरल रूसी कच्चे तेल की भारी-भरकम खरीद की है। वर्तमान में भारत की सभी प्रमुख रिफाइनरियां कच्चे तेल के बाजार में सक्रिय रूप से रूस से खरीदारी कर रही हैं। केपलर और जहाज-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, रूस के काला सागर स्थित नोवोरोसिस्क से कज़ाख सीपीसी ब्लेंड क्रूड लेकर चीन के रिझाओ जा रहे सुएज़मैक्स जूजू एन टैंकर ने भी मार्च की शुरुआत में दिशा बदल ली। इसके 25 मार्च तक भारत के सिक्का पहुंचने का अनुमान है।

**रूसी तेल पर भारतीय रिफाइनरियों का रुख बदला**

हाल के महीनों में जब भारत ने रूस से अपनी खरीद कम कर दी थी, तब चीन मास्को के लिए अंतिम विकल्प के रूप में कार्य कर रहा था। लेकिन भारतीय रिफाइनरियों की रूसी तेल की ओर हालिया रुख ने व्यापारिक समीकरण को तेजी से पलट दिया है। रूस से तेल खरीद की अनुमति का दायरा बढ़ने के बाद जापान और दक्षिण कोरिया जैसे अन्य खरीदारों की भी बाजार में वापसी हो रही है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, खरीदारों की इस वापसी से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में और अधिक उछाल आ सकता है। मध्य पूर्व में ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न इस ऊर्जा संकट के बीच भारत का यह कदम अपनी घरेलू ऊर्जा मांग को सुरक्षित करने के लिए एक मजबूत नीतिगत और व्यावसायिक पहल है। बीच समंदर से चीन जा रहे तेल टैंकरों का भारत की ओर मुड़ना यह स्पष्ट करता है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाएं कितनी तेजी से नई व्यावसायिक वास्तविकताओं के अनुकूल ढल रही हैं।

# उद्योग, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 54,926 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली चार प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है। यह कदम भारत के समग्र आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के संपन्न होने के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की।

### कैबिनेट के अहम फैसले

| मंजूरी (योजना/परियोजना) | स्वीकृत राशि (करोड़) |
|---|---|
| भारत औद्योगिक विकास योजना (BHAVYA) | ₹ 33,660 |
| कपास सीजन 2023-24 के लिए MSP | ₹ 11,712 |
| NH-927 बाराबंकी से बहराइच 4-लेन निर्माण | ₹ 6,969 |
| लघु जल विद्युत विकास योजना | ₹ 2,585 |
| कुल स्वीकृत राशि | ₹ 54,926 |



**कैबिनेट के अहम फैसले ये रहे?**

**भारत औद्योगिक विकास योजना-** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी है। भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) नामक इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए 33,660 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उद्योगों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना है। केंद्र सरकार प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक का वित्तीय सहयोग प्रदान करेगी। यह योजना छह साल की अवधि के लिए है, जो वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2031-32 तक चलेगी। औद्योगिक पार्क के लिए न्यूनतम 100 एकड़ क्षेत्र की आवश्यकता होगी। हालांकि, पूर्वोत्तर और पहाड़ी क्षेत्रों में यह सीमा 25 एकड़ रखी गई है। यह पहल देश में विनिर्माण और रोजगार सृजन को गति देगी।

**कपास एमएसपी (2023-24)-** कैबिनेट ने कपास सीजन 2023-24 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संचालन पर हुए 1,718 करोड़ रुपये के खर्च की प्रतिपूर्ति को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय किसानों को समर्थन देने के लिए लिया गया था, क्योंकि अक्तूबर 2023 से सितंबर 2024 तक चले इस सीजन में कपास की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर गई थीं। सरकार ने भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से किसानों से एमएसपी पर कपास की खरीद की।

इस खरीद से 7.25 लाख किसानों को सीधा लाभ मिला। कुल 33 लाख गांठें कपास खरीदी गई। इन खरीदों के माध्यम से किसानों को कुल 11,712 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। कपास सीजन 2023-24 में भारतीय किसानों ने कुल 325 लाख गांठें कपास का उत्पादन किया था।

**राजमार्ग और इंफ्रास्ट्रक्चर -** राष्ट्रीय सड़क संपर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के बाराबंकी से बहराइच खंड को 4-लेन बनाने के लिए 6,969 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजना को कैबिनेट की स्वीकृति मिली है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 101.515 किलोमीटर की इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश भर के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 6,969.04 करोड़ रुपये की लागत से हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएम) पर बाराबंकी से बहराइच तक 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में सिविल कार्य की लागत लगभग 3,485.49 करोड़ रुपये है और भूमि अधिग्रहण के लिए अतिरिक्त 1,574.85 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना से 36.54 लाख व्यक्ति-दिवस (प्रत्यक्ष) और 43.04 लाख व्यक्ति-दिवस (अप्रत्यक्ष) के नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लघु पनबिजली विकास योजना- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 2,585 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली एक लघु जलविद्युत विकास योजना को मंजूरी दी, इसका उद्देश्य 1,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया, 2,585 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लघु जलविद्युत विकास योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। इन परियोजनाओं को बिना बांध बनाए और लोगों को विस्थापित किए बिना, नदी के प्रवाह पर आधारित परियोजनाओं के रूप में विकसित किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि देश में 7,133 स्थलों पर कुल 21,000 मेगावाट क्षमता वाली लघु जलविद्युत परियोजनाओं की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में, देश में 1,196 स्थलों पर 5,100 मेगावाट की लघु जलविद्युत परियोजनाएं कार्यरत हैं। इन परियोजनाओं की क्षमता 1 मेगावाट से 25 मेगावाट तक है। ये परियोजनाएं 2030-31 तक पांच वर्षों में कार्यान्वित की जाएंगी। इस योजना से लघु जलविद्युत परियोजनाओं में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है।

## मेक इन इंडिया और ग्लोबल विजन पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया एचसीआईएल ने भारतीय सड़कों पर अपनी आगामी बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन एसयूवी का परीक्षण आधिकारिक रूप से शुरू कर दिया है। यह कदम भारत में होंडा के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सफर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस एसयूवी का प्रोटोटाइप 'जापान मोबिलिटी शो 2025' में 'होंडा 0 अल्फा' के रूप में प्रदर्शित किया गया था। अब इसे भारत के हाईवे, व्यस्त शहरी रास्तों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परखा जा रहा है। कंपनी का मुख्य फोकस गाड़ी की मजबूती (ड्यूरेबिलिटी), हैंडलिंग, राइड कंफर्ट और भारतीय मानसून व भीषण गर्मी में इसकी कार्यक्षमता सुनिश्चित करना है। होंडा कार्स इंडिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ तकाशी नाकाजीमा ने बताया कि भारत की विशिष्ट भौगोलिक और मौसम परिस्थितियों में वास्तविक रोड टेस्टिंग बेहद जरूरी है। यह मॉडल वित्त वर्ष 2026-27 में बाजार में उतारा जाएगा। विशेष बात यह है कि इस एसयूवी का उत्पादन भारत में ही होगा, जहाँ से इसे जापान सहित दुनिया के अन्य प्रमुख देशों में निर्यात किया जाएगा।

## उद्योग, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रु. 54,926 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली चार प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है। यह कदम भारत के समग्र आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के संपन्न होने के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की। भारत औद्योगिक विकास योजनाः केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी है।



# हर्षित की जगह सिमरजीत व आसिफ पर नजर



**कोलकाता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चोटिल हर्षित राणा की जगह भरने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह के अलावा केएम आसिफ और अनुभवी संदीप वॉरियर को अपनी सूची में शामिल किया है। राणा के दाहिने घुटने के 'लिगामेंट' में खिंचाव आने से केकेआर की तेज गेंदबाजी इकाई को बड़ा झटका लगा है। यह चोट उन्हें भारत के टी20 विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगी थी। इस तेज गेंदबाज की सर्जरी हो चुकी है और वह फिलहाल रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) में हैं। उनके मैदान पर लौटने की अभी कोई तय समय-सीमा नहीं है। राणा की गैरमौजूदगी को देखते हुए केकेआर का टीम प्रबंधन दूसरे विकल्पों पर विचार कर रहा है।

सिमरजीत चेन्नई सुपरकिंग्स (2022, 2024) और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं, उन्होंने 14 आईपीएल मैचों में 11 विकेट लिए हैं। बुधवार को ईडन गार्डन्स में केकेआर के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान आसिफ और वॉरियर को ट्रायल के लिए बुलाया गया था। वहीं सिमरजीत ने इससे पहले मुंबई में हुए ट्रायल के पहले चरण में ही अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित कर दिया था। इस पूरी प्रक्रिया की देखरेख टीम के स्काउटिंग प्रमुख बीजू जॉर्ज और मनविंदर बिस्ला ने की थी। आसिफ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर पांच विकेट लिए थे और वह 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। इस 32 वर्षीय गेंदबाज ने 2018 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए अपना आईपीएल पदार्पण किया था। उन्होंने अब तक सात मैचों में सात विकेट लिए हैं। चौंतीस वर्षीय वॉरियर ने 2019 में केकेआर के लिए पदार्पण किया था और तब से गुजरात टाइटंस के साथ एक कार्यकाल के अलावा तीन सत्र में इस फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 10 आईपीएल मैचों में आठ विकेट लिए हैं। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पाथिराना की उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि उन्हें अभी तक श्रीलंका क्रिकेट से मंजूरी नहीं मिली है। 18 करोड़ रुपये में खरीदे गए इस गेंदबाज को टी20 विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए पिंडली में खिंचाव आ गया था जिससे वह चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। टीम के एक सूत्र ने बताया, ''उन्होंने अभी तक उसके टीम में शामिल होने की पुष्टि नहीं की है। हम लगातार उनके संपर्क में हैं और लगभग हर दिन उसके लिए टिकट बुक और रद्द किए जा रहे हैं।'' केकेआर के पास अब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान भी नहीं हैं जिन्हें इस साल की शुरुआत में बीसीसीआई के निर्देश के बाद रिलीज कर दिया गया था। उनकी जगह जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को टीम में शामिल किया गया है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली टीम ने नए सहयोगी स्टाफ के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है। अभिषेक नायर मुख्य कोच हैं, जिनके सहायक शेन वॉटसन होंगे जबकि टिम साउदी गेंदबाजी कोच बने हैं। ड्वेन ब्रावो टीम मेंटोर के तौर पर बने रहेंगे। ट्रेनिंग सत्र की शुरुआत टीम हडल से हुई जिसमें नायर ने खिलाड़ियों को संबोधित किया। कोचिंग सेटअप में एक और खास बात यह होगी कि टीम के विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल पहली बार एक गैर खिलाड़ी (पावर कोच) में नजर आएंगे। टीम को न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ियों फिन एलन (दो करोड़ रुपये), टिम सिफर्ट (1.5 करोड़ रुपये) और रचिन रविंद्र (दो करोड़ रुपये) से और मजबूती मिलेगी। ये तीनों खिलाड़ी टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद बृहस्पतिवार को टीम से जुड़ने वाले हैं। भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी बृहस्पतिवार को टीम से जुड़ेंगे जबकि टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन (25.20 करोड़ रुपये) शुक्रवार को टीम के साथ जुड़ने वाले हैं। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी सुनील नारायण, रोवमैन पॉवेल और रसेल 24 मार्च को टीम से जुड़ेंगे। केकेआर अपने अभियान की शुरुआत 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम अपना पहला घरेलू मैच दो अप्रैल को सनराइज़र्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी जिसमें टीम के मालिक शाहरुख खान के मौजूद रहने की उम्मीद है।

**सिमरजीत सिंह:** 140 किमी/घंटा से ज्यादा की रफ्तार और सटीक यॉर्कर डालने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैचों में 11 विकेट लिए हैं।
**केएम आसिफ:** तेज रफ्तार गेंदबाज हैं, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 5/24 का शानदार प्रदर्शन किया था, हालांकि चोटों से जूझते रहे हैं।
**संदीप वॉरियर:** अनुभवी विकल्प हैं, जिन्होंने आईपीएल में 10 मैचों में 8 विकेट लिए हैं और पहले भी केकेआर के लिए खेल चुके हैं।
इन खिलाड़ियों को ईडन गार्डन्स में ट्रायल के लिए बुलाया गया, जहां स्काउटिंग टीम ने उनकी क्षमता का आकलन किया।

## एक नजर

### ओम सेमवाल ने इंडियन ओपन में सेबेस्टियन सालाजार को हराया

**नई दिल्ली।** भारत के ओम सेमवाल ने बुधवार को यहां जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में पांच सेट के मुकाबले में मेक्सिको के सेबेस्टियन सालाजार पर 3-2 से जीत हासिल की। सेमवाल ने मैच के आखिरी चरणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11-6, 11-9, 8-11, 10-12, 19-17 के स्कोर से मैच अपने नाम कर लिया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सूरज कुमार चंद हालांकि मिस्र के इब्राहिम एल्कावानी के खिलाफ 1-3 से हार गए।

### श्रीकांत बाहर, खरब और तन्वी ऑरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के अगले दौर में

**नई दिल्ली।** भारत के किदांबी श्रीकांत बुधवार को यहां ऑरलियंस मास्टर्स सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि अनमोल खरब और तन्वी शर्मा महिला एकल वर्ग में राउंड 16 में पहुंच गईं। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से 12-21, 10-21 से पराजित हो गए जबकि खरब ने तुर्की की नेस्लिहान अरिन के खिलाफ 21-12, 21-16 से शानदार जीत दर्ज की। तन्वी भी अगले दौर में पहुंच गईं। थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग ने चोट के कारण 21-18, 14-12 के स्कोर पर मैच से हटने का फैसला किया। दूसरी ओर रक्षिता रामराज जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ पहले दौर में 9-21, 15-21 से हार गईं।

### पंकज आडवाणी और सौरव कोठारी ने स्नूकर क्लासिक में जीत से शुरुआत की

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन पंकज आडवाणी और भारत के छठे नंबर के खिलाड़ी सौरव कोठारी ने बुधवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट में अपने राउंड 32 मैच जीत लिए। आडवाणी ने रॉबिन डिसूजा को 4-0 (58-55, 73-7, 92-33, 64-52) से हराया। कोठारी ने पुणे के सूरज राठी को 4-0 (93-28, 70-0, 123-7, 72-37) से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी आदित्य मेहता ने मुंबई के मानव पांचाल के खिलाफ एक फ्रेम गंवाने के बाद 4-1 (94-6, 79-37, 37-69, 72-7, 119-20) से जीत हासिल की। मुंबई के हसन बादामी ने रेलवे के सिद्धार्थ पारिख पर 4-0 (92-13, 72-21, 79-70, 59-31) की शानदार जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश के बीसी कार्तिक ने उलटफेर करते हुए लक्ष्मण रावत पर 4-2 (54-36, 69-50, 63-37, 20-93, 23-74, 57-38) से जीत हासिल की।

### ईरान की महिला फुटबॉल टीम ऑस्ट्रेलिया से लौटी

**नई दिल्ली।** ईरानी मीडिया ने बुधवार को बताया कि महिला एशियाई कप में खेलने वाली राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम ऑस्ट्रेलिया से स्वदेश वापस लौट आई है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान की महिला टीम की कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी, जहां महिला एशियाई कप खेला जा रहा है। मीडिया संस्थानों ने महिलाओं के तुर्की में उतरने और बस से सीमा तक पहुंचने के बाद ईरान में प्रवेश करने के दृश्य साझा किए। सीमा पर कुछ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ईरान की दो महिला खिलाड़ी फातेमेह पसंदिदेह और अतीफेह रमेजानिसादेह ने ऑस्ट्रेलिया में ही रुकने का फैसला किया। ये दोनों ब्रिस्बेन रोर क्लब के साथ ट्रेनिंग कर रही हैं। महिला एशियाई कप से टीम के बाहर होने के बाद ईरान की कुछ खिलाड़ियों ने शुरू में ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना फैसला बदल दिया।

ईरान की टीम 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से कुछ समय पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद टीम को स्वदेश लौटना था लेकिन ईरान में हो रही बमबारी के बीच ऑस्ट्रेलिया की सरकार से इन महिला खिलाड़ियों को शरण देने की मांग जोर पकड़ने लगी। ऑस्ट्रेलिया में मौजूद ईरानी समूह और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रेजा आरेफ ने पिछले हफ्ते उन आशंकाओं को खारिज कर दिया कि घर लौटने पर ये महिलाएं असुरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि देश ''अपने बच्चों का बाहें फैलाकर स्वागत करता है और सरकार उनकी सुरक्षा की गारंटी देती है।''

# वाडा ने ट्रंप पर संभावित प्रतिबंध पर फैसला विश्व कप के बाद तक टाला

**नई दिल्ली।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोकने के फैसले को इस साल होने वाले विश्व कप के बाद तक टाल दिया है। इससे ट्रंप और अन्य अधिकारियों के साथ संभावित टकराव कम से कम विश्व कप तक टल गया है। वाडा एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है जो ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। इस नियम का मूल आधार अमेरिकी सरकार का वाडा के वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं करना है। वाडा की कार्यकारी समिति की बैठक हुई और उसने कहा कि वह सितंबर में इस नए नियम पर विचार करेगी और यह विश्व कप खत्म होने के दो महीने बाद होगा। अमेरिका विश्व कप की मेजबानी कनाडा और मेक्सिको के साथ मिलकर कर रहा है।

अगर इस साल के आखिर में ऐसा कोई नियम अपनाया जाता है तो यह संभवतः 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले लागू हो जाएगा। अगर यह सिलसिला जारी रहता है तो नया नियम ट्रंप और अमेरिकी सांसदों को उनके अपने ही देश में होने वाले खेलों के लिए प्रतिबंध की सूची में डाल सकता है। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं। अमेरिका ने 2024 और 2025 के दौरान वाडा के कई मामलों से निपटने के तरीके के विरोध में कुल 73 लाख डॉलर का भुगतान रोक रखा है। इनमें सबसे ताजा मामला चीनी तैराकों से जुड़ा है जिन्हें प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बावजूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। वाडा ने चीन की संबंधित संस्थाओं की इस बात पर भरोसा किया कि खिलाड़ियों ने गलती से यह पदार्थ ले लिए थे।

# कोहली के आस-पास जुझारू खिलाड़ियों की टीम है आरसीबी फिर कमाल कर सकती है : डिविलियर्स



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि 'जुझारू खिलाड़ियों की टीम' विराट कोहली पर से दबाव कम करेगी जिससे मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 में लंबा सफर तय करने के लिए जरूरी ताकत मिलेगी। कोहली आरसीबी के एक अहम खिलाड़ी हैं और वे उस खिताब को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे जिसे उन्होंने 18 साल के लंबे इंतजार के बाद पिछले सत्र में जीता था। आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज डिविलियर्स ने जियोस्टार से कहा, ''विराट यह महसूस कर सकते हैं, उन्हें यह अहसास हो सकता है कि अब सारा बोझ उठाने वाले अकेले वही नहीं हैं।'' उन्होंने आगे कहा, ''उनके आस-पास जुझारू खिलाड़ियों की एक टीम है जो सभी ट्रॉफी जीतने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि वे बहुत अच्छी स्थिति में हैं। यह लगभग वही टीम है, उन्हें ज्यादा बदलाव नहीं करने पड़े और उनके पास यह मानने का अच्छा कारण है कि वे आने वाले इस सत्र में फिर से कमाल कर सकते हैं।''

भले ही कोहली जनवरी से ब्रेक पर रहे हों, लेकिन डिविलियर्स ने भरोसा जताया कि यह भारतीय सुपरस्टार आईपीएल में पूरी तैयारी के साथ उतरेगा। डिविलियर्स ने कहा, ''मैंने अपनी जिंदगी में जितनी मेहनत करने वाले लोग देखे हैं, उनमें से सबसे बेहतरीन विराट हैं। वह इस टूर्नामेंट में बिना पूरी तैयारी के नहीं उतरेंगे।'' दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व दिग्गज ने भरोसा जताया कि आरसीबी अब लगातार खिताब की दावेदार बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, ''आपको याद होगा कि वह (कोहली) ड्रेसिंग रूम में अक्सर इस बारे में बात करते थे 'अगर हम एक बार जीत सकते हैं तो हम जल्द ही दो, तीन, चार बार भी जीतेंगे।' मुझे इस बात पर पूरा भरोसा है। मुझे लगता है कि आरसीबी अब उस स्थिति में है जहां वे लगातार जीत हासिल कर सकते हैं। शायद लगातार दो या तीन ट्रॉफी भी।''

भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि अगर कोहली इस आईपीएल सत्र में कुछ नए शॉट्स के साथ नजर आते हैं तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी। कुंबले ने कहा, ''अगर वह इस सत्र में एक अलग अंदाज के साथ उतरते हैं शायद 'स्कूप शॉट' या 'रिवर्स स्कूप' जैसे शॉट्स आजमाते हैं तो इस पर हैरान नहीं हों।'' उन्होंने कहा, ''हमने पिछले कई साल से एबी डिविलियर्स को लगातार ऐसा करते देखा है और विराट भी अपनी बल्लेबाजी में इस चीज को शामिल कर सकते हैं। उनके जैसे महान खिलाड़ी हमेशा खुद को बेहतर बनाने, सुधार करने और खुद को चुनौती देने की कोशिश में लगे रहते हैं।''

# आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में सनराइजर्स की अगुआई करेंगे इशान किशन



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं। कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, ''पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।'' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद इशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिंग में अभिषेक पहले स्थान पर हैं। इस सत्र की शुरुआत में इशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए उसे भारत के शीर्ष घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

# अश्विन ने संन्यास पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान उन्होंने ब्रिस्बेन टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा की थी, जिसने फैंस और क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। गौरतलब है कि अश्विन उस समय शानदार फॉर्म में थे और टेस्ट क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के रूप में 537 विकेट लेकर विदा हुए। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिनके नाम 619 विकेट दर्ज हैं। ऐसे में कई लोगों का मानना था कि अश्विन के पास यह रिकॉर्ड तोड़ने का मौका अभी भी मौजूद था। अब संन्यास के कुछ समय बाद अश्विन ने अपने फैसले को लेकर खुलकर बात की है। मौजूद जानकारी के अनुसार उन्होंने कहा कि अपने करियर में निर्णय लेना उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है और वह अपने जीवन के फैसले खुद लेना पसंद करते हैं। उनके मुताबिक टीम संयोजन में लगातार बदलाव और मौके सीमित होने के संकेत उन्हें साफ तौर पर मिल रहे थे। अश्विन ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जब टीम में उन्हें और रविंद्र जडेजा के साथ स्पिन विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था और फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा, तब उन्हें एहसास हुआ कि अब नई पीढ़ी को मौका देने का समय आ गया है। उन्होंने साफ किया कि वह उन खिलाड़ियों में से नहीं हैं जो लंबे समय तक वापसी की उम्मीद में टीम के आसपास बने रहें। इस बातचीत में उन्होंने टीम के मौजूदा कोच गौतम गंभीर को लेकर भी अपनी राय रखी। बता दें कि पिछले कुछ समय से टीम चयन को लेकर पक्षपात के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन अश्विन ने इन बातों को खारिज करते हुए कहा कि एक कोच के रूप में गंभीर को अपनी रणनीति के हिसाब से फैसले लेने का पूरा अधिकार है।

# टी20 विश्व कप के लिए चुने जाते समय बाबर और फखर के अनफिट होने का संदेह



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चिकित्सा पैनल को संदेह है कि सीनियर खिलाड़ी बाबर आजम और फखर जमां टी20 विश्व कप टीम में चुने जाते समय शायद शत प्रतिशत फिट नहीं थे। पिछले हफ्ते प्रेस कांफ्रेंस में वरिष्ठ चयनकर्ता आकिब जावेद ने भी यही चिंता जताई थी और कहा था कि बोर्ड इस मामले की जांच करेगा। बोर्ड के करीबी सूत्र ने बताया कि ब्रिटेन में रहने वाले 'स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी एंड मेडिसिन' के सलाहकार डॉ. जावेद मुगल ने विश्व कप के बाद बाबर और फखर की जांच करने के बाद चिंताएं जाहिर की थी। डॉ. मुगल जनवरी में पीसीबी के चिकित्सा पैनल में 'स्पोर्ट्स एक्सरसाइज एंड मेडिसिन' निदेशक के तौर पर शामिल हुए थे। यह मामला तब सामने आया जब विश्व कप से लौटने के बाद बाबर ने पैर की मांसपेशियों में खिंचाव का हवाला देते हुए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में खेलने से मना कर दिया जबकि फखर भी इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहे थे। सूत्र ने कहा, ''जब बाबर की जांच की गई तो उनकी चोट शुरू में बताई गई चोट से अधिक गंभीर निकली जबकि फखर भी महीनों से इसी समस्या से जूझ रहे हैं।'' सूत्र ने बताया कि राष्ट्रीय चयन समित ने चिकित्सा पैनल को साफ कर दिया था कि उन्होंने पाकिस्तान टीम के फिजियो क्लिफ डीकन से मंजूरी मिलने के बाद ही बाबर और फखर को विश्व कप टीम में चुना था। आरोप लग रहे हैं कि डीकन ने पहले भी खिलाड़ियों के साथ अपने करीबी संबंधों के चलते उन्हें छोटी-मोटी चोटों के बावजूद खेलने की अनुमति दी थी।

# बांग्लादेश क्रिकेट में भूचाल!

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश द्वारा 2026 टी20 विश्व कप का बहिष्कार करने के फैसले पर आईसीसी ने कोई दंड नहीं दिया। लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की कड़ी जांच हो सकती है। बीसीसीआई द्वारा केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 टीम से बाहर करने का निर्देश देने के बाद, बांग्लादेश ने आईसीसी को अपने इस फैसले की जानकारी दी और अंततः स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह ले ली। आईसीसी के साथ कई बैठकों के बावजूद, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) किसी सहमति पर नहीं पहुंच सका और उसने टी20 विश्व कप में भाग लेने से इनकार कर दिया। अब खबर है कि खेल मंत्री अमीनुल हक एक समिति का गठन करेंगे, जो इस बात की जांच करेगी कि बांग्लादेश ने टूर्नामेंट में भाग क्यों नहीं लिया। हक ने जोर देकर कहा कि समिति इस बात की जांच करेगी कि क्या यह निर्णय खेल कूटनीति की विफलता का परिणाम था। टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी भारत और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से की थी। उन्होंने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि हम विश्व कप में क्यों नहीं जा पाए। हमें यह समझना होगा कि हमारी खेल कूटनीति में कहां कमी रह गई। ईद के बाद हम इस विषय पर एक जांच समिति का गठन करेंगे। हमें अपनी खेल कूटनीति को मजबूत करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में हम यह गलती न दोहराएं। हक ने यह भी दोहराया कि पिछले बीसीबी चुनावों में कथित अनियमितताओं, हेराफेरी और कदाचार की जांच के लिए गठित पांच सदस्यीय समिति 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। खेल मंत्री ने आगे कहा कि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, अंतिम निर्णय लेने से पहले वे आईसीसी से परामर्श करेंगे। बीसीबी ने सरकार को पहले ही चेतावनी दे दी थी कि वह उनके सिस्टम में दखल देना बंद करे।

# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधू



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है। पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था। उन्होंने कहा, ''मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते।'' सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी। इस खिलाड़ी ने कहा, ''आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।'' उन्होंने कहा, ''कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं।'' सिंधू ने कहा, ''सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें।'' तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधू ने कहा, हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

# सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बीसीसीआई कर सकती है बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में इस समय खिलाड़ियों के केंद्रीय कॉन्ट्रैक्ट को लेकर हलचल देखने को मिल रही है, क्योंकि हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपनी कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली में बड़ा बदलाव किया है। बता दें कि बोर्ड ने इस बार शीर्ष श्रेणी को ही हटा दिया, यह कहते हुए कि उस स्तर के लिए पर्याप्त खिलाड़ी मौजूद नहीं हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार इस फैसले के बाद अब बोर्ड अपने अनुबंध की रकम और संरचना पर दोबारा विचार कर सकता है, ताकि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। इस चर्चा के केंद्र में सबसे बड़ा नाम जसप्रीत बुमराह का है, जो पिछले कई वर्षों से सर्वोच्च श्रेणी में शामिल रहे हैं। गौरतलब है कि पहले की व्यवस्था में शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को सात करोड़ रुपये मिलते थे, जबकि उससे नीचे की श्रेणियों में क्रमशः पांच करोड़, तीन करोड़ और एक करोड़ रुपये का प्रावधान था। हालांकि इस बार बोर्ड ने नई सूची जारी करते समय रकम का खुलासा नहीं किया, जिससे खिलाड़ियों के बीच भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि शीर्ष श्रेणी के लिए वही खिलाड़ी पात्र माने जाते थे जो तीनों प्रारूपों में नियमित रूप से खेलते हों और विश्व रैंकिंग में शीर्ष दस में शामिल हों। लेकिन हाल के समय में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने कुछ प्रारूपों से संन्यास लिया, वहीं रविंद्र जडेजा भी एक प्रारूप से बाहर हो गए, जिससे यह श्रेणी लगभग खाली हो गई। ऐसी स्थिति में जसप्रीत बुमराह को भी इस बार एक स्तर नीचे रखा गया है, जबकि वह अब भी तीनों प्रारूपों में टीम के प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं। सूत्रों के अनुसार बोर्ड इस बात पर विचार कर रहा है कि बुमराह की अनुबंध राशि में कमी करना उचित नहीं होगा और इसके लिए अलग से समाधान निकाला जा सकता है।

# अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमला

## होर्मुज के पास गिराया 5000 पाउंड वजनी बम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार की तड़के ईरान पर कई बड़े हमले किए। अमेरिकी सेना ने बताया कि इन हमलों में 5,000 पाउंड (करीब

### मिसाइल ठिकाने बने निशाना

2267 किलोग्राम) वजनी डीप पेनेट्रेटर बमों का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इन हमलों में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटीय क्षेत्रों में स्थित कड़े सुरक्षा वाले मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के बयान में कहा गया कि इन ठिकानों पर मौजूद एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए खतरा बन रही थीं, इसलिए यह कार्रवाई की गई। इस बीच ईरान ने इजरायल के मध्य क्षेत्र में बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई।



**ईरान ने तेज किए अमेरिकी ठिकानों पर हमले**

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वायु रक्षा प्रणालियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों को रोका और लड़ाकू विमानों ने ईरानी ड्रोन्स को मार गिराया। राष्ट्रीय आपातकालीन संकट और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और आधिकारिक सूचनाओं का पालन करने की अपील की है। पूरे देश में सायरन बजते हुए सुनाई दिए, जिन्हें सफल इंटरसेप्शन ऑपरेशन का नतीजा बताया गया।

**खाड़ी देशों में बजते रहे सायरन**

बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी सायरन बजने की पुष्टि करते हुए नागरिकों और निवासियों से शांत रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। कुवैत में भी सेना ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब दे रही हैं और धमाकों की आवाजें इन्हीं इंटरसेप्शन की वजह से हैं।

# ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला

**तेल अवीव।** ईरान ने इजरायल के मध्य इलाके पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। सीएनएन की

### होर्मुज क्षेत्र में तनाव बढ़ा

रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने जानकारी दी कि रामत गन शहर में मिसाइल के टुकड़े गिरने से एक पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पैरामेडिक्स ने मौके पर पहुंचकर उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिसाइल का मलबा तेल अवीव के उत्तर में स्थित बेनी ब्रैक शहर में भी गिरा। यहां एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हमले के बाद इजरायल के होम फ्रंट कमांड ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सेना ने कहा है कि सुरक्षा निर्देशों का पालन करने से कई जानें बची हैं। बचाव दल उन जगहों पर पहुंच गए हैं जहां मिसाइलें गिरी थीं। फिलहाल लोगों को सुरक्षित जगहों (शेल्टर) से बाहर निकलने की अनुमति दे दी गई है। लेकिन साथ ही लगातार सतर्क रहने और सुरक्षा संबंधी आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह भी किया और भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहने को कहा गया है। इस बीच, इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ ऑपरेशन रोरिंग लायन तेज कर दिया है। इजरायली रायली वायुसेना ने हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चरों और उनके ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। सेना का कहना है कि उन्होंने उन लॉन्चरों को निशाना बनाया जो इजरायल पर हमला करने की तैयारी में थे। अब तक हिजबुल्लाह के सैकड़ों ठिकानों को नष्ट किया जा चुका है ताकि इजरायली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

## ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारी अब संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के ये अधिकारी ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। ईरान के स्कूल पर हमले का देना होगा जवाब हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी।

# ईरान युद्ध के बीच अमेरिका में गैस कीमतों में उछाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के तीसरे सप्ताह में ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ने लगा है, जिससे अमेरिका में पेट्रोल की कीमतों में तेज उछाल आया है। यह

### ट्रंप के लिए बढ़ी राजनीतिक चुनौती

स्थिति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए न सिर्फ रणनीतिक बल्कि घरेलू राजनीतिक चुनौती भी बनती जा रही है, क्योंकि बढ़ती महंगाई और जीवनयापन की लागत पहले से ही मतदाताओं के लिए प्रमुख चिंता का विषय है। ईरान के खिलाफ युद्ध के तीसरे सप्ताह में राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे फैसलों का सामना कर रहे हैं, जो उनके पूरे कार्यकाल को परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि सार्वजनिक मंचों पर वे इस युद्ध को लेकर दबाव में दिखाई नहीं देते। सोमवार रात व्हाइट हाउस में एक घंटे से अधिक लंबे संबोधन में उन्होंने युद्ध के अलावा केनेडी सेंटर के नवीनीकरण, व्हाइट हाउस बॉलरूम निर्माण, वर्ल्ड कप और अन्य घरेलू मुद्दों पर भी विस्तार से बात की। बीबीसी के अनुसार ट्रंप ने सप्ताहांत फ्लोरिडा स्थित अपने रिसॉर्ट में गोल्फ खेलते हुए बिताया और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर भी सुप्रीम कोर्ट जैसे मुद्दों पर उतना ही समय दिया, जितना ईरान युद्ध पर। इसके बावजूद संकेत मिल रहे हैं कि यह युद्ध अब लंबा खिंच सकता है, जबकि ट्रंप इसे पहले ही जीत लिया गया और पूरी तरह समाप्त बता चुके थे। सोमवार को ट्रंप ने घोषणा की कि युद्ध के कारण अप्रैल की शुरुआत में प्रस्तावित चीन यात्रा को एक महीने टाल दिया गया है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने कहा कि कमांडर-इन-चीफ के रूप में राष्ट्रति की सर्वोच्च जिम्मेदारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी की सफलता सुनिश्चित करना है।

**बढ़ती गैस कीमतें और घरेलू राजनीतिक दबाव**

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर अमेरिका के घरेलू मोर्चे पर दिख रहा है, जहां पेट्रोल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। एक महीने पहले जहां पेट्रोल की औसत कीमत 2.94 डॉलर प्रति गैलन थी, वह अब 3.72 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ऊर्जा कीमतों में लगातार वृद्धि ट्रंप के लिए गंभीर राजनीतिक खतरा बन सकती है।

**महंगाई और अफोर्डेबिलिटी एजेंडा पर असर**

अमेरिका में महंगाई दर में गिरावट के बावजूद आवास, खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें ट्रंप प्रशासन के अफोर्डेबिलिटी एजेंडा को कमजोर कर सकती हैं। क्लिफर्ड यंग के शब्दों में, यह पूरी रणनीति को पटरी से उतार सकता है।

# ईयू ने की पाकिस्तान की निंदा

## कहा- सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन



**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने काबुल में एक चिकित्सा सुविधा पर पाकिस्तानी हवाई हमले की निंदा किया। उन्होंने इसे पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष में एक घातक वृद्धि बताया है। यूरोपीय संघ ने दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय करने का आग्रह किया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि नागरिक और चिकित्सा सुविधाओं पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन करते हैं। यह बयान सोमवार रात को पाकिस्तानी हमले के बाद आया है, जिसमें काबुल के पुल-ए-चरखी इलाके में स्थित 2,000 बिस्तरों वाले ओमिद व्यसन उपचार अस्पताल को निशाना बनाया गया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

यूरोपीय संघ ने कहा, नागरिकों और चिकित्सा सुविधाओं को कभी भी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि वे जेनेवा सम्मेलन सहित अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत संरक्षित हैं। सैन्य अभियानों में शामिल सभी पक्षों का दायित्व है कि वे हर परिस्थिति में इन प्रावधानों का सम्मान करें। यूरोपीय संघ ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तत्काल युद्धविराम और बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ दिया।

# न्यू मैक्सिको के अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी

**अलमोगोर्डो।** न्यू मैक्सिको के एक अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी की घटना सामने के बाद हड़कंप मच गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया है। मिलिट्री अधिकारियों के अनुसार, आलामोगोर्डो के पास स्थित हॉलोमन एयर फोर्स बेस पर मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे गोली चलाने वाला हमलावर (एक्टिव शूटर) की सूचना मिलने के बाद पूरे बेस को लॉकडाउन कर दिया गया था। वहीं इस घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि इसके बाद सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और बेस सुरक्षित है। लॉकडाउन भी हटा लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल कोई खतरा नहीं है और आपातकालीन टीमें मौके पर काम कर रही हैं। फिलहाल, मारे गए और घायल हुए लोगों के नाम या घटना से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# ईरान युद्ध के बीच ट्रंप का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा

### कहा- नाटो की मदद की जरूरत नहीं, अमेरिका अकेला ही काफी

कि अमेरिका को ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में नाटो देशों की मदद की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य सफलता हासिल की है और वह किसी भी सहयोग के बिना भी अपने अभियान को आगे बढ़ा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि नाटो के कई सहयोगी देशों ने अमेरिका को साफ बता दिया है कि वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य



अभियान में शामिल नहीं होना चाहते। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस फैसले पर कोई हैरानी नहीं है।

उनके अनुसार नाटो लंबे समय से एकतरफा व्यवस्था बन गया है, जिसमें अमेरिका दूसरे देशों की सुरक्षा पर भारी खर्च करता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वही देश अमेरिका का साथ नहीं देते। ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका हर साल अरबों डॉलर खर्च कर नाटो देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके बावजूद जब अमेरिका को जरूरत होती है तो वही देश पीछे हट जाते हैं।

# खाड़ी देशों पर ईरान का हमला जारी

## सऊदी ने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलें नष्ट कीं

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 19वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी बीच सऊदी अरब ने आंकड़ा जारी कर बताया कि संघर्ष शुरू होने के बाद से उसने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलों को रोक दिया है। सऊदी रक्षा मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि ये हमले बहुत बड़े पैमाने पर और लगातार हुए हैं। पिछले तीन हफ्तों से सऊदी हवाई सुरक्षा बल लगातार सतर्क हैं। सऊदी अरब में सबसे ज्यादा हमले पूर्वी प्रांत की तरफ हुए, जहां देश के बड़े तेल रिफाइनरी हैं। इसके बाद शैबाह के तेल क्षेत्र और रियाद से 80 किलोमीटर दूर अल-खारज में प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइलें दागी गईं। हालांकि इतने हमले और बड़े पैमाने पर नुकसान के बाद भी ईरान का कहना है कि उसका लक्ष्य केवल अमेरिकी और इजरायली सैन्य ठिकाने हैं, न कि नागरिक या आर्थिक जगहें। लेकिन खाड़ी देशों की सरकारों ने इसे नकार दिया और कई देशों ने ईरानी राजदूतों को तलब कर विरोध जताया।

**खाड़ी के अन्य देशों की स्थिति भी गंभीर**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 165 से ज्यादा मिसाइलें और 541 ड्रोन हमले हुए। कुवैत पर 97 मिसाइल और 283 ड्रोन हमला किए गए। कतर और बहरीन भी कई बार हमलों की चपेट में आए। ओमान भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहा, ईरानी ड्रोन ने उसके दुक्म बंदरगाह को निशाना बनाया।

# ऑपरेशन सिंदूर की मार से नहीं उबर पा रहा पाक

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहा पाकिस्तान अभी तक ऑपरेशन सिंदूर की करारी मार से उबर नहीं पा रहा है। इसका बड़ा कारण है कि भारतीय सेना की कार्रवाई ने

### धर्म और जाति नहीं, अब पैसों की लालच से युवाओं को फंसा रहा

आतंकवाद के ढांचे को बड़ा झटका दिया है, जिसका सीधा असर आतंकी संगठनों की भर्ती पर पड़ा है। पहले जहां जैश और लश्कर जैसे संगठनों में आसानी से भर्ती होती थी, अब इसमें भारी गिरावट आई है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान अब नई रणनीति के तहत युवाओं को जोड़ने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हालात पहले जैसे नहीं रहे हैं।


रिपोर्ट्स बताती हैं कि इससे पहले जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों में भर्ती आसानी से हो जाती थी। हालिया खुफिया आकलन के मुताबिक, इन समूहों में भर्ती अब लगभग 30-40 प्रतिशत कम हो गई है। इससे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब भर्ती धर्म या विचारधारा नहीं, बल्कि पैसे के लालच पर ज्यादा आधारित है।

मीडिया रिपोर्टस में बताया गया जा रहा है कि आईएसआई अब किसी भी धर्म, जाति या विश्वास के युवाओं को भर्ती करने के लिए तैयार है। इसके लिए बड़े पैमाने पर युवाओं को ढूंढा और पैसे का लालच दिया जा रहा है। भर्ती में शामिल लोगों को उनके काम के हिसाब से 10,000 से 2,00,000 रुपये तक दिए जा रहे हैं।

खुफिया सूत्रों के अनुसार, अब आईएसआई पैसे और बेहतर जीवनशैली की लालच देकर युवाओं को आकर्षित कर रही है। इसका मुख्य निशाना छात्र और पैसे की जरूरत वाले लोग हैं, लेकिन हाल की जांच में यह भी पता चला कि अधिकतर लोग उच्च जीवन स्तर और विलासिता के लिए भर्ती हो रहे हैं।

**आईएसआई की नई रणनीति कितनी खतरनाक?**

इतना ही नहीं गौर करने वाली बात यह भी है कि आईएसआई की नई रणनीति पहले खालिस्तान नेटवर्क पर लागू की गई। पंजाब में नशे की समस्या का फायदा उठाकर युवाओं को पैसे देकर भर्ती किया जा रहा है, ताकि वे नशे के लिए पैसा खर्च कर सकें। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि यह भर्ती अभियान सिर्फ बढ़ने वाला है। इसका लक्ष्य पूरे भारत में नेटवर्क तैयार करना और आतंकवादी समूहों को लॉजिस्टिक और जासूसी सहायता देना है। सीमा इलाकों में पाकिस्तानी एजेंट सैनिकों और सैन्य ठिकानों की हरकत पर नजर रख रहे हैं। शहरों में यह भर्ती अभियान युवाओं को सरकारी और न्यायिक इमारतों, पुलिस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों की वीडियो शूटिंग के लिए भी शामिल कर रहा है। ऐसे में एक बात तो साफ हो गई है कि आईएसआई का उद्देश्य तुरंत हमला करना नहीं, बल्कि समय लेकर पूरे देश में जासूसी नेटवर्क और डेटा इकट्ठा करना है।




# ईरानी सरकारी मीडिया ने की अली लारीजानी और कमांडर सुलेमानी की मौत की पुष्टि

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार की देर रात बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी और अली लारीजानी की मौत की पुष्टि कर दी। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। इससे पहले इस्राइल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया था कि सुलेमानी और ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को एक रात पहले मार गिराया गया। दोनों नेताओं को जनवरी में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने वाला माना जाता था। इनकी मौत ऐसे समय में हुई है जब ईरान युद्ध जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। इजरायल-अमेरिका के जारी हमलों को इस्लामिक गणराज्य के लिए हाल के दशकों की सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। लारीजानी को देश के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है, खासकर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो



गई थी। लारीजानी पूर्व में संसद अध्यक्ष और वरिष्ठ नीति सलाहकार भी रह चुके थे। परमाणु वार्ता में भी उनकी भूमिका रही थी। जनरल सुलेमानी पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे, क्योंकि उन पर वर्षों से विरोध प्रदर्शनों को दबाने में भूमिका निभाने का आरोप था। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली सेना के हमलों पर कहा कि इनका उद्देश्य ईरान की सरकार को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से ईरान की जनता को अपनी स्थिति बदलने का अवसर मिल सकता है।

# शीज़ान खान हुए भावुक, छलके आंसू

**मुंबई।** ज़ी कुटुंब अवॉर्ड्स के मंच पर उस वक्त सपने, मेहनत और एक मां की अटूट हिम्मत का संगम देखने को मिला, जब 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान को अपने करियर का पहला अवॉर्ड मिला। जो पल खुशी का था, वो अचानक बेहद खास और भावुक बन गया, जब ज़ी कुटुंब टीम ने उनके लिए एक सरप्राइज़ प्लान किया। जैसे ही अवॉर्ड देने का समय आया, शीज़ान यह देखकर हैरान रह गए कि उनकी मां खुद स्टेज पर ट्रॉफी देने के लिए आ रही हैं। इस अनदेखे सरप्राइज़ ने उन्हें पूरी तरह चौंका दिया और कुछ पलों तक वो समझ ही नहीं पाए कि क्या हो रहा है। जैसे ही उन्हें एहसास हुआ कि उनकी जिंदगी का पहला अवॉर्ड उनकी मां के हाथों से मिलने वाला है, वो स्टेज पर ही भावुक हो गए। वो अपने जज़्बातों को संभाल नहीं पाए और उन्होंने बताया कि उस पल उनके दो सबसे बड़े सपने एक साथ पूरे हो गए, पहला अवॉर्ड मिलना और वो भी मां के हाथों से।

## अपनापन और खुशियां बांटने का त्योहार है ईद!

**मुंबई।** ईद उल फितर खुशियां मनाने, शुक्रगुज़ार होने और अपनेपन का त्योहार है। इस खूबसूरत मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने बताया कि उनके लिए यह त्योहार इतना खास क्यों है और वे इस खुशी के दिन को कैसे मनाते हैं। 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान कहते हैं, 'ईद हमेशा से मेरे लिए ऐसा त्योहार रहा है जो परिवार, साथ होने और शुक्रिया की अहमियत याद दिलाता है। मुझे ईद की जो बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह है इसका प्यार और एकता का भाव। यह ऐसा समय होता है जब हम रुककर सोचते हैं, शुक्रगुज़ार होते हैं और अपने आसपास के लोगों के साथ खुशियां बांटते हैं।' 'जगद्धात्री' में शिवाय का किरदार निभा रहे फरमान हैदर कहते हैं, 'रमज़ान अनुशासन, शुक्रिया और खुद को समझने का महीना है।'

# दहेज आज भी बड़ा सामाजिक मुद्दा- शुभांगी

**मुंबई।** ज़ी टीवी का लोकप्रिय शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान (सिद्धू) और अमनदीप सिद्धू (स्नेहा) लीड रोल में नजर आ रहे हैं, हमेशा से ही समाज के अहम मुद्दों को सामने लाता रहा है। कभी बेटे की चाहत जैसी सोच पर सवाल उठाता है, तो कभी यह दिखाता है कि लड़की होने की वजह से महिलाओं को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में चल रहे ट्रैक में 'गंगा माई की बेटियां' दहेज जैसे गहरे मुद्दे को सामने ला रहा है। कहानी में एक अहम मोड़ तब आता है, जब गंगा माई (शुभांगी लाटकर) को सहाना (सृष्टि जैन) की सास की भारी मांग को पूरा करने के लिए अपना घर गिरवी रखना पड़ता है। एक्टर शुभांगी लाटकर का कहना है कि दहेज आज भी एक बड़ा सामाजिक मुद्दा है और ऐसे हालात को निभाना एक्टर के लिए भी आसान नहीं होता। मालूम हो कि 'गंगा माई की बेटियां' रोज रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।



बाजार दर्पण

